संसेक्स 81,381.36 ● निफ्टी 24,964.25 ● डॉलर 84.14 ₹ ● सोना 76,550 ₹ ● चांदी 99,990 ₹

पेज 06 स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को...

पेज 08 दो बाइक की टक्कर में 4 की मौत

पारा आपडेट
मैक्सिमम 31.00
मिनीमम 21.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.24
सूर्योदय (कल) ▸ 05.44

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी संवत 2082

पेज 12

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, सोमवार 14 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 102 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

संक्षिप्त

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज सौंपेंगे सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड अनुबंध आधारित 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देंगे। यह कार्यक्रम धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन के सभागार में सुबह 11:30 बजे से शुरू किया जाएगा।

कैबिनेट की बैठक आज

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले हेमंत सरकार ने 14 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक बुलायी है। यह बैठक दिन के 12 बजे से शुरू होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि यह मौजूदा सरकार के कार्यकाल का अंतिम बैठक होने वाला है। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग जल्द कर सकता है। इसलिए ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि सोमवार को हेमंत सोरेन सरकार की इस कैबिनेट में कई लोकलुभावन फैसले लिये जा सकते हैं। यह छह दिनों के अंदर में सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक है। इससे पहले 8 अक्टूबर को भी कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी थी, जिसमें 81 प्रस्तावों पर मुहर लगी थी।

जम्मू-कश्मीर के डोडा में आया 4.3 तीव्रता का भूकंप

डोडा। रविवार सुबह जम्मू-कश्मीर के डोडा में 4.3 तीव्रता के भूकंप के जटके मेसूस किये गये। जिसका केंद्र डोडा जिले के गुंडोह इलाके में रहा। भूकंप ने पूरे क्षेत्र को सुबह 6.14 पर हिला दिया। डोडा शहर के एक निवासी ने कहा कि हम अक्सर अपने घर पर इस तरह के मध्यम भूकंप महसूस नहीं करते हैं लेकिन आज इसने हम सभी को जगा दिया। भूकंप के झटके ने किसी को भी अपने घरों से बाहर निकलने मौका नहीं दिया। पिछले कुछ सालों से चिनाब घाटी में लगातार भूकंप आते रहे हैं और विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के मध्यम भूकंप से दबाव कम होता है और किसी बड़े भूकंप की संभावना कम हो जाती है। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा पर रवाना

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों-अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर रविवार को रवाना हुईं। राष्ट्रपति मुर्मू 13 से 19 अक्तूबर तक इन देशों की यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यात्रा का पहला चरण अल्जीरिया से शुरू होगा, फिर मॉरिटानिया और मलावी में खत्म होगा। यह भारत के राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा होगी और 39 वर्षों के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष स्तर की यात्रा होगी। उनकी यात्रा का अगला चरण मॉरिटानिया होगा। 1960 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से भारत से इतने उच्च स्तर के किसी व्यक्ति के इस अफ्रीकी राष्ट्र का दौरा करने का यह पहला अवसर है। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू, मलावी के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 17 अक्टूबर को मलावी पहुंचेंगी। 19 अक्टूबर को वे मलावी से भारत के लिए रवाना होंगी।

बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गिरफ्तार गुरमेल सिंह पुलिस कस्टडी में

- दूसरे आरोपित की उम्र की जांच का आदेश, चौथे आरोपित की भी हुई पहचान

एजेंसी

मुंबई। राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपितों में से एक गुरमेल बलजीत सिंह (23) को कोर्ट ने रविवार को 21 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। दूसरे आरोपित धर्मराज राजेश कश्यप (उम्र 19) ने कोर्ट में खुद को नाबालिग बताया है, इसलिए उसकी सही उम्र की जांच करने का आदेश कोर्ट ने पुलिस को दिया है।

मुंबई पुलिस ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कुल चार आरोपित शामिल थे, जिनमें से दो को पुलिस ने दो पिस्तौल और 28 कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है, जबकि शिव कुमार गौतम उर्फ शिवा (20) और मोहम्मद जीशान अख्तर फरार हैं। पुलिस ने कोर्ट में दावा किया है कि मोहम्मद जीशान अख्तर ने ही हथियार उपलब्ध करवाया था। बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपितों का मेडिकल टेस्ट करवाकर पुलिस ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष पेश किया। कोर्ट में पुलिस ने बताया कि आरोपितों के संबंध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर हो सकते हैं, इसलिए दोनों को 14 दिनों तक पुलिस कस्टडी दी जाए।

आरोपितों की ओर से पेश वकील ने कोर्ट से कहा कि धर्मराज कश्यप की उम्र सिर्फ 17 वर्ष है, इसलिए उसे पुलिस कस्टडी में न भेजा जाए। सरकारी वकील ने धर्मराज का आधार कार्ड कोर्ट में पेश किया, जिसके आधार पर उसकी उम्र 19 वर्ष हैं। आधार कार्ड पर उसकी जन्म तिथि 1 मार्च, 2003 दर्ज हैं। हालांकि, कोर्ट ने धर्मराज कश्यप की उम्र की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने गुरुनेल सिंह को 21 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जिम्मेदारी, सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

नई दिल्ली। कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। गैंग की तरफ से एक फेसबुक पोस्ट वायरल हो रहा है। जिसमें गैंग ने दावा किया है कि वे सलमान खान से कोई झगड़ा नहीं चाहते थे लेकिन बाबा की हत्या की वजह उनका दाऊद इब्राहिम और अनुज थापन के साथ जुड़ाव था। बिश्नोई गैंग की तरफ किए गए पोस्ट में कहा गया है, 'जीवन का मूल समझता हूं, जिस्म और धन को मैं धूल समझता हूं। किया वही सत्कर्म था, जो निभाया मित्रता का धर्म था।'
बिश्नोई गैंग ने फेसबुक पोस्ट में कहा, 'सलमान खान हम ये जंग चाहते नहीं थे। पर तुमने हमारे भाई (लॉरेंस बिश्नोई) का नुकसान करवाया। आज जो बाबा सिद्दीकी की शराफत के पुल बांधे जा रहे हैं, वो एक टाइम में दाऊद के साथ मकोका एक्ट में था। इसके मरने का कारण अनुज थापन और दाऊद को बॉलीवुड, राजनीति, प्रॉपर्टी डीलिंग से जोड़ना था।' पोस्ट में आगे लिखा गया है कि 'हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, पर जो भी सलमान खान और दाऊद गैंग की हेल्प करेगा, अपना हिसाब-किताब लगा के रखना। हमारे किसी भी भाई को कोई भी मरवाएगा, तो हम प्रतिक्रिया जरूर देंगे। हमने पहले वार कभी नहीं किया।' पुलिस सूत्रों की मानें तो घटना के बाद से ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग के ऊपर शक जताया जा रहा था। वहीं इस पोस्ट के बाद मामला साफ हो गया है। फिलहाल पुलिस लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ कर आगे की जांच करेगी।

गढ़वा में प्रतिमा विसर्जन के दौरान बवाल, पथराव में एएसपी घायल

- पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले और किया लाठीचार्ज, माहौल तनावपूर्ण

संवाददाता

गढ़वा। मां दुर्गा के मूर्ति विसर्जन को लेकर गढ़वा में फिर बवाल हो गया। विसर्जन को लेकर विवाद की दूसरी घटना भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी गांव में रविवार को दोपहर बाद हुई। विसर्जन जुलूस को लेकर यहां विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठी चार्ज करना पड़ा। अपुष्ट खबरों के अनुसार पुलिस ने फायरिंग भी की है। ग्रामीणों ने भी पुलिस पर जमकर पथराव किया। इस घटना में गढ़वा के एएसपी राहुल बड़ाईक सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। एएसपी को सिर में चोट लगी है। बावल की खबर के बाद गढ़वा से एसपी दीपक पांडे भी मदगड़ी गांव में पहुंचे। वहां देर शाम तक तनाव की खबर है। ग्रामीण दुर्गा मूर्ति विसर्जन को तैयार नहीं हैं।

बताया जाता है कि ग्रामीण बृजेश्वर साहू के घर के रास्ते से मूर्ति विसर्जन जुलूस निकालना चाह रहे हैं लेकिन इस रास्ते में दूसरे समुदाय के तीन-चार लोगों के घर हैं। ये लोग इस रास्ते से जुलूस निकालने से रोक रहे हैं। रास्ता रोके जाने के बाद ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया और मूर्ति विसर्जन से इनकार कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद गढ़वा से एएसपी राहुल पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझने की कोशिश की लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। उनका कहना था कि हमलोग बृजेश्वर साहू के घर के रास्ते से ही जुलूस लेकर जाएंगे। दो-तीन लोगों के विरोध के कारण वह जुलूस का विसर्जन नहीं करेंगे क्या। बात इतनी बढ़ गई कि ग्रामीण उग्र हो गए।

ग्रामीणों ने पुलिस पर किया पथराव, पुलिस ने लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की ओर से पहले आंसू गैस के गोले छोड़े गए। फिर लाठीचार्ज किया गया। लाठीचार्ज के बाद भगदड़ मच गई। इसी गांव के रहने वाले भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो का कहना है कि पुलिस ने लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा है, जिससे कई लोग घायल हो गए हैं। फायरिंग भी की गई है, जिससे एक युवा घायल हुआ है। मदगड़ी गांव में भारी तनाव है। लोग मूर्ति विसर्जन को तैयार नहीं हैं। एसपी दीपक पांडे ग्रामीणों को समझने का प्रयास कर रहे हैं।

1814 करोड़ के एमडी ड्रग्स मामले में बड़ा खुलासा

शोएब लाला के जरिए कई राज्यों में हो रही थी तस्करी

- शोएब ने उप्र के प्रतापगढ़ जिले में बना रखा ड्रग्स का सप्लाई सेंटर

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र में बंद पड़ी फर्नीचर फैक्टरी में अवैध रूप से एमडी ड्रग्स बनाने वाले तस्करों के तार देश के आधा दर्जन राज्यों के बड़े तस्करों से जुड़े हैं। मंदसौर के रहने वाले हरीश आंजना के राजस्थान निवासी दोस्त शोएब लाला ने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में सप्लाई का सेंटर बना रखा था। दो खेप माल भोपाल की फैक्टरी में तैयार करके प्रेमसुख पाटीदार के जरिए शोएब लाला तक हरीश आंजना ने पहुंचाया था। शोएब लाला प्रतापगढ़ में बनाए गए सप्लाई सेंटर से देश के अन्य राज्यों में एमडी ड्रग्स की तस्करी करता था।

यह खुलासा रविवार को मंदसौर पुलिस की गिरफ्त में आए प्रेमसुख पाटीदार ने पूछताछ में किया है। दरअसल, भोपाल में पकड़ी गई 1814 करोड़ की ड्रग्स के मामले में आरोपित प्रेमसुख पाटीदार ने दो दिन पूर्व अफजलपुर थाने में खुद को गोली मार कर सरेंडर कर दिया था। वह बुरी तरह से घायल हो गया था। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करा रखा है, जहां उसका उपचार चल रहा है। फिलहाल उसकी स्थिति खतरे के बाहर है। रविवार को मामले में एनसीबी और मन्दसौर पुलिस की टीम एसडीओपी कीर्ति बघेल के साथ ड्रग मामले में आरोपित प्रेमसुख पाटीदार के ग्राम हतुनिया स्थित घर पहुंची, जहाँ पर पुलिस ने घर की तलाशी ली एवं आस पास के पड़ोसियों एवं रिश्तेदारों से पूछताछ की।

गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात एटीएस ने बगरोदा में एमडी ड्रग्स और इसे बनाने की कच्ची सामग्री पकड़ी थी। इसकी कीमत दोनों एजेंसियों ने 1814 करोड़ रुपये आंकी है। इस दौरान दो आरोपित आरोपितों अमित चतुर्वेदी और सान्याल बाने को गिरफ्तार किया गया था।

हरियाणा में सरकार गठन को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक 16 को

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सभी विधायकों को दो दिन के लिए चंडीगढ़ बुलाया

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा में नई सरकार के गठन की तैयारी हो चुकी है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी और मंत्रियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम तय होने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने 16 अक्टूबर को चंडीगढ़ में विधायक दल की बैठक आहूत की है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना जाएगा।

भाजपा 17 अक्टूबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की सफलता को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी में जुटी है। रविवार को दिनभर पंचकूला में पार्टी के आला नेताओं की बैठक चलती रही। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले नेताओं को आमंत्रण भेजे जा रहे हैं। दूसरे राज्यों के जिन मुख्यमंत्रियों की स्वीकृति आ चुकी है उनके अनुसार यहां पर प्रबंध किए जा रहे हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार अभी तक असम, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान के मुख्यमंत्रियों की स्वीकृति आ चुकी है। केंद्रीय मंत्रियों का कार्यक्रम मंगलवार तक पहुंचेगा। समारोह स्थल पर प्रोटोकॉल के अनुसार बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

कार्यक्रम के अनुसार 16 अक्टूबर को विधायक दल की बैठक होगी। इसमें पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना जाएगा।

हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे बंगलादेश सरकार : भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने शनिवार को बंगलादेश की राजधानी ढाका में एक दुर्गा पूजा पंडाल पर पेट्रोल बम हमले और सतखीरा के एक मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से भेंट किये गये देवी काली के सोने के मुकुट की चोरी की खबरों को निंदनीय करार दिया देते हुये वहां की सरकार से अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के लोगों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये हमले वर्तमान में देखे जा रहे मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने तथा नुकसान पहुंचाने के एक व्यवस्थित पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हमने ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। ये निंदनीय घटनायें हैं। वे मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने और नुकसान पहुंचाने के एक व्यवस्थित पैटर्न का पालन करते हैं, जिसे हम पिछले कई दिनों से देख रहे हैं।' मंत्रालय ने कहा, 'हम बंगलादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों तथा उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं, खासकर इस शुभ त्योहार के अवसर पर।'

उल्लेखनीय है कि ढाका के तांती बाजार इलाके में शुक्रवार को एक दुर्गा पूजा मंडप पर पेट्रोल बम फेंका गया। सीसीटीवी फुटेज में युवकों का एक समूह देवी दुर्गा की मूर्ति पर पेट्रोल बम फेंकते और बगल के द्वार से भागता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने उन श्रद्धालुओं पर भी चाकू से हमला किया, जिन्होंने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिसके कारण पांच लोग घायल हो गये।

ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को श्री मोदी द्वारा 2021 में बंगलादेश की अपनी यात्रा के दौरान सतखिरा में जेशोरेश्वरी काली मंदिर को भेंट किये गये सोने की परत वाले मुकुट की चोरी पर गहरी चिंता व्यक्त की। भारतीय उच्चायोग ने बंगलादेश की अंतरिम सरकार से चोरी की जांच करने और मुकुट को बरामद करने तथा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। एक अन्य घटना में कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी की छात्र शाखा इस्लामिक छात्र शिविर के सदस्यों ने बंगलादेश के चटगांव के जे एम सेन हॉल में एक प्रसिद्ध दुर्गा पूजा मंडप में सांस्कृतिक कार्यक्रम की आड़ में इस्लामी गीत गाना शुरू कर दिया। इसके कारण हजारों हिंदुओं ने विरोध प्रदर्शन किया और अपराधियों को सजा देने की मांग की।

कारोबार देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 7 के मार्केट कैप गिरे

सात कंपनियों के मार्केट कैप में 1.22 लाख करोड़ की गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 7 के मार्केट कैप में करीब 1.22 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। मार्केट कैप में गिरावट होने के मामले में सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। सोमवार से शुक्रवार के बीच के कारोबार में टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 35,638.16 करोड़ रुपये घट कर 15,01,723.41 करोड़ रुपये हो गया।

इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 21,351.71 करोड़ रुपये घट कर 18,55,366.53 करोड़ रुपये हो गया। इस सप्ताह मार्केट कैप में गिरावट का सामना करने वाली तीसरी कंपनी आईटीसी रही। आईटीसी का मार्केट कैप 18,761.40 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 6,10,933.66 करोड़ रुपये रह गया। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 16,047.71 करोड़ रुपये कम होकर 6,53,315.60 करोड़ रुपये रह गया। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम का मार्केट कैप 13,946.62 करोड़ रुपये घट कर 6,00,179.03 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 11,363.35 करोड़ रुपये घट कर 8,61,696.24 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 4,998.16 करोड़ रुपये कम हो कर 12,59,269.19 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

दूसरी ओर भारती एयरटेल का मार्केट कैप 26,330.84 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,60,435.16 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंफोसिस का मार्केट कैप 6,913.33 करोड़ बढ़ कर 8,03,440.41 करोड़ रुपये के स्तर पर और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 3,034.36 करोड़ बढ़ कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज में सबसे अधिक गिरावट

मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,55,366.53 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 15,01,723.41 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 12,59,269.19 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,60,435.16 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 8,61,696.24 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 8,03,440.41 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,13,968.95 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 6,53,315.60 करोड़ रुपये), आईटीसी (कुल मार्केट कैप 6,10,933.66 करोड़ रुपये) और एलआईसी (कुल मार्केट कैप 6,00,179.03 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा बढ़ाई गई

एजेंसी

मुंबई। बांद्रा में पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के बंगले पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी तरह मालाबार हिल क्षेत्र में अन्य मंत्रियों के बंगलों के बाहर भी गश्त बढ़ा दी गई है। मुंबई पुलिस ने आज सुबह ही बांद्रा में फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर भी गश्त बढ़ा दी थी।

बांद्रा के खेरवाड़ी इलाके में शनिवार रात को राकांपा (एपी) के नेता बाबा सिद्दीकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी फिल्म अभिनेता सलमान खान के करीबी थे, इसलिए पुलिस ने तत्काल सलमान खान के आवास पर पुलिस गश्त बढ़ा दी थी। हत्या के 28 घंटे बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप और अनमोल बिश्नोई को हैशटैग किया गया है। लॉरेंस फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में है।

बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी करते हुए किए गए सोशल मीडिया के पोस्ट में अनुज थापन का भी नाम है। इसी वजह से इस सोशल के पोस्ट के बाद मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री के आवास के बाहर दोपहर बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है और मंत्रियों के आवास के बाहर गश्त बढ़ाई गई है।

संक्षिप्त खबरें

संजय सेठ ने जवानों के साथ मनाया विजयदशमी

रांची। विजयदशमी के पावन अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रामगढ़ छावनी परिषद पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में शस्त्र पूजन की साथ ही जवानों को मिठाई खिलाकर विजयदशमी का त्योहार उनके साथ मनाई । इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा पूरे भारतवर्ष को अपने सैनिकों पर गर्व है हमारी सेना ने देश की हर परिस्थिति में शांति स्थापित करने सेवा करने में जो समर्पण दिखाया है वह अद्भुतीय है । आज यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे वीर सैनिकों के साथ विजयदशमी पर्व मनाने का मौका मिला है। आज भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व गति और मजबूती प्रदान की है आज हमारी सेना बहुत मजबूत हुई है। रक्षा के क्षेत्र में भारत दुनिया में मजबूत हुआ है भारत रक्षा के उत्पादन मे काफी आगे बढ़ चुका है हम कई देशों को अपने देश में बने हथियार दूसरे देशों को दे रहे हैं आज भारत रक्षा के क्षेत्र में काफी आगे निकल चुका है। रक्षा के क्षेत्र में आज भारत 70% आत्मनिर्भर हो चुका हैं। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने छावनी परिषद स्थित गुरुद्वारा भी गए वहां माथा टेका और सभी लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं दी।

युवा दस्ता के सदस्यों ने किया पूजा समितियों के पदाधिकारियों का सम्मान

रांची। रांची लेक में प्रतिमा विसर्जन करने आये पूजा समितियों के पदाधिकारियों का स्वागत युवा दस्ता के पदाधिकारियों ने माला चुन्नी, अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर संस्था के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि श्री दुगार्पूजा मोहत्सव में मां भवानी के दर्शन करने आए लाखो की संख्या में दर्शनार्थियों , श्री दुगार्पूजा मोहत्सव को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए दुगार्पूजा आयोजक समिति एवं युवा दस्ता के सभी सदस्यों एवं के प्रति आभार व्यक्त किया । श्री मिश्रा ने बताया कि दुगार्पूजा को सम्पन्न कराने में युवा दस्ता ने अहम भूमिका निभाई । पूजा के दौरान सेवा कार्य में विभिन्न क्षेत्रों में जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर दर्शन करने आए सभी दर्शनार्थियों के बीच कड़ी का काम किया। इसमें युवा दस्ता के 529 सदस्यो ने सेवा दी एवं 156 बिछड़े हुए बच्चो एव बुजुर्गों को अपने परिवार से मिलाने का काम किया। इस मौके पर राजेश गुप्ता छोटू , लंकेश सिंह, गोपाल पारीक, कैलाश पारीक, राकेश सिंह, मंटू दुबे, राजेश राम, सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

श्री कृष्ण प्रणामी का 171 वां भंडारा संपन्न

रांची। श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रष्ट की ओर से रविवार को पुंदाग स्थित निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे 171 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन पापांकुशा एकादशी व्रत एव दशहरे के मौके परराजेंद्र प्रसाद अग्रवाल बिजय,नवल योगेश नितिन श्रेष्ठ एव अग्रवाल परिवार के सौजन्य से किया गया। जहां पर आस-पास के श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों, सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रहने वाले मंदबुद्धि प्रभु जी एवं उनके देखरेख करने वाले सेवा राहगीरों एवं बच्चों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, मनोज कुमार चौधरी, बिजय अग्रवाल, पंकज पोद्दार, रंजीत गाडोदिया, बिष्णु सोनी, विशाल जालान, मनीष सोनी, सुरेश कुमार अग्रवाल,ओम प्रकाश सरावगी, शिवभगवान अग्रवाल,संजय अग्रवाल,चंद्रदिप साहु, महेश वर्मा,अशोक ठाकुर,परमेश्वर साहु महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल,संतोष देवी अग्रवाल, पुनम अग्रवाल के अलावा कई अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

हमें अपने जीवन में बुराई पर अच्छाई की जीत हासिल करनी चाहिए: सुबोधकांत

रांची। राजधानी के एचईसी शालीमार बाजार में शनिवार को रावण दहन समारोह समिति द्वारा रावण दहन किया गया। इस मौके पर झारखंड के वित्त मंत्री डा रामेश्वर उरांव,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रावण दहन समारोह समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, अध्यक्ष संजीत यादव, महासचिव अभिषेक साहू,समाजसेवी शोभा यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू के द्वारा रावण व कुंभकरण की 75 फीट से अधिक ऊंचे पुतले का दहन किया गया। इस मौके पर श्री उरांव ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आईए इस अवसर पर हम सब लोग अधर्म और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का संकल्प लें। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा रावण दहन हमें याद दिलाता है कि हमेशा सत्य और धर्म के राह पर चलना चाहिए। रावण दहन के पूर्व लगातार 2 घंटे से अधिक समय तक आतिशबाजी की गई।

राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं

रांची। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं। वे यहां एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने यह जानकारी दी। दिल्ली से रांची लौटते ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहयोगियों के साथ संविधान सम्मान सम्मेलन के लिए संभावित कार्यक्रम स्थल कार्निवल सभागार का निरीक्षण किया। उनके साथ शशिभूषण राय, विनय कुमार दीपू, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रवक्ता जगदीश साहू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे।

खाना देने में देर हुई तो बेटे ने मां को मार डाला

रांची। चान्हो के मसमानो में शनिवार की रात नशे में चून सनकी बेटे ने अपनी मां की हत्या कर शव को घर के आंगन में दफना दिया, जानकारी के बाद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात में सागर कुजूर नशे की हालत में घर आया उसके बाद अपनी मां सुशीला कुजुर से खाना मांगा, खाना देने में मां ने थोड़ी देर कर दी जिससे बेटा सनक उठा और मां की लाठी से बुरी तहर पीटाई शुरु कर दी,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। बाद में सागर ने घर के आंगन में ही गड्ढा खोदा और उसके में दफन कर दिया। बाद में गांव वालों ने मामले की सूचना चान्हो थाने की पुलिस को दी, पुलिस मौके पर पहुंच कर गांव वालों से जायजा लेने के बाद गड़े हुए शव का बाहर निकलवाया उसके बाद हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

पुलिस ने चोरी के प्रयास में दो को पकड़ा

रांची। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि पतरातू पुलिस ने बाइक चोरी करने के प्रयास में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना तालाटांड़ गांव के निकट हुई, जहां तीन लोगों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर उसकी बाइक लूटने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया और लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तक उन्हें दौड़ाया। इस दौरान एक आरोपी भागने में सफल रहा, जबकि मोहम्मद अमन और इरफान अंसारी को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक लाल काला अपाची बाइक, दो एंड्राइड मोबाइल फोन और एक फोल्डेबल चाकू बरामद किया गया।

रांची में मां दुर्गा सहित अन्य मूर्तियों को विसर्जित कर दी गयी अंतिम विदाई

संवाददाता

रांची। नवरात्र के 10 दिनों तक चलने वाले दुर्गा उत्सव का समापन मां भवानी के विसर्जन विदाई शोभा यात्रा के साथ संपन्न हुआ। राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडाल में विराजित मां की प्रतिमा का विदाई विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। रांची के बड़ा तालाब में भक्तों ने मां दुर्गा को नम आखों से अंतिम विदाई दी।

मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, भगवान गणेश, कार्तिकेय और असुर राज महिषासुर के मूर्ति को बड़े वाहनों पर विराजमान कर शहर के विभिन्न क्षेत्र से भ्रमण करते हुए शहर के विभिन्न जलाशयों में विसर्जित की जा रही है। इसी क्रम में अल्बर्ट एक्का चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के जरिये भी मां की विदाई विसर्जन शोभा यात्रा काफी भव्य रूप से निकाली गई। शोभा यात्रा का आकर्षण विसर्जन शोभा यात्रा डोली में निकाला जाना बेहद ही आकर्षण रहा। शोभा यात्रा में मातृ शक्ति की प्रधानता के साथ महिलाएं घोड़े पर सवार हो हाथों में वीरता का प्रतीक तलवार लेकर इस शोभा यात्रा में शामिल रही। आकर्षक रूप से बुलेट पर सवार हो वीरांगना मां के विसर्जन विदाई में शामिल हुई। वही रथ पर भगवान का दरबार लगाया गया। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं सदस्य भजन, ढोल और ताशा के धुन पर झूमते गाते मां का जयकारा के साथ मां की विदाई में शामिल हुए। इस मौके पर एसडीएम और कोतवाली डीएसपी के साथ कोतवाली थाना प्रभारी, हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे ।

राज्य में 15 अक्टूबर को होगी बारिश

संवाददाता

रांची। राज्य में राजनीतिक सरगर्मी के साथ मौसम भी करवट ले रहा है। राज्य में मौसम में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम केंद्र ने 15 अक्टूबर को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में हल्के से मध्यम दर्जे के बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर रांची, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में देखने को मिलेगा।

इसके साथ 16 से 18 अक्तूबर तक राज्य के पांच जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में देखने को मिलेगा। पिछले 25 घंटे में सरायकेला-खरसांवा, गुमला के बिशुनपुर में बारिश हुई। राज्य के कई हिस्सों से दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून की विदाई हो चुकी है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले पांच दिनों तक तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है जबकि 14 अक्टूबर को मौसम शुष्क रहेगा। आसमान भी साफ रहेगा। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान देवघर में रिकॉर्ड किया गया।

न्यूनतम तापमान राजधानी रांची में दर्ज किया गया।

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून बिहार, झारखंड, पूरे पश्चिम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों से वापस चला गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, ओडिशा के कई हिस्से और असम व मेघालय के कुछ हिस्से, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून बिहार, झारखंड, पूरे पश्चिम बंगाल और सिक्किम के शेष हिस्सों से भी मॉनसून वापस चला गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्से, ओडिशा के कई हिस्से, असम और मेघालय के कुछ हिस्से, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी से भी मॉनसून की वापसी हो चुकी है। वहीं, 14 अक्टूबर के आसपास दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

जमीन के झगड़े में अशोक सिंह की हत्या

संवाददाता

रांची। छोटी जमीन के टुकड़े के झगड़े ने अशोक सिंह की जान ले ली। पुलिस ने मृतक अशोक सिंह के बेटे सुशांत कुमार सिंह के बयान पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

जिसमें से पांच आरोपियों को फिलहाल जेल भेज दिया गया, बाकी की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी है। मालूम हो कि चान्हो थाना के ग्राम मसमानों में शुक्रवार की शाम करीब 5.30 बजे अज्ञात हमलावरों के द्वारा पीछे से धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गयी। जानकारी केमुताबिक अशोक सिंह खेत में बंधे अपने जानवर को लाने के लिए गये थे उसी दौरान उन्हें पीछे से किसी ने हमला कर दिया जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मृत्यू हो गयी। इनकी हत्या के आरोप में चान्हो थाने की पुलिस ने पांच लोगों कय्यूम अंसारी,आबिद अंसारी, इम्तियाज अंसारी मुमताज अंसारी और तबरेज अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, अन्य कई नामजद लोगों की पुलिस तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मृतक अशोक सिंह और कय्यूम अंसारी के बीच जमीन के एक छाटी सी टुकड़े के लिए कई साल से झगड़ा चला आ रहा है। शुक्रवार की घटना इसी झगड़े का कारण माना जा रहा है। कय्यूम अंसारी का पुर्वज अशोक सिंह के दादा से कुछ जमीन खरीदी थी, जिस जमीन पर फिलहाल कुछ सालों से थोड़ा आगे थोड़ा पीछे की बात पर झगड़ा चल रहा था एक सप्ताह पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था, जिसके बाद दोनों पक्षों के साथ थाने में बठक भी हुई थी। उसके बाद शुक्रवार की शाम में अशोक सिंह की हत्या कर दी गयी।

धनवार स्टेशन पर रुकेगी गोड्डा नई दिल्ली साप्ताहिक ट्रेन

रांची। जनता की मांग को देखते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रेल मंत्री से गोड्डा नई दिल्ली साप्ताहिक ट्रेन का ठहराव धनवार स्टेशन पर करने केलिए अनुरोध किया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मरांडी ने इस संबंध में बातचीत की और गोड्डा से दिल्ली के लिए गिरिडीह-कोडरमा होकर चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन का ठहराव उनके विधानसभा क्षेत्र धनवार में कराने का अनुरोध किया।

राज्यपाल से मिले लोजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान

रांची। लोक जनशक्ति पार्टी आर के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की।मुलाकात के बाद बिरेन्द्र प्रधान ने कहा कि यह औपचारिक भेंट थी, जिसमें राज्य के विकास और रोजगार के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने राज्यपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि संतोष गंगवार एक अनुभवी नेता हैं, जिन्होंने आठ बार लोकसभा चुनाव जीता है और कई बार केंद्रीय मंत्री के रूप में सेवाएं दी हैं। उनके अनुभव से राज्य को फायदा होगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विजय प्रधान, प्रवक्ता उमेश तिवारी और आईटी सेल अध्यक्ष अभिषेक राय भी मौजूद थे।

छत के उपर लगे मोबाइल टावर में लगी आग

मची हड़कंप, पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी,टला खतरा

वरीय संवाददाता

रांची। अलबर्ट एक्का चौक के नजदीक राम कृष्ण अपार्टमेंट के उपर लगे मोबाइल टावर से पहले निकली चिनगारी उसके बाद लगी आग से आस पास में कुछ देर के लिए हड़कंप का माहौल हो गया। लेकिन बाद में आग की लपटों को देखते ही अपार्टमेंट की बिजली कनेक्शन को काट दिया गया जिससे खतरा कम हो गया। कुछ देरे के बाद लोगों की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गयी उसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलायी गयी जिससे आग पर काबू पाया जा सका। टावर से निकल रहे आग की चिनगारी आस पास के अपार्टमेंट की छत में गिरने लगी जिसे देख लोग दहशतजदा हो गये। लेकिन सही वक्त पर इस पर काबू पा लिया गया जिससे कोई बड़ी घटना नहीं घटी।

इधर श्रद्धानंद रोड में टीटी टावर के पास लगे ट्रांस फार्मर के में भी शॉट शर्किट के बाद आग लग गयी जिससे आस पास के दुकानदारों में दहशत हो गया। आनन फानन में लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों साहित कोतवाली थाने की पुलिस को सूचना दी उसके बाद वहां की लाइल काट कर आग पर काबू पाया गया।

स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक इसी ट्रांसफार्मर में इससे पहले दो बार और आग लग चुकी है। उस वक्त भी आग से बड़ी घटना होने से बच गयी थी आज यह तीसरी बार वहां आग लगी।

झामुमो की केंद्रीय और भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आज, चुनावी सरगर्मी हुई तेज

झामुमो और भाजपा अपनी रणनीतियों को लेकर करेगी बैठक

भाजपा की दो अहम बैठक भी प्रदेश कार्यालय में होनी तय है

संवाददाता

रांची। झारखंड में शक्ति की देवी दुर्गा की उपासना का पर्व रविवार को समापन हो गया अब आज से राजधानी में झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज होने वाली है। चुनाव को लेकर आज सोमवार को विधानसभा चुनाव को देखते हुए झामुमो और भाजपा अपनी रणनीतियों को लेकर बैठक होगी।

इसी कड़ी में झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक आज दिन के 11-30 बजे से हरमू स्थितद सोहराय भवन में होगी। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। केंद्रीय समिति के लगभग 243 सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी बैठक में शामिल होंगे. बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। वहीं आज भाजपा की दो अहम बैठक भी प्रदेश कार्यालय में होनी तय है। इस बैठक में चुनावी रणनीति को अमलीजामा पहनाया जाएगा। पहली बैठक चुनाव प्रबंधन समिति की होगी और दूसरी बैठक सभी मोर्चा के पदाधिकारियों की होगी। इन दोनों बैठकों में असम के सीएम सह बीजेपी झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा भी शिरकत करेंगे। वहीं टिकट की चाह रखने वाले नेता भी अपने-अपने हिसाब से टिकट के जोगाड़ में लगे हुए है। इस बार भाजपा कई विधायकों को बदल कर नये प्रत्याशी को चुनाव में टिकट देने की चर्चा जोरों पर है।

पूजा घूमने गये रोहित की मॉब लिंचिंग

विरोध में बस्ती वालों ने किया लालपुर चौक जाम

सिटी डीएसपी के समझाने पर हटाया गया जाम

वरीय संवाददाता

रांची। लोहरा कोचा के रोहित तिर्की की शुक्रवार की रात पूजा घूमने के दौरान हुई मामुली विवाद में उसकी मॉब लिंचिंग कर दी गयी, और शव को अज्ञात बता कर रिम्स भेज दिया गया। जिसकी जानकारी शनिवार को परिजनों को हुई, इसके बाद रविवार को लोहरा कोचा के उग्र लोगों ने इंसाफ की मांग को लेकर लालपुर चौक को जाम कर दिया। जिससे वहां के चारो तरफ से आने जाने वाली गाड़ियां घंटो जाम का शिकार रही। बाद में सिटी डीएसपी और लालपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और जाम कर रहे लोगों से बात कर उन्हें समझाया कि हत्या दूसरी जगह हुई है, पुलिस फुटेज देख कर आरोपियों की पहचान कर कारर्वा करेगी और मृतक के परिवार को उचित इंसाफ मिलेगा। उसके बाद जाम हटा लिया गया।

मृतक के परिजनों क मुताबिक रोहित तिर्की अपने दोस्त आलोक के साथ शुक्रवार की रात बकरी बाजार पूजा पंडाल घूमने गया था, वहां उसकी किसी के साथ धक्का मुक्की हो गया उसके बाद दर्जनों लोगों ने मिल कर रोहित की बुरी तरह से पीट पीट कर मार डाला। परिजनों ने ओरोप लगाया कि पुलिस उसे बचाने की कोशिश नहीं की जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी, लेकिन पुलिस उसे गंभीर जख्मी बोल कर रिम्स में पहुंचा कर छोड़ दी। इधर परिजन उसकी तलाश कर ही रहे थे उसी दौरान शनिवार को उसके रिम्स में होने की सूचना मिली, परिजन वहां जा कर रोहित की पहचान किये।

इधर पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक पूजा की भीड़ के कारण घायल युवक की रात में पहचान नहीं हो सकी थी, इस लिए उसे रिम्स भेजा गया था। जहां उसकी मौत हो गयी। लेकिन आरोपियों को पुलिस कहीं से भी ढूंढ निकाल कर सजा दिलायेगी।

हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करे पुलिस : बाबूलाल मरांडी

संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को रांची के लालपुर थानांतर्गत लोहराकोचा बस्ती में स्व रोहित तिर्की के परिजन से उनके घर पर मुलाकात की।

साथ ही शोक व्यक्त करते हुए सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन अविलंब हत्यारे को गिरफ्तार करे। साथ ही राज्य सरकार परिजनों की मांग के अनुरूप उचित मुआवजा दे। मरांडी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। कहीं किसी की भी हत्या करने से नहीं डर रहे। उन्होंने कहा कि जवान बेटे को खोने का दर्द वही जानता है जिसके घर ऐसी घटना होती है। साथ ही कहा कि पुलिस घटना के तीन दिन बीत जाने पर भी अपराधी की पहचान नहीं कर पाई है जबकि सीसीटीवी से यह संभव है। इसलिए पुलिस को अविलंब हत्या के घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज को खंगालना चाहिए तथा मुस्तैदी के साथ खोज कर हत्यारे को बेनकाब करना चाहिए। मरांडी ने कहा कि पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर अपराधी की पहचान कर सकती है। अपराधी को अविलंब पकड़े जाने से एक भय का वातावरण भी बनता है और घटना की पुनरावृति पर रोक लगती है।

संक्षिप्त खबरें

छात्राओं ने रक्तबीज संहार का किया जीवंत प्रदर्शन

बोकारो। नगर के सेक्टर 8, कालीबाड़ी प्रांगण में लायंस कला अकादमी की ओर से विजयादशमी पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं ने देवी दुर्गा के नौ रूपों तथा रक्तबीज के बीच युद्ध तथा रक्तबीज के संहार का जीवंत प्रदर्शन किया। इस नृत्य में मुख्य रूप से सोनल दत्ता, अनुष्का, आरोही, नव्या, श्रेया, आशी, समीक्षा, दीपांजलि, वैष्णवी, वैभवी, प्राची, माही, श्रीमोई, क्षितिजा, रुद्रा, कनक लता, अवनी, अन्विता, गरिमा गांधी, भावना, दिव्या आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नहीं रहे साहित्यकार डॉ. नर नारायण तिवारी



बोकारो। बोकारो के प्रसिद्ध साहित्यकार व साहित्यिक संस्था भारती साहित्य परिषद् के महामंत्री डॉ नर नारायण तिवारी नहीं रहे। उनके निधन से बोकारो का साहित्य जगत शोकाकुल है। बोकारो इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूल में वरीय हिंदी शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त, कई पुस्तकों के लेखक व साहित्य के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहे बोकारो के सेक्टर 6 डी निवासी लगभग 76 वर्षीय कवि डॉ नर नारायण तिवारी का निधन दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को हो गया। वे अपने परिवार के साथ वृंदावन घूमने गए थे और वही पर उनका देहावसान हो गया। उनका पार्थिव शरीर लेकर परिवार के लोग पैतृक गांव बलिया ले गये हैं। उनके निधन की सूचना पाकर बोकारो का साहित्य जगत मर्माहत है। भारती साहित्य परिषद् के संरक्षक व वरिष्ठ साहित्यकार सुख नंदन सिंह 'सदय', अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, तुलानंद मिश्र, विजय शंकर मल्लिक, गिरिजा नंद झा 'अर्धनारीश्वर', डॉ आशा पुष्प, उदय कुमार झा, भुटकुन झा, डॉ परमेश्वर भारती, डॉ राम नारायण सिंह, रणधीर चंद्र गोस्वामी, डॉ नरेंद्र कुमार राय, अमन कुमार झा, जनवादी लेखक संघ के प्रहलाद चंद्र दास, ललन तिवारी, गोपाल प्रसाद, कुमार सत्येन्द्र, महेश मेहंदी, अशोक श्रीवास्तव, त्रिलोकी नाथ टंडन, प्रदीप कुमार दीपक, डॉ सरिता सिन्हा, राष्ट्रीय कवि संगम बोकारो महानगर अध्यक्ष अरुण पाठक, पूर्णेंदु पुष्पेश आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है और उनके निधन को साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति करार दिया है।

स्वदेशी जागरण मंच ने रतन टाटा के निधन पर जताई शोक संवेदना

बोकारो। स्वदेशी जागरण मंच ने एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे महान उद्योगपति, पद्म विभूषण, भारत के सच्चे अनमोल रत्न रतन नवल टाटा के दुःखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। सर्वप्रथम मंच के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय रतन टाटा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि रतन टाटा भारतीय उद्योग जगत के भीष्म पितामह, प्रेरणापुंज, लौह उद्योग के जनक, भारत के एक श्रेष्ठ आर्किटेक्ट, युवाओं के लिए वैश्विक स्तर के आदर्श स्तंभ, एक कुशल संगठनकर्ता, एक योग्य प्रशासक, और भारत के कोर इंडस्ट्री सेक्टर के चाणक्य थे। उनका महाप्रयाण भारत एवं संपूर्ण विश्व में कभी न भर सकने वाला विशाल शून्य छोड़ गया। उन्होंने कहा कि रतन टाटा का जीवन में उतार-चढ़ाव को जरूरी मानना हमारे लिए प्रेरणादायक है, क्योंकि यही उतार-चढ़ाव और जीवन का सतत संघर्ष हमें जीवन में स्पंदन, प्रेरणा और जीवंतता प्रदान करते हैं। उन्होंने रतन टाटा के एक अन्य कथन का भी उल्लेख किया, जो सामाजिक जीवन में एक महत्वपूर्ण सीख देता हैः अगर तुम्हें जीवन में तेज चलना है, तो अकेले चलो; परंतु अगर जीवन में दूर तक का सफर तय करना हो, तो साथ चलो। इस तरह, उन्होंने संगठन के महत्व को समाज के सामने रखा।

सड़क दुघर्टना में युवक घायल

बोकारो। बोकारो थर्मल- नरकी मेन रोड पर सड़क दुघर्टना में 30 वर्षीय युवक घायल हो गया। घटना शुक्रवार रात्रि की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार को पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत कंजकिरो निवासी सत्य नारायण तुरी का 30 वर्षीय पुत्र पवन कुमार तुरी बाइक से गिरकर घायल हो गया जिससे उसके सिर में चोट लगी। स्थानीय नयी बस्ती निवासी लाली यादव सहित अन्य लोगों ने तत्काल घायलावस्था में उसे डीवीसी बोकारो थर्मल हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉ. आरएन एक्का ने घायल का इलाज किया।

बोकारो में दुगार्पूजा धूमधाम से संपन्न

नौ दिनों तक उमड़ा रहा आस्था व उमंग का सैलाब

सिंदूरखेला और प्रतिमा-विसर्जन के साथ मां दुर्गा को दी गई भावभीनी विदाई

संवाददाता

बोकारो। आदिशक्ति जगतजननी जगदम्बा की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र (दुगार्पूजा) बोकारो, उपशहर चास एवं आसपास के इलाका सहित पूरे जिले में सोल्लास संपन्न हो गया। लगातार नौ दिनों तक विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा करने के बाद विजयादशमी को बोकारो के अधिकांश पूजा-स्थलों पर स्थापित प्रतिमायें विसर्जित कर दी गयीं। बंग भारती, चक्की मोड़, कालीबाड़ी, थाना मोड़ समेत विभिन्न जगहों पर स्थापित मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं निकटवर्ती जलाशयों व नदियों में विसर्जित की गयीं। भक्तों ने अगले बरस मां को फिर आने का न्योता देकर नम आंखों से भावपूर्ण विदाई दी। बंगाली रीति के अनुसार सेक्टर-1सी, चक्की मोड़, कालीबाड़ी, बंग भारती आदि जगहों पर महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ सदा सुहागन रहने की कामना करते हुए मां जगदंबा को विदाई दी।

दुगार्पूजा के अवसर पर पूरे नौ दिनों तक लगातार जहां शहर में मैया के भक्तिमय गीत तथा जय-जयकार गूंजते रहे, वहीं वैदिक मंत्रोच्चार से भी वातावरण आध्यात्मिक व भक्तिमय बना रहा। हर साल की भांति इस बार भी दुगार्पूजा पर पंडालों की साज-सज्जा अपने-आप में अनूठी रही, जहां आस्था के साथ-साथ पूजा का उमंग छाया रहा। सप्तमी को पंडालों के पट खुलने के बाद से लेकर विजयादशमी तक पंडालों में लाखों-लाख श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। लोगों ने मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा कर खुशियाली की जहां कामना की, वहीं मेलों का आनंद भी लिया।

मेले में दिख रही बहुरंगी छटा

नगर के सेक्टर-2सी और सेक्टर-9 में गत वर्षों की भांति इस बार भी विशाल मेला व मीना बाजार लगाया गया है, जो अभी अगले कुछ दिनों तक और लगा रहेगा। मेले में भांति-भांति के झूले, खान-पान के स्टाल, देश के कोने-कोने से आये व्यापारियों की दुकानें, हरेक माल वाली दुकानें लोगों को लुभा रही हैं और बहुरंगी छटा बनी है। कोई निशानेबाज, तो कोई जादूगर बनकर निकल रहा है। बच्चे खिलौने व झूले के पीछे लगे हैं, तो महिलाएं व युवतियां श्रृंगार के सामान खरीदने में लगी हैं। इसके अलावा रसोई, घरेलू साज-सज्जा आदि वस्तुओं के स्टॉल आकर्षण का केन्द्र बने हैं।

लुभा रहे आकर्षक पंडाल

बता दें कि इस बार सेक्टर-2सी में जहां गुजरात के सोमनाथ मंदिर की झलक पूजा पंडाल के जरिए देखने को मिल रही है, वहीं सेक्टर-9 स्थित गायत्री मंदिर के समीप गंगटोक के बुद्ध मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। सेक्टर- 9 वैशाली मैदान तथा सेक्टर-12 में काल्पनिक मंदिरों की अनुकृतियों वाले पूजा पंडाल बनाए गए। पंडालों की खूबसूरती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां आने वाला लगभग हर शख्स पंडाल की तस्वीरें फोन व कैमरे में कैद करता नजर आया। कोई अकेला खड़ा हो सेल्फी लेता रहा तो कोई पूरे परिवार की फोटो पंडाल के साथ लेता रहा।

यहां के पंडालों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी खूब छायी रही। इसी प्रकार चास में बिहार कालोनी, जोड़ा मंदिर एवं आसपास के इलाके में दुगार्पूजा भव्य तरीके से विधिवत संपन्न हो गयी। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से लोग हो यहां आये और दुगार्पूजा मेलों के अलावा पूजा की छुट्टियां जैविक उद्यान, जगन्नाथ मंदिर, बोकारो मॉल में मनाते देखे गये। इस क्रम में सड़कों पर भारी भीड़-भाड़ लगी रही। होटल, रेस्तरां में भी मेला घूमकर नाश्ता-पानी करने वाले लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

जगह-जगह रावण दहन के कार्यक्रम

बोकारो जिले में विजयादशमी के अवसर पर जगह-जगह रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। हालांकि, सेक्टर- 4 सूर्य मंदिर के मैदान में इस बार भी एहतियातन प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने के कारण रावण दहन का कार्यक्रम नहीं हो सका, जिससे आयोजकों में मायूसी देखी गई। इसके अलावा सेक्टर-3 स्थित चक्की मोड़, जिले के कसमार, गोमिया, पेटरवार सहित अन्य जगहों पर रावण के पुतले जलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।

रावण दहन एवं स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ दुर्गा पूजा संपन्न

संवाददाता

बोकारो। कसमार प्रखंड के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र खैराचातर में विजयदशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने इसका मजा लिया। रावण दहन कार्यक्रम का शुभारंभ कसमार के अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी तथा स्थानीय मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने किया।

इस दौरान खैराचातर के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में पहली बार रावण दहन का कार्यक्रम विजयादशमी के उपलक्ष में किया गया है जो सराहनीय है तथा स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि विजय दशमी के दिन हीं भगवान रामचंद्र ने रावण पर विजय पाई थी, इसी कारण से इस दिन रावण का पुतला जलाया जाता है। जो कि बुराई, अहंकार, अत्याचार और अधर्म पर धर्म, सत्य और न्याय की विजय का प्रतीक माना जाता है। इससे पूर्व खैराचातर पूजा कमेटी के द्वारा स्थानीय कलाकारों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कमिटी के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने स्थानीय मुखिया विजय कुमार जायसवाल तथा सचिव सुनील कपरदार के साथ संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रुप डांस, गीत संगीत ने समां बांध दिया। इस दौरान श्वेता जायसवाल आभा कुमारी, तन्मय दत्त ,अरनव राय, वर्षा कुमारी, अक्षिता कुमारी ,तृषा कुमारी गौरव मनीष, मनीषा अर्नव, वर्सा, नेहा, श्रकेश चौबे आदि का नृत्य सराहनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत शिक्षक निशाकर दे के द्वारा भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ प्रीतम सागर के मुलाकात करने पर तथा जैक बोर्ड में जिला की टॉपर सिवानी जायसवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार जायसवाल ने किया। इस दौरान पूजा कमेटी के रामलाल कुमार ,मनीष गौतम, अमितेज कुमार, कुमार गौरव ,गौतम सागर ,रणधीर कुमार ,विजय कुमार जायसवाल, सुनील कपद्दार, रंजीत कुमार, रुपेश जायसवाल, अमित कुमार, आनंद दे आदि उपस्थित थे।

खैराचा
बेहतरीन
दिना
र्दिक अ

सीसीएल गोविंदपुर परियोजना में प्रतिदिन चोरों की धमक से परेशान हैं कामगार

चोरों ने धावा बोलकर पुराने एमटीके का आठ ताला तोड़ा

संवाददाता

बोकारो। बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के गोविंदपुर परियोजना में प्रतिदिन चोरी की नीयत से चोरों की धमक से कामगार एवं सुरक्षाकर्मी खासे परेशान हैं। परियोजना में शनिवार की रात्रि लगभग बारह बजे एक दर्जन चोरों ने धावा बोलकर पुराने एमटीके का आठ ताला तोड़ डाला। बाद में चोरों ने तीन-चार नंबर खदान के पास पंखा घर का केबुल काटने को लेकर गड्ढा करना आरंभ किया।

इसी क्रम में सूचना मिलने पर रात्रि गश्ती में मौजूद सुरक्षाकर्मी पहुंचे और स्थानीय थाना को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर चोर उक्त स्थान से भाग गए तथा स्वांग सी सीम पर जाकर काम कर रहे कर्मियों पर पथराव किया। इसके पूर्व, चोरों ने सोमवार की रात्रि ड्यूटी पर मौजूद बिजली विभाग के फोरमेन, ड्यूटी में तैनात सीसीएल सुरक्षा कर्मी सहित होम गार्ड के जवानों को बंधक बनाकर चोरी करने का प्रयास किया था। चोरों ने बिजली विभाग के फोरमेन को रूम में बंद किया था, उसके बाद स्टोर रूम में तैनात सीसीएल सुरक्षा कर्मियों को कमरे में बंद कर चोरों ने केबुल सहित अन्य वस्तुओं की चोरी करने का प्रयास किया।

चोरों के आने की सूचना बोकारो थर्मल थाना के रात्रि गश्ती दल को दी गई। पुलिस के आने पर चोर सभी सामानों को छोड़ कर भाग गए। शनिवार की रात्रि भी चोरों ने परियोजना में धावा बोलकर केबुल सहित अन्य सामानों को चोरी कर ले गए। कार्य में लापरवाही को लेकर परियोजना के खान प्रबंधक अंजनी कुमार ने सुरक्षाकर्मी सोना राम मांझी, सुखदेव भुईंया, कामेश्वर कुम्हार, सामा साव, कामेश्वर यादव सहित पांच को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के कारण सस्पेंड कर दिया है।

मां दुर्गा की प्रतिमा को नम आंखों से दी विदाई

संवाददाता

बोकारो। बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के ऑफिसर्स क्लब एवं कारो स्पेशल फेज दो की प्रतिमा का विसर्जन रविवार को नम आंखों से एवं अगले वर्ष आने की कामना के साथ कोनार नदी एवं फेज दो स्थित तालाब में शाम ढलते ही कर दिया गया। प्रतिमा विसर्जन को लेकर इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने प्रतिमा विसर्जन के जुलूस में भाग लिया। दोनों ही प्रतिमा विसर्जन को लेकर स्थानीय थाना की पुलिस एवं जवान काफी मुस्तैद रहे। सोमवार को बोकारो क्लब एवं पंच मंदिर की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। रविवार को डीवीसी के आफिसर्स क्लब एवं कारो स्पेशल फेज दो में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के पूर्व सभी महिलाओं के द्वारा आपस में सिंदूरखेला किया गया तथा तथा अगले वर्ष दुर्गा माता के आने की कामना की गयी।

बोकारो थर्मल के सिक्स यूनिट स्थित पंच मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल में रविवार को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो पहुंचे और पूजा अर्चना कर अमन चैन की दुआ मांगी। मौके पर मंदिर के पुजारी बनारसी, भुनेश्वर प्रसाद साव, जोधान नायक, जानकी महतो, कृष्ण मुरारी, सुरेश यादव, अरुण कुमार भी मौजूद थे। इसके पूर्व गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय भी रविवार को स्थानीय सभी पूजा पंडालों में पहुंचे। जबकि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल भी शुक्रवार एवं शनिवार को बोकारो थर्मल के सभी दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे तथा मत्था टेका एवं क्षेत्र के खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी।

छेड़खानी के बाद मारपीट, एक घायल

संवाददाता

बोकारो। बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह स्थित केबी कॉलेज के समीप मेन रोड पर दुर्गा पूजा का मेला घूमने जा रहे दंपत्ति के साथ छेड़खानी के बाद मारपीट की घटना में एक व्यक्ति का सिर फट गया। घटना शनिवार शाम लगभग पांच बजे की है। घटना को लेकर मारपीट में घायल जारंगडीह शास्त्री नगर निवासी अमित राम ने रविवार को बोकारो थर्मल थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

थाना में दिए आवेदन में अमित राम ने लिखा है कि शनिवार को वह अपनी पत्नी एवं डेढ़ वर्षीय पुत्री, भाई अजीत राम, भाभी एवं बच्चों के साथ दो बाइक पर दुर्गा पूजा का मेला घूमने जा रहे थे। जारंगडीह स्थित केबी कॉलेज के समीप जारंगडीह अपर निवासी युवराज सिंह अपने तीन-चार दोस्तों के साथ बाइक से आकर छेड़खानी किया तथा बाइक सटा दी। मामले को लेकर जब युवराज सिंह को बोला गया तो उसने अपने अन्य दोस्तों को बुला लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना में अमित कुमार के सिर में चोट लगी है जिससे उसका सिर फट गया है। बाद में घायल का इलाज डीवीसी हॉस्पिटल बोकारो थर्मल में किया गया। मामले को लेकर थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह का कहना था कि दिए गए आवेदन पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बोकारो थर्मल थाना के तीन पुलिसकर्मियों को पदोन्नति

बोकारो। बोकारो थर्मल थाना के तीन पुलिसकर्मियों को सहायक अवर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। थाना स्थित इंस्पेक्टर के रीडर मनोज मंडल, मुंशी अभिषेक कुमार सिंह एवं हवलदार विनय पाल को सअनि में पदोन्नति दी गई है। इंस्पेक्टर के रीडर मनोज मंडल स्थानीय थाना का अपग्रेड होने के बाद विगत दस वर्षों से पदस्थापित हैं और उनका तबादला एक बार भी नहीं किया गया है।

नए सिरे से गठित होगी मिथिला सांस्कृतिक परिषद की कार्यकारिणी, 16 को मनेगा कोजागरा महोत्सव

संस्था की आमसभा में ध्वनिमत से कई प्रस्ताव पारित, अगली आमसभा 20 को

संवाददाता

बोकारो। बोकारो में मिथिला-मैथिली भाषा-भाषियों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की आमसभा रविवार को परिषद द्वारा संचालित सेक्टर 4ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के पूर्व महासचिव एवं बीएसएल के सेवानिवृत्त वरिष्ठ सतर्कता पदाधिकारी सतीशचंद्र झा ने की। बैठक के दौरान सांगठनिक सशक्तिकरण, संस्थाहित तथा विद्यालय के उत्थान में आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही ध्वनिमत से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने परिषद, मिथिला समाज तथा विद्यालय के हित में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पश्चात सर्वसम्मति से परिषद की वर्तमान कार्यकारिणी समिति के गठन को इसलिए अमान्य घोषित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया, क्योंकि उक्त कार्यकारिणी का गठन नियमानुसार न तो पीठासीन पदाधिकारी मंडल की सहमति से हुआ था और न ही उसकी स्वीकृति आमसभा से ली गई थी। इसके लिए अब पीठासीन पदाधिकारी मंडल द्वारा महासचिव नीरज चौधरी के साथ मिलकर नई एवं वैध कार्यकारिणी का गठन करने एवं उसे आमसभा से अनुमोदित कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। उपस्थित लगभग 100 सदस्यों ने ध्वनिमत से ताली बजाकर इस पर अपनी सहमति जतायी।

आमसभा की बैठक में परिषद के वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर द्वारा विद्यालय में हुई कथित वित्तीय अनियमितता के उठाये गए मामले की जांच को लेकर पांच सदस्यीय एक समिति के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें अध्यक्ष सतीश चंद्र झा सहित सुदीप कुमार ठाकुर, डीके ईश्वर, दिलीप कुमार झा एवं जयप्रकाश चौधरी शामिल किए गए। इसके साथ ही उक्त सभी निर्णयों के अनुमोदन एवं अन्य विषयों पर विचार-विमर्श को लेकर के परिषद की अगली आमसभा आगामी 20 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10:30 बजे से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा आगामी 16 अक्टूबर को मिथिलांचल का प्रमुख पारम्परिक त्योहार कोजागरा महोत्सव मनाने का निर्णय भी लिया गया, जिसके लिए 10 सदस्यों की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भार अरुण पाठक को दिया गया।

इसके पूर्व, बैठक के आरंभ में परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने आमसभा में उपस्थित सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पीठासीन पदाधिकारी मंडल के संयोजक विजय कुमार झा ने बैठक का विषय-प्रवेश कराया, वहीं वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर ने विद्यालय प्रबंधन समिति की कथित वित्तीय गड़बड़ी को आमसभा के पटल पर प्रस्तुत किया। बैठक को कृष्ण चंद्र झा, सुदीप कुमार ठाकुर, रवीन्द्र झा, गंगेश पाठक, सुनील मोहन ठाकुर, विनय कुमार झा, श्रवण कुमार झा, अनिल मोहन ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया। जबकि, इस अवसर पर मुख्य रूप से परिषद के पूर्व महासचिव राजेंद्र कुमार, बटोही कुमर, पीठासीन पदाधिकारी मंडल के डॉ. दुगार्नंद मिश्रा, प्रो. जयराम झा सहित जेपी चौधरी, मिहिर कुमार झा राजू, शंभु झा, दुर्गाचरण चौधरी, सुभद्र चौधरी, हरिश्चंद्र झा, गोविंद कुमार झा, चंद्रकांत मिश्रा, इंद्र कुमार झा, अविनाश झा अवि, श्रीमोहन झा, विश्वनाथ झा, रमण कुमार ठाकुर, संजय चौधरी, प्रकाश झा, विमलकांत झा, अरविन्द मिश्रा, मनोज कुमार झा, मिंटू झा, संतोष कुमार मिश्र, रोशन कुमार तरुण आदि उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 14 अक्टूबर 2024

मईयां सम्मान बनाम गोगो दीदी और अब झामुमो सम्मान योजना के बहाने सबकी नजर 'नारी शक्ति' पर

महिला वोटरों की ओर बढ़ रहा सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का झुकाव

संवाददाता

गिरिडीह। झारखंड की सियासत में महिलाओं की बड़ी पूछ हो रही। उनके मान, सम्मान की चिंता सियासी तौर पर खूब दिख रही है। विधानसभा चुनाव को लेकर यहां कभी भी आदर्श आचार संहिता लागू हो सकती है। ऐसे में पक्ष हो या विपक्ष, सभी महिला वोटर्स का भरोसा जीतने की पुरजोर कोशिश में लगे हैं। हालांकि, सब अपने-अपने स्तर से इसे ह्यमहिला सम्मानह्ल से जोड़कर बता रहे हैं. राज्य सरकार ने अगस्त 2024 से सीएम मईयां सम्मान योजना शुरू की है। 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओं को हर माह 1000 रुपए की राशि दी जा रही है। सरकार की इस पहल के जबाब में भाजपा गोगो दीदी सम्मान योजना लेकर लाई है। वह इसके जरिए हर महीने सभी महिलाओं व बेटियों को 2100 रुपए देने का भरोसा दिला रही है। इधर भाजपा की इस पहल को देख सत्तारूढ झामुमो ने जेएमएम सम्मान योजना लाने की घोषणा की है। महिलाओं को हर साल 30 हजार रुपए देने का आश्वासन उसकी ओर से है। इसे लागू करने को लेकर वह निर्वाचन आयोग से परमिशन के इंतजार में है। 2019 से अभी तक, मईयां सम्मान की बात कहीं नहीं थी।

यह सत्तारूढ दलों के घोषणा पत्र में भी नहीं था। अगस्त 2024 में राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं, लड़कियों को सम्मान देने, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर करने का उद्देश्य दिखाते सीएम मईयां सम्मान स्कीम शुरू करने की पहल की। अगस्त 2024 से अबतक, इस योजना से तीन किस्त की राशि 40 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में डालने की बात कही जा रही है। इस योजना को रिस्पॉन्स मिलते देख भाजपा ने अपने घोषणापत्र में महिला सशक्तिकरण को प्रमुखता देते गोगो दीदी स्कीम की तैयारी शुरू कर दी है।

पार्टी लीडर और असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा का दावा है कि यह योजना राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर लागू की जाएगी। राज्य की हर गरीब परिवार की महिला और बेटियों को इसका लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत 18-60 आयु वर्ग की महिलाओं को सालभर में 25000 रुपए मिलेंगे। इसे लेकर राज्य सरकार और झामुमो की आपत्तियों के बावजूद भाजपा की ओर से फॉर्म भरवाने का अभियान जारी है। सीएम हेमंत ने इस योजना का फॉर्म भरवाने वालों के खिलाफ रिश्वतखोरी का केस दर्ज करने का निर्देश सभी जिलों के डीसी को दिया है। जबकि झामुमो ने चुनाव आयोग से इसे रोकने की मांग की है।

फिलहाल पांच अक्टूबर से प्रदेश भाजपा की ओर से गोगो दीदी योजना का फॉर्म भराने को करीब 29 हजार बूथों पर अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 25 लाख से अधिक फॉर्म भरवा लिए जाने की सूचना है। इधर, झामुमो ने आयोग से गोगो दीदी योजना को लेकर शिकायत करने के साथ ही झामुमो सम्मान योजना का लाभ देने के लिए आयोग से इजाजत मांगी है। उसने कहा है कि अगर भाजपा की ओर से गोगो दीदी योजना का फॉर्म भराया जाना सही है तो वह भी जेएमएम सम्मान योजना का आवेदन लोगों से कराएगा। इसके तहत हर माता- बहन को हर साल 30 हजार रुपए दिए जाएंगे।

महिला वोटिंग पर टिका है दारोमदार, महिला वोटरों पर निशाना

निर्वाचन आयोग, झारखंड से प्राप्त सूचना के अनुसार झारखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 2,55,18,642 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,29,97,325 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,25,20,910 है।

राज्य में चुनाव के दौरान महिलाओं की सहभागिता बढ़ी है और वो निर्णायक भी साबित होती रही हैं। ट्राइबल के लिए 28 रिजर्व सीटों में से 10 सीट तो ऐसी हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से भी ज्यादा है। कोल्हान के मझगांव में महिला मतदाता की संख्या लगभग 51% है. लिट्टीपाड़ा संथाल परगना में भी महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। चाईबासा में 50.62%, खूंटी में 50.44%, शिकारीपाड़ा में 50.22%, सिमडेगा 50.21%, महेशपुर में 50.09%, खरसावां 50.08%, मनोहरपुर 50.07% और घाटशिला में 50.01% है। इस तरह से महिला मतदाताओं के आंकड़ों से साफ है कि राजनीतिक पार्टियां महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में कर सत्ता की चाबी हासिल करना चाहती हैं। बाकी तो चुनाव बाद आने वाले परिणाम बताएंगे कि महिलाओं ने 'सीएम मंईयां सम्मान' पर भरोसा जताया या 'गोगो दीदी योजना' पर या फिर वह जेएमएम सम्मान योजना पर दांव खेलने को तैयार हुई या फिर सरकार बदलने को ही जनादेश देने को लगी हुई है।

संक्षिप्त खबरें

सुभाष नगर-करगली बाजार मुख्य मार्ग पर दुबारा लगा स्ट्रीट लाइट

बेरमो। सुभाष नगर से करगली बाजार जाने वाले मुख्य मार्ग जो अनेकों क्षेत्र को जोड़ती है। जिसमें सुभाष नगर फील्ड, कुंवारी जवाहर नगर, कारो बस्ती, अमलो बस्ती, तीन नंबर, बिरसानगर, रामनगर, बेरमो सिंह आदि शामिल हैं। इन सभी जगहों से लोगों का आना जाना, पैदल मार्च, टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर करगली बाजार तथा फुसरो बाजार मार्केट करने के लिए लोग जाते हैं। पर अभी उस सड़क पर चार महीने पूर्व छोटू कुमार रवानी समाजसेवी ने स्ट्रीक लाइट 11 पीस और 11 पोल लगवाया था। अज्ञात चोरों द्वारा लाइट को सभी पोलो से चुरा लिया गया है । उसके बाद से पूरा उसे सड़क में लाइट के बगैर चार महीने से लोग अंधेरे में गुजर रहे थे और बहुत हीं परेशानियां होती थी। रात के अंधेरे में चलने से चोर उचक्के और सांप बिछा तथा जानवरों का डर रहता था। तब जाकर छोटू कुमार रवानी ने ईएंडएम विभाग से मिलकर पूरा लाइट लगवाने को लेकर उनके कार्यालय में जाकर अवगत कराया और लगातार चार महीने प्रयास करता रहा तब जाकर आज उस मार्ग पर 11 पोलो में न्यू स्ट्रीट लाइट जगह-जगह लगा। लाइट लगने से आते जाते राहगीरों में खुशी दिखी। छोटू कुमार रवानी ने सीसीएल करगली के महाप्रबंधक के रामा कृष्णा, करगली एसओसी मोहंती, प्रोजेक्ट इंजीनियर ईएंडएम रणवीर कुमार, प्रोजेक्ट इंजीनियर करगली पीठ जितेंद्र कुमार, फोरमैन इंचार्ज दिनेश बैठा को इसने कार्य के लिए धन्यवाद कहा है एवं आभार व्यक्त किया है।

आपकी विकास पार्टी ने विधानसभा चुनाव को ले जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची

कोडरमा। झारखंड में विधानसभा चुनावों की तैयारी जोरों पर है और सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी रणनीति के साथ मैदान में उतर रही हैं। इसी कड़ी में नई राजनीतिक ताकत 'आपकी विकास पार्टी' ने भी अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। रांची प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने इस सूची को जारी की और साथ हीं साथ पार्टी का चुनाव चिन्ह ₹कलम की निब सात किरणों के साथ₹ का भी लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने झारखंड के विकास और जनता के हितों पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड के अलग राज्य बने 24 साल हो गए हैं। लेकिन यहां के लोग अब तक विकास से वंचित हैं। विभिन्न पार्टियों ने राज्य पर शासन किया,लेकिन जनता के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रत्याशियों की पहली सूची में।नाला विधानसभा से जयंती बनर्जी, डुमरी विधानसभा से रकीब आलम, ।कोडरमा विधानसभा से डॉ० कहकसा कमाल, धनवार विधानसभा से मो० सगीर एवं बड़कागांव विधानसभा से मो० खिताब अनवर के नाम शामिल हैं।।वहीं श्री मुस्तफा ने कहा कि हमें विश्वास है कि हमारी पार्टी के प्रत्याशी चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचेंगे और झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी का एजेंडा राज्य के पिछड़े इलाकों में विकास, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा के सुधार पर केंद्रित रहेगा। बताते चलें कि आपकी विकास पार्टी का जब से लॉन्चिग हुआ है तब से जन समुदाय के हित के लिए निरंतर आंदोलनरत रहा है। अब देखना यह होगा कि जनता नई पार्टी को किस रूप में स्वीकार करती है और आगामी चुनावों में इसका क्या प्रभाव पड़ता है।

सेवा भारती ने मुंडा परिवारों के बीच कन्या पूजन का किया आयोजन

झुमरी तिलैया। नवरात्र के नवमी को कन्या पूजन का विशेष महत्व है। लोग अपने घरों में नौ कन्या का माता दुर्गा का स्वरूप मानकर पूजा करते हैं। महानगरों के बाद अब कोडरमा के शहरी क्षेत्र में भी कई स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन किया जाने लगा है। सेवा भारती संगठन के द्वारा वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी मुंडा परिवार के बीच दुर्गा पूजा पर्व पर उनके सम्मान में मुंडा परिवार की 31 कन्याओं का पूजन किया गया। सेवा भारती के सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि शहरी क्षेत्र में तो कई स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन किया जाता है। लेकिन वन क्षेत्र में रहने वाले अभावग्रस्त लोग त्यौहार में इन सबसे वंचित रह जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सेवा भारती के द्वारा पिछले 4 वर्षों से मुंडा परिवार के बीच पहुंचकर कन्या पूजन का आयोजन किया जा रहा है। सेवा भारती के द्वारा झरना कुंड धाम में कन्याओं को एकत्रित कर सर्वप्रथम उनका पैर धोया गया। इसके बाद पैर रंगने के उपरांत तिलक लगाकर उन्हें अंग वस्त्र फल और राशि देकर उनका पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि गरीब, असहाय व बंचितो के बीच कन्या पूजन से मन को शांति मिलती है। मौके पर रिलायंस स्मार्ट बाजार के मैनेजर शशि भूषण, अमित कुमार व अन्य कर्मियों के द्वारा सभी कन्याओं को उपहार स्वरूप स्कॉलर किट और चॉकलेट दिया गया। वहीं गझण्डी रोड स्थित आदिवासी बच्चों के बीच भी स्कॉलर किट और चॉकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के संयोजक गौरव कुमार, प्रकल्प प्रभारी संजय वर्मा, राजेश गुप्ता, सत्येंद्र सिन्हा, राम कुमार,जाबाज, महेश कुमार, प्रदीप सुमन, कुमारी मीता, सुषमा सुमन आदि उपस्थित थे।

कोडरमा डीएवी में नवरात्रि के पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

झुमरी तिलैया। पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के अवसर पर एक भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में छात्रों ने अपने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कला का प्रदर्शन किया । सर्वप्रथम अंतरा मुखर्जी ने 'अहि गिरी नंदिनी ' दुर्गास्रोत नृत्य से कार्यक्रम का आरंभ किया फिर नव्या और अनुष्का गुप्ता ने दांडिया नृत्य से सभी को मुग्ध किया। अमृता मंडल और समाधृता मंडल ने बंगाली नृत्य प्रस्तुत किया तथा सान्वी ने एकल नृत्य के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। अभया श्री ने एक वक्तव्य के माध्यम से नवरात्र के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्त्व को समझाया। ताकि हम सभी अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए मान दुर्गा से प्रार्थना करें। रूही और चाहत ने भी एक भक्ति नृत्य प्रस्तुत कर विद्यालय के वातावरण को भक्तिमय कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने सभी को नवरात्र एवं दशहरे की हार्दिक शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि का उत्सव हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है।

गिरिडीह में कई स्थानों पर मां की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

महिलाओं ने धुनुची नृत्य कर शक्ति की देवी मां दुर्गा को दी विदाई

संवाददाता

गिरिडीह। शारदीय नवरात्र का समापन हो चुका है। समापन होने के बाद शनिवार से प्रतिमा का विसर्जन किया जा रहा है। रविवार को भी गिरिडीह शहरी इलाके के कई स्थानों से मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान जगह-जगह सिंदूर खेला हुआ। महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया। वकालत खाना के ठीक बगल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का भी विसर्जन रविवार को किया गया।

इससे पहले यहां पर महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया। सिंदूर लगाने के बाद धुनुची नृत्य भी किया गया। परंपरा के अनुसार जब बेटी की विदाई होती है तो सिंदूर लगाया जाता है। क्योंकि 9 दिनों तक मां दुर्गा अपने मायके में रहती हैं और दसवें दिन विदाई होती है। ऐसे में उन्हें सिंदूर लगाया जाता है। यह भी कहा जाता है कि महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां दुर्गा से अपने सुहाग की लंबी उम्र की भी कामना करती हैं।

कंधे पर लेकर किया गया माता का विसर्जन

वहीं, दूसरी ओर कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमा को अपने कंधों पर उठाकर विसर्जन किया। ऐसी ही परंपरा का निर्वाहन बरगंडा स्थिर विश्वनाथ मंदिर में किया गया। यहां पर स्थापित मां की प्रतिमा को भक्त अपने कंधे पर लादकर विसर्जन के लिए ले गए।

पपरवाटांड-बनियाडीह में विसर्जन आज

इधर, बताया गया कि जिले के प्रसिद्ध पपरवाटांड और बनियाडीह में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को होगा। दोनों स्थानों पर भव्य तरीके से विसर्जन होगा। विसर्जन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और भी चुस्त किया गया है।

राधा मौर्य के भजनों पर झूमे हजारों श्रद्धालु

संवाददाता

जमुआ/गिरिडीह। चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है से स्टेज शो शुरू कर मशहूर गायिका राधा मौर्या ने शुक्रवार की रात मिजागंज दुर्गा मंदिर परिसर में टफकोन के द्वारा प्रायोजित भक्ति जागरण में शमां बांध दिया। एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों और लोक गीतों को गाकर हजारों दर्शकों व श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया।

दरबार तेरे आते हैं झोली मुरादों वाला लेकर जाते हैं। माता जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा, धोवत धोवात तोहरी मंदीरवा सरीखे दर्जनाधिक गीत गाकर लोगों का खूब मनोरंजन किया।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर टफ कोन परिवार की बुजुर्ग महिला सुमित्रा देवी के अलावा बाबा टी एम टी के निदेशक मोहन लाल साव, राजकुमार साव, सूरज गुप्ता, अनिमेष गुप्ता, अनिकेत गुप्ता, यश गुप्ता व राकेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का अयोजन दुर्गा पूजा के अवसर पर किया गया।

पूजा समिति के रंजीत साहू अध्यक्ष, सदा नन्द साहू सचिव, संतोष कुमार कोषाध्यक्ष, पंकज कुमार साव मीडिया प्रभारी, पूजा कमिटी के संजय साहा, राकेश कुमार, राजेश कुमार साहू, विशाल कुमार, पवन साहू, दीपक साव, बबलू साव निरज गुप्ता, रामदास साहू, प्रभाकर, राजेंद्र गुप्ता सहित कई लोग सक्रिय दिखें।कार्यक्रम स्थल हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।कार्यक्रम में जमुआ थाना के प्रभारी मणिकांत कुमार दल बल के साथ मौजूद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार, सुधीर द्विवेदी, सुधीर सिन्हा, रामचंद्र हाजरा, मो० इकबाल, सुभाष पंडा, प्रमोद गुप्ता, बद्री यादव ,शुभम सौरव को सम्मानित किया गया। यूट्यूब से जुड़े सोसल मीडिया के लक्ष्मण मंडल, दीपक रोमियो, विकास यादव को भी गिफ्ट व हैम्पर देकर सम्मानित किया गया।

मां वैष्णों देवी मंदिर में किया गया भंडारे का आयोजन

झुमरी तिलैया। असनाबाद स्थित निमार्णाधीन मां वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र के महानवमी पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साकार टीएमटी के निदेशक उदय सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शहर में मां वैष्णों देवी मंदिर का निर्माण होना एक बहुत बड़ी पहल है।उन्होंने मंदिर कमेटी को इस निर्माण में यथा संभव मदद करने की बात कही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष पंकज सिंह ने उनका आभार व्यक्त करते हुए बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं नवरात्र के दौरान ध्वजाधारी धाम के महंत श्री श्री 1008 सुखदेव जी महाराज, बिरेंद्र कुमार, मोनू सिंह एवं अन्य सदस्य गण ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

विधायक ने तालाब निर्माण की आधारशिला रखी

संवाददाता

दुगदा। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने रविवार को दुग्ध फुटबॉल ग्राउंड में डीएमएफटी फंड से 2 करोड़ 6 लाख की लागत से स्टेडियम का निर्माण और 25 लाख की लागत से दुग्दा बस्ती कमलिया बांध तालाब जीर्णोद्धार की आधारशिला रखी। इस अवसर पर विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में विकास योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुग्दा क्षेत्र के खिलाड़ियों की मांग थी कि दुग्दा में एक भव्य स्टेडियम बने ताकि युवा खिलाड़ी अपने प्रतिभा के बल से आगे बढ़ सके। इस स्टेडियम के निर्माण होने से दुग्दा क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने में काफी सहूलियत मिलेगी। साथ हीं साथ बुजुर्गों को मॉर्निंग वॉक और शारीरिक फिटनेस के लिए भी पर्याप्त जगह मिलेगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि दुगदा बस्ती के ग्रामीणों की काफी समय से मांग रही है कि कमलिया बांध तालाब का जीर्णोद्धार हो और उन्हें स्वच्छ पानी मिल सके। इसलिए तालाब की सफाई के लिए आधारशिला रखा है। इस अवसर पर जिप सदस्य संतोष कुमार पांडे, रामजी पाण्डेय, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह,चंद्रपुरा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रूपलाल गोप बिनोद संजीव सिन्हा, पिंटू सिंह, मंटु महथा, रंजीत केवट समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री सह सांसद एवं विधायक ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता

कोडरमा। गया से खुलकर कोडरमा के रास्ते मुंबई जाने वाली गया लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का रविवार से शुभारंभ हो गया है। कोडरमा स्टेशन पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ० नीरा यादव व विधायक अमित यादव ने उक्त ट्रेंन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताते चलें कि यह ट्रेन 36 घंटे में गया से मुंबई तक का सफर तय करेगी। उत्तरी छोटानागपुर के लोगों को खास तौर पर इस ट्रेन की सौगात मिली है, जहां के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में रहते है। इस ट्रेन में स्लीपर कोच के जगह 14 जनरल बोगी है, जबकि एसी 3 और एसी 2 कोच भी इस ट्रेन में लगाए गए हैं।

उद्घाटन परिचालन के मौके पर कोडरमा स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावे विधायक और धनबाद रेल मंडल के डीआरएम समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। यह ट्रेन हर रविवार को गया से खुलेगी जो कोडरमा होते हुए हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, रांची, राउरकेला होते हुए मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक जाएगी। कई राज्यों से होकर गुजरने वाली इस ट्रेन के परिचालन शुरू होने से कोडरमा समेत आसपास के लोग उत्साहित है। पहले दिन सफर करने वाले रेल यात्रियों को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुलाब फूल देकर उनका स्वागत किया। इस ट्रेन की शुरूआत होने से पहले कोडरमा से होकर मुंबई तक जाने के लिए महज दो ट्रेनों का परिचालन किया जाता था, जिसमें लंबी वेटिंग लिस्ट होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कोडरमा समेत आसपास के हजारों लोग मुंबई में रोजगार की तलाश में जाते हैं और त्योहार के सीजन में मुंबई जाने वाली ट्रेनों में उम्मीद से ज्यादा भीड़ होती है। ऐसे में लोगों का ध्यान रखते हुए त्योहारी सीजन में इस ट्रेन की शुरूआत की गई है। इस मौके पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस त्योहारी सीजन में रेल मंत्रालय ने यहां के लोगों को इस ट्रेन के रूप में खास सौगात दी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान हमेशा लोग मुंबई के लिए ट्रेन डिमांड करते थे। वहीं लोगों ने भी इस ट्रेन को कोडरमा समेत आसपास के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण लाइफ लाइन बताया।

बीबी महतो फुटबॉल ग्राउंड में हुआ रावण दहन

संवाददाता

बेरमो। बेरमो कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाया गया। नौ दिनों तक पूजा आराधना के बाद विजयादशमी की शाम 6.45 बजे बिनोद बिहारी महतो करगली फुटबॉल ग्राउंड में केंद्रीय दुर्गा पूजा कमेटी करगली द्वारा तीसरा साल बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीसीएल बीएंडके जीएम के रामा कृष्णा ने रॉकेट छोड़कर रावण दहन संपन्न किया। यहां पटाखे की आतिशबाजी के लिए निमियाघाट से तुलसी प्रसाद को बुलाया गया था, जिन्होंने पटाखों की आतिशबाजी की। रावण दहन कार्यक्रम के मौके पर काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर रावण दहन और पटाखों के आतिशबाजी देखी। इस मौके पर केंद्रीय दुर्गा पूजा कमेटी करगली के बिनोद महतो, लखनलाल महतो, सुजीत कुमार घोष, लाल सिंह, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व विद्यायक कॉ0 अरूप चटर्जी दुर्गा पुजा के उपलक्ष्य में आयोजित एगारकुण्ड मेला पहुंचे

कुमारधुबी। निरसा के लोकप्रिय व भाकपा (माले) के युवा नेता एवम पूर्व विद्यायक कॉ० अरूप चटर्जी अपनी धर्मपत्नी कॉ० आनन्दिता चटर्जी के साथ एगारकुण्ड भगवती मण्डप दुर्गा पुजा स्थल पहुंच कर मां भगवती का दर्शन कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामनाएं की। साथ हीं दुर्गा पुजा के उपलक्ष्य में आयोजित एगारकुण्ड मेले की सुव्यवस्थित संचालन व्यवस्था की तारीफ की। उनके आगमन पर एगारकुण्ड दुर्गा पुजा सह मेला कमिटी अध्यक्ष जितेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार उत्तम झा, धनु शर्मा, सुरेश पासवान, संजय सिंह, गौतम कुमार, प्रतीक सिंह तथा मेला कमिटी के कई सदस्यों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व से हीं अंचलाधिकारी एगारकुण्ड कृष्ण कुमार मंराडी उपस्थित थे।

विजयदशमी पर सिंदरी के पूजा पंडालों में सिंदूर खेल का आयोजन

सिंदरी। मां दुर्गा की प्रतीकात्मक विदाई के दौरान बंगाली परंपरा के अनुसार महिलाओं ने सिंदूर खेल का आयोजन किया। सिंदरी के दुर्गा पूजा पंडालों में मां की आरती करने के बाद महिलाओं ने सिंदूर की होली खेली। बता दें कि नवरात्रि में विचार दशमी के दिन सिंदूर खेल का विशेष महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं मां दुर्गा के साथ सिंदूर की होली खेलकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। सिंदूर खेल के माध्यम से सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना करती हैं। मान्यता है कि मां दुर्गा 10 दिन के लिए अपने मायके से विदा होकर ससुराल जाती हैं। विजयादशमी के दिन सिंदूर खेल कर उन्हें विदाई दी जाती है। महिलाएं वर्ष भर इस दिन का इंतजार करती हैं। पंडाल मे सभी महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाकर दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देती हैं।इस परंपरा को सिंदूर खेल के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर मां दुर्गा को अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण भी दिया जाता है।

भावी विधान सभा प्रत्याशी सूरज महतो का कई पूजा समितियों ने किया भव्य स्वागत

कतरास। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में दुर्गा पूजा का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं और उसमें दिव्य मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। मां दुर्गा की जय के उद्घोष व बजाए जा रहे ढाक से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। शुक्रवार को जनशक्ति के अध्यक्ष सह बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के भावी विधान सभा प्रत्याशी सूरज महतो का दर्जनों पूजा समितियों ने सम्मानित किया। महतो स्थानीय दुर्गा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। पूजा समिति के सदस्यों ने श्री महतो का स्वागत किया। महतो ने मां दुर्गा का दर्शन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। महतो ने मौके पर संबोधित करते हुए बाघमारा विधानसभा क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई दी। उन्होंने सभी के लिए सुख-समृद्ध की कामना की।

विजयदशमी पर शस्त्र पूजन का आयोजन

नारी शक्ति का करेंगे रचनात्मक विकास : सूरज महतो

संवाददाता

कतरास। विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। पंचगढ़ी बाजार स्थति ठाकुरबाड़ी मंदिर श्री श्री महारानी लक्ष्मी बाई सेना दल के बैनर तले आयोजित पूजा कार्यक्रम में जन शक्तिदल के अध्यक्ष सह बाघमारा विधासभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सूरज महतो शामिल हुए। उन्होंने शस्त्रों की आरती की। मौके पर युवतियों ने श्री महतो की कलाई में धर्म धागा बांधा और तिलक लगाया। भावी प्रत्याशी श्री महतो ने विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस अवसर पर सनातन धर्म में शस्त्रों की पूजा की जाती है। मां दुर्गा का आह्वान करते हुए नारी शक्ति को बढ़ावा देते हैं। श्री महतो ने कहा कि हमारी छोटी छोटी बहन-बेटियां मां दुर्गा के अवतार हैं। इनकी शक्त को बढ़ाना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नारी शक्ति के रचनात्मक विकास में व्यापक प्रयास किया जाएगा।

कोल फील्ड होटल में छापेमारी कर 6 महिलाओं और एक पुरुष को पकड़ा गया

संवाददाता

धनबाद। बोकारो पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर धनबाद में छापेमारी की। धनबाद थाना क्षेत्र के लिंडसे क्लब के पास पुलिस ने कोल फील्ड होटल में रेड किया। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने 6 महिलाओं सहित एक पुरुष को हिरासत में लिया और इनको अपने साथ लेकर चली गई। बताया जा रहा है कि मामला दुर्गा पूजा के दौरान मेला घूमने के लिए निकली महिलाओं को टारगेट करते हुए चेन छिनतई से जुड़ा हुआ है। ये सभी महिलाएं धनबाद के कोल फील्ड होटल में रूकी हुई थी। पुलिस ने इन महिलाओं के साथ एक पुरूष को भी हिरासत में लिया है।

धनबाद से जम्मूतवी तक कई तीर्थ स्थलों को जोड़ने वाली ट्रेन का हो रहा परिचालन

संवाददाता

धनबाद। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर धनबाद और जम्मूतवी के मध्य एक स्पेशल ट्रेन 03309/03310 एक्सप्रेस चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 03309 धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस स्पेशल धनबाद से प्रत्येक मंगलवार को तथा वापसी में गाड़ी संख्या 03310 जम्मूतवी- धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल जम्मूतवी से प्रत्येक बुधवार को चलती है। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 20 कोच हैं। यह ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित है एवं इससे लोगों को किफायती सफर करने का मौका मिलता है। इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 01.10.24 से शुरू हुआ और जैसे-जैसे लोगों में इस ट्रेन के प्रति जागरूकता बढ़ी है, इस ट्रेन के लिए टिकट बुकिंग की गति भी बढ़ गई है और 15 अक्टूबर तक धनबाद से इस ट्रेन का टिकेट वेटिंग हो गया है। इस ट्रेन से अब तक 2546 यात्री यात्रा का आनंद ले चुके हैं। यह गाड़ी देश के विभिन्न राज्यों झारखण्ड, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू- कश्मीर को जोड़ती है तथा विभिन्न मुख्य शहरों धनबाद, गया, पं. दीन दयाल उपाध्याय, काशी, वाराणसी, प्रयागराज, दिल्ली, अंबाला कैंट तथा जम्मू में रुकते हुए जाती है। इससे न केवल लोगों को आवागमन की सुविधा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है। इस मार्ग से सीधे गया, काशी, वाराणसी जैसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थानों के साथ-साथ वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन के लिए जाने में सुविधा होगी एवं दिल्ली और जम्मू- कश्मीर जैसे पर्यटन स्थलों पर भी सीधे जा सकेंगे।

बैंक मोड़ चैंबर के आयोजित कैंप से ज़िला प्रशासन को बहुत मदद मिलती है : एस पी

संवाददाता

धनबाद। विगत 3 दशकों से बैंक मोड़ चैंबर द्वारा लगाए जाने वाले तीन दिवसीय सहायता कैम्प का उद्घाटन सिटी एसपी अजीत कुमार ने किया। मौके पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, धनबाद सीओ शशि जी, बैंक मोड़ प्रभारी लव कुमार, ज़िला चैम्बर अध्यक्ष चेतन गोयंका, महासचिव अजय लाल, बैंक मोड़ चैंबर अध्यक्ष प्रमोद गोयल, महासचिव लोकेश अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष प्रभात सुरोलिया तथा ललित अग्रवाल मंच पर उपस्थित थे। इस कैम्प में एम्बुलेंस सेवा, फर्स्ट ऐड बॉक्स, खोया पाया और भीड़ के मौके पर यातायात व्यवस्था को सुचारू करने में मदद की जाती है। सिटी एसपी ने कहा कि इस कैम्प से ज़िला प्रशासन को बहुत मदद मिलती है एवं इस आयोजन के लिए उन्होंने साधुवाद दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बैंक मोड़ चैंबर अध्यक्ष प्रमोद गोयल, महासचिव लोकेश अग्रवाल, प्रशासन प्रभारी सुशील सांवरिया, सह सचिव विकाश पटवारी, कोषाध्यक्ष संदीप मुखर्जी, सुशील नरनौली, सुदर्शन जोशी अमित जैन, जावेद खान, नारायण मोदी, अनिल बर्नवाल, बजरंग अग्रवाल, राजेश टंडन, ललित अग्रवाल, संजय सरावगी, साहिद परवेज, निर्मल पोद्दार, अमर अग्रवाल आदि की सराहनीय भूमिका रही।

निरसा में विजयदशमी को शस्त्र पूजा का आयोजन

हम सभी को संत एवं सिपाही दोनों बनने की जरूरत

संवाददाता

कुमारधुबी। निरसा क्षेत्र के खुदिया फाटक सेंट्रल पुल दुगार्पूजा कमेटी के तत्वावधान में विजयादशमी को मंडप में काफी संख्या में लोगों ने अपने अपने शस्त्रों की पूजा की।

उक्त अवसर पर आयोजित शस्त्र पूजन समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सनातन संस्कृति में अनादि काल से शस्त्र पूजन की परंपरा चली आ रही है। विजयादशमी के दिन मां आदिशक्ति ने महिषासुर का वध किया था, तो उसी दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध कर अधर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की, अन्याय पर न्याय की जीत दर्ज की थी। उसी समय से हमारे देश में शस्त्र पूजन की परंपरा चली आ रही है। यह परंपरा कायम रहे, इसे लेकर इस बार पहली बार पूजा कमेटी द्वारा शस्त्र पूजन की परंपरा शुरू की गई है। जो भविष्य में भी चलती रहेगी। हम सभी को अपने देश समाज एवं धर्म की रक्षा के लिए शास्त्र एवं शास्त्र दोनों की जानकारी होनी चाहिए। जहां शास्त्र से बात बनती हो, वहां शास्त्रार्थ हो और जहां शस्त्र की बात हो वहां शस्त्र उठाने की जरूरत है। गुरु गोविंद सिंह ने संत एवं सिपाही बनकर धर्म, समाज एवं राष्ट्र की रक्षा की थी। देश के लिए हम सभी को भी संत एवं सिपाही दोनों बनने की आवश्यकता है। मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष रामविलास सिंह, सचिव मुन्ना सिंह, हरि भजन महतो, विनोद सिंह, अमन सिंह,डीएन पाठक, ध्वजाधारी हांसदा, मनोज सिंह, राजीव सिंह, दुर्गा दास, आस्तिक बाउरी, रंजीत मोदी, अरविंद जायसवाल, सुबोध टुडू, संजय सिंह पंकज सिंह पप्पू सिंह इत्यादि मौजूद थे।

सिंदरी में दशहरा एवं दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया गया

संवाददाता

सिंदरी। सिंदरी में दुर्गा पूजा काफी धूमधाम से मनाया गया। यहां आरएमके फोर पूजा पंडाल, एसकेफोर, केवन , पश्चिमांचल दुर्गा पूजा, एसीसी, सेन्ट्रल दुर्गा पूजा पंडाल, शहरपुरा सब्जी हटिया, शहरपुरा भीतर मार्केट,आई एम टाइप, रांगामती जय माता दी मंदिर, बीआई टी, डोमगढ सभी जगह एक से बढ़कर एक काफी आकर्षक साज सजावट एवं आकर्षक विद्युत रौशनी से मन को मोहने वाला दुर्गा मंडपों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर सप्तमी से दशमी तक पूजा अर्चना की गई। पूजा पंडालों का उद्घाटन विभिन्न गणमान्य लोगों एवं राजनीतिक दलों के नेताओं के द्वारा किया गया। आरएमके फोर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन सिंदरी विधायक की धर्म पत्नी श्रीमती तारा देवी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के धनबाद जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने फीता काट कर किया।उद्घाटन के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना की और माता रानी से सभी लोगों के लिए खुशी, सुखी और शान्ति हेतु प्रार्थना की। वहीं रांगामटिया जय माता दी मंदिर में सिंदरी विधायक की धर्मपत्नी तारा देवी ने फीता काट कर उद्घाटन कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक रांगामाटी जय माता दी मंदिर पहुंची, जहां विधायक को चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।

जवाहर नगर ज्योति क्लब और सौंदा डी क्लब घर में डांडिया संध्या का आयोजन

भुरकुंडा (रामगढ़)। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर जवाहर नगर ज्योति क्लब औरसौंदा डी क्लब घर में गुरुवार और शुक्रवार की शाम डांडिया संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा के सम्मान में महिलाओ, युवतियों और छोटी बच्चियों ने डांडिया रास नृत्य का प्रदर्शन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। लोगो ने मनोहारी भक्ति गीतों पर गरबा नृत्य कर देवी दुर्गा और आराध्य देवी देवताओं को अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। इस दौरान सैकड़ो महिलाएं अपनी अपनी ग्रुप बनाकर डांडिया कर रहे थे। जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा है।

महोत्सव › सिंदरी का आकर्षक एवं ऐतिहासिक रावण दहन महोत्सव

सिंदरी में सबसे ऊंचा 65 फीट का हुआ रावण दहन

रतन कुमार अग्रवाल

सिंदरी। सिंदरी रावण दहन महोत्सव के लिए शुरू से हीं मशहूर रहा है। यहां बड़े हीं धूम-धाम से शहरपुरा शिव मंदिर के प्रांगण, कान्डरा के सरकारी उच्च विधालय में रावण दहन कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण, मजदूर, व्यवसाईगण, महिलायें, बच्चे एवं शिक्षण संस्थानों के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। बता दें कि रावण दहन महोत्सव में मुख्य अतिथि पूर्व झरिया विधायक संजीव सिंह की धर्मपत्नी जनता श्रमिक संघ की महामंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, विशिष्ठ अतिथि बीआईटी निदेशक पंकज राय, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रदेश संयोजक देव नाथ सिंह, गोविंदपुर प्रखंड प्रमुख निर्मला देवी,विश्व हिन्दू परिषद बंजरग दल घनबाद के जिला महामंत्री सोनू गिरी, सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार की उपस्थिति में शान्ति पूर्वक रावण दहन महोत्सव हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में हिन्दू, मुस्लिम, सिख एवं ईसाई सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने फीता काटकर रावण दहन महोत्सव का उद्घाटन किया। मालूम हो कि सिंदरी में रावण दहन महोत्सव लगभग 67 वर्षों से मनाया जा रहा है। रावण दहन के पूर्व नगर में झण्डा जूलूस निकाला जाता है, जिसमें लोग सजाये रथ पर राम, लक्ष्मण तथा हनुमान की झांकी की भूमिका में रथ पर विराजमान थे, जो कि जगह-जगह पर करतब का प्रदर्शन करते रहे। वहीं ढोल की आवाज से पूरा वातावरण गूंजायमान था। रंगीन आतिशबाजी होती रही। प्रांगण में रथ पर सवार राम, लक्ष्मण तथा हनुमान की झांकी प्रवेश करती है, राम लक्ष्मण द्वारा रावण पर बाण चलाये जाते हैं, बाण नाभी पर लग जाती है, जिससे धू-धू कर रावण का पुतला जलकर भष्म हो जाता है। पूर्व में रावण दहन कार्यक्रम पुरे घनबाद जिला में एकमात्र सिंदरी नगर में आकर्षक एवं ऐतिहासिक मनाया जाता था। दशहरा का भव्य व आकर्षक कार्यक्रम रावण दहन शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण सिंदरी में किया जाता है। इस रावण दहन की शुरूआत 1957 में हुई थी। तब से आज तक सिंदरी के अलावा डोमगढ, कांडरा, बलियापुर, कुमारघुबी, गोमो, बोकारो आदि स्थानों पर मनाया जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी ने रावण दहन के दिन पूरे भारत में संकल्प लेने को कहा कि हम सभी को मिलकर आतंकवाद को खत्म करना है। विश्व आतंकवाद से त्राहि-त्राहि कर रहा है। कहीं-कहीं नकसल से तो कहीं कहीं जातिवाद से कई राज्य प्रभावित हैं। ज्ञात हो कि सिंदरी नगर के वार्ड नं0 55 के प्रथम पुर्व पार्षद मंदिर समिति के सचिव दिनेश सिंह की देखरेख एवं प्रशासन के सहयोग से सिंदरी में रावण दहन महोत्सव शांतिपूर्वक मनाया गया। इसमें कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथि बीआईटी सिंदरी निदेशक डॉ० पंकज राय व आप पार्टी के प्रदेश संयोजक डी एन सिंह व उनकी धर्मपत्नी निर्मला सिंह, सम्मानित अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, विहिप बजरंग दल महामंत्री सोनू गिरी, राजू तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक कुमार दीपू, वशिष्ठ नारायण सिंह को अंगवस्त्र और बुके देकर शिक्षिका सुष्मिता राय, कामेश्वर सिंह,संजय सिंह, अधिवक्ता दिनेश सिंह, विदेशी सिंह, सुनिल सिंह, रासबिहारी सिंह, बृजेश सिंह, सुरेश सिंह तथा मणिभूषण सिंह ने सम्मानित किया।

घर में घुसकर अपराधियों ने फोड़ा बम

संवाददाता

धनबाद। जिले के अलकडीहा ओपी अंतर्गत सुरुंगा में अपराधियों ने रैयत विस्थापित ग्रामीण मोर्चा के पांडव रजक के घर में पहुंचकर आतंक मचाया। अपराधियों ने बम भी फोड़ा। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हां, एस्बेस्टस का घर क्षतिग्रस्त हो गया है। भुक्तभोगी पांडव रजक ने इसकी सूचना अलकडीहा ओपी प्रभारी को दी। फोन पर सूचना मिलते हीं ओपी प्रभारी रजक के घर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया। पांडव रजक ने बताया कि वे लोग घर में सोए हुए थे, इसी बीच, रात के करीब 12:40 बजे अपराधी घर में आ धमके और बम फोड़ना शुरू कर दिया। कुछ हीं देर बाद अपराधी वहां से भाग गए। बम फूटने की आवाज सुनकर काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए। फिलहाल पांडव रजक का परिवार सदमे में है। अपराधियों ने बम क्यों फोड़े, इसके कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सुभाषितम्

एक चीज मैंने देखी है जब आप प्यार करते है दर्द की सीमा तक तो वो दर्द नहीं रहता बस प्यार बढ़ता जाता है। -मदर टेरेसा

बेरोजगारों को लाभार्थी नहीं, कामार्थी बनाए

भारत में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। पिछले तीन दशक में डिग्री से नौकरी और रोजगार की परिकल्पना का तेजी के साथ विस्तार हुआ। वैश्विक व्यापार संधि के बाद भारत में उधार के धन का प्रवाह बढ़ा है। पिछले 30 वर्षों में दुनिया के सभी देशों की आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियां बड़ी तेजी के साथ बढ़ीं हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में सारी दुनिया एक तरह से सोचने लगी। आर्थिक एवं सामाजिक विकास को लेकर सारी दुनिया में एकरूपता आई। औद्योगिक विकास को ही सबसे बड़ा विकास मान लिया गया। भौतिक आवश्यकताओं का एक नया पैमाना विकसित हुआ। डिग्री के आधार पर नौकरी और रोजगार के सृजन को मान लिया गया। शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया। किताबी ज्ञान कभी वास्तविक ज्ञान का स्वरूप नहीं ले सकता है। किताबी ज्ञान की डिग्री कभी कोई काम नहीं आ सकती है। करोड़ों डिग्री धारी युवाओं को वर्षों से रोजगार नहीं मिल रहा है। बड़ी-बड़ी डिग्रियां होने के बाद भी उन्हें 10 से 15000 रुपए की नौकरी नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण अब युवाओं में उच्च शिक्षा और डिग्रियों के प्रति अरुचि दिखने लगी है। औद्योगिक क्रांति से मशीनों को तो काम मिल सकता है, लेकिन आबादी को काम नहीं मिल पाता है। पिछले 20 वर्षों में बैंकिंग सेक्टर काफी तेजी के साथ आगे बढ़ा। बैंकों में उपभोक्ताओं की संख्या कई गुना बढ़ गई। बैंकों की कमाई कई गुना बढ़ गई। लेकिन बैंकिंग सेक्टर में काम करने वाले लोगों की संख्या घटती चली गई। यही हाल रेलवे का है। यही हाल गवर्नमेंट सेक्टर का है। उद्योग और व्यापार में जिस तरह से कॉरपोरेट कंपनियों ने अपना एकाधिकार बनाते हुए स्थानीय रोजगारों को समाप्त करने का काम किया है। पूंजी का प्रवाह कुछ बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों तक सीमित होकर रह गया, जिसके कारण मध्यवर्ग और निम्न वर्ग की बचत खत्म हो गई। निम्न और मध्यम वर्ग पर कर्ज बड़ी तेजी के साथ बढ़ गया। देश में डिग्री लेकर नौकरी की मांग करने वाले युवाओं की संख्या साल दर साल बढ़ती चली गई। जो स्थानीय रोजगार और धंधे थे, वह पूरी तरह समाप्त होते चले गए। भारत जैसे देश में जिसकी आबादी 140 करोड़ से ज्यादा हो गई है। 30 करोड़ से ज्यादा उच्च शिक्षित पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं। इन्हें बाबू और चपरासी की नौकरी भी नहीं मिल पा रही है। बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए बेरोजगारों को लाभार्थी बनाने के लिए सरकार प्रतिमाह कुछ राशि देकर बेरोजगार युवाओं के गुस्से को शांत करना चाहती है। बेरोजगार युवाओं को सरकारी सहायता पर निर्भरता बढाई जा रही है। यह स्थिति आर्थिक, सामाजिक विकास की दृष्टि से भविष्य में बहुत नुकसान पहुंचाने वाली साबित होगी। भारत की युवा आबादी ने भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में अपने ज्ञान और मेहनत के बल पर एक अलग जगह बनाई है। अब डिग्रियां होते हुए भी नौकरी या काम नहीं मिलने के कारण भारतीय युवा निराश और हताश है। युवाओं को भारत में रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है। बाहर के देशों में भी अनुभव नहीं होने के कारण काम नहीं मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में रिटेल सेक्टर में कारपोरेट कंपनियों का कब्जा हो जाने से वह पूरी तरह से टूट गया है। युवाओं के पास डिग्री है। उनके पास नौकरी और रोजगार के अवसर नहीं हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार और नौकरी के अवसर बढ़ाने होंगे। कृषि क्षेत्र लघु एवं मध्यम उद्योगों को पुनर्स्थापित करने की नीतियां बनानी होंगी। स्थानीय स्तर पर नौकरी और रोजगार के अवसर पैदा हों, ऐसा हुआ तो भारत के युवाओं को भारत के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार के बहुत सारे अवसर उपलब्ध होंगे। हर काम के लिए अनुभव जरूरी है। किताबी ज्ञान से कुछ हासिल नहीं हो सकता है। लंबे समय तक सरकारी सहायता भी देना संभव नहीं होता है। आत्मनिर्भरता के लिए हर व्यक्ति को लाभार्थी नहीं कामार्थी बनाने की जरूरत है।

चिंतन-मनन

श्रद्धा के मुताबिक पूजा

हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है।

लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलतः वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का। श्रद्धा मूलतः सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं।

आज का राशिफल

मेष : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

वृष : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

मिथुन : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

कर्क : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

सिंह : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

कन्या : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

तुला : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

धनु : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

मकर : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

कुंभ : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे नोएल टाटा


आर.के. सिन्हा

रतन टाटा के निधन के एक दिन बाद ही उनके सौतेले छोटे भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से ही टाटा समूह परोपकारी कामों को करता है। पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदम पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे। वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष हैं। उनकी छवि रतन की तरह धीर-गंभीर है। वह कोई बहुत खबरों में रहना पसंद नहीं करते। वह एक कर्मयोगी की तरह काम में लगे रहना पसंद करते हैं। रतन टाटा भी तो सुर्खियों से दूर रहना पसंद करते थे और एक शर्मीले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे।

रतन की तरह नोएल को भी अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे। नवल टाटा ने अपने एक निकट संबंधी सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी, अभी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। नोएल की मां सिमोन हैं। वह रतन टाटा की अंत्येष्टि में मौजूद थीं। उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की कंपनी लैक्मे को स्थापित किया था। सिमोन टाटा मूल रूप से स्विट्जरलैंड से हैं। वह 1953 में जब भारत आईं तो यहां उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई। उसके बाद दोनों शादी की। उन्होंने रतन टाटा और नोएल का पालन-पोषण किया।

बहरहाल, नोएल टाटा के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है कि वह रतन टाटा की विरासत को आगे लेकर जाएं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को दुनिया के बड़े कोरपोरेट हाउस में तब्दील कर दिया था। रतन टाटा अपने ग्रुप के 1991 से 2012 तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान टाटा ग्रुप के मुनाफे में 50 गुना वृद्धि हुई, जिसमें अधिकांश राजस्व विदेशों में जगुआर और लैंड रोवर वाहनों और टेटली चाय जैसे पहचाने जाने वाले टाटा उत्पादों की बिक्री से आया। रतन टाटा के नेतृत्व में उनके समूह का भारत में प्रभाव पहले से कहीं अधिक ही हुआ। दरअसल, रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे।

रतन टाटा ने वक्त रहते टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े कइसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमैन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटोर के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमैन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं।

एक बात समझनी होगी कि किसी कंपनी या उद्योग समूह की सफलता का माप केवल उसके वित्तीय प्रदर्शन से नहीं होता है। कंपनी का चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के प्रबंधन को ग्राहकों, कर्मचारियों, या समाज के साथ ईमानदारी बरतनी चाहिए। रतन टाटा की सरपरस्ती में टाटा समूह ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। रतन टाटा के लिए अपने ग्राहकों को संतुष्ट करना पहली प्राथमिकता रही। उनके चलते उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और ग्राहक सेवा में उच्च मानक रखे गए। वह अपने ग्राहकों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाने में यकीन करते थे। वह ग्राहकों को सुनते और उनकी जरूरतों को समझते थे।

रतन टाटा ने अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा इसीलिए टाटा समूह हर साल बहुत बड़ी रकम खर्च करता है। टाटा समूह सिर्फ एक कॉर्पोरेशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसके डीएनए में 'समाज सेवा' है। जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। यह अपने धर्मार्थ कार्यो के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

जमशेदजी को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है। तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगे और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा जो ह्लमाई डियर जेआरडीह्ल के नाम से प्रसिद्ध है। स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि ह्लआप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हैं। मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढ़ाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास है कि तुम ऐसा ही करोगे ह्व स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल विज्ञान का एक बढ़िया संस्थान शुरू कर दिया जो आज 'इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस' के नाम से विश्वविख्यात है और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं।

अब नोएल टाटा को टाटा समूह के धर्मार्थ कार्यों पर फोकस करना होगा। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास, आपदा राहत और कला-संस्कृति जैसे क्षेत्रों में काम करना होगा। टाटा समूह समाज सेवा में एक दीर्घकालीन प्रतिबद्धता रखता है। वह कई दशकों से इन कार्यों में लगातार जुड़ा हुआ है और यह प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहनी चाहिए। सारे देश को पता है कि टाटा समूह समाज सेवा के माध्यम से सतत विकास में विश्वास रखता है। इसके कार्य न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगे। टाटा समूह के धर्मार्थ कार्य देश के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान हैं। अब देश को नोएल टाटा से यह आशा है कि वह अपने समाज सेवा से जुड़े कार्यों को जारी रखेगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन ही क्यों हुई

प्रहलाद सबनानी

भारतीय परंपरा में, 'आश्विन शुक्ल दशमी' को, अक्षय स्फूर्ति, शक्तिपूजा एवं विजय प्राप्ति का दिवस माना जाता है। किसी भी शुभ, सात्विक एवं राष्ट्र गौरवकारी कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह मुहूर्त सर्वोत्तम माना गया है। विजयादशमी का यह उत्सव आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्तियों की विजय का प्रतीक है।

विजयादशमी के दिन ही सतयुग में भगवती मां दुर्गा के रूप में दैवी शक्ति ने महिषासुर का मर्दन किया था। त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने वनवासियों का सहयोग लेकर, उन्हें संगठित कर तथा सेतु-निर्माण कर, दुष्ट रावण की आसुरी शक्तियों का विनाश किया था। इसी प्रकार द्वापर युग में श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में दैवी शक्तियों ने आसुरी शक्तियों का विध्वंस किया था। कलयुग में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हिंदुत्व का स्वाभिमान लेकर हिंदू पद-पादशाही की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा सीमोल्लंघन की परंपरा का प्रारंभ भी इसी पावन दिवस पर किया गया था। रामलीला तथा दुगार्पूजा इन दोनों उत्सवों को, इस विजयशाली दिवस की पावन स्मृति को, लोकमानस में बनाए रखने की दृष्टि से ही मनाया जाता है। विजयादशमी के पावन दिवस पर शस्त्र-पूजन की परंपरा भी है। 12 वर्ष के वनवास तथा 1 वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात् पांडवों ने अपने शस्त्रों का पूजन इसी दिन किया था तथा उन्हें पुनः धारण किया था।

विजयादशमी के दिन ही परमपूज्य आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने नागपुर के मोहिते के बाड़े में संवत 1983 तदनुसार 27 सितंबर 1925 ईसवी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी अर्थात राष्ट्र जीवन में शक्ति का निर्माण करने के लिए संकल्पित संघ का कार्य भी इसी दिन के शुभ मुहूर्त से प्रारंभ हुआ था। वर्ष 2024 में विजयादशमी दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, अर्थात् संघ का यह सौवां विजयादशमी उत्सव है।

मुगलकाल एवं ब्रिटिश शासनकाल के अंतर्गत हिन्दू लोक जीवन विखंडित हो गया था। हिन्दू धर्म के मूल रहस्यों से अनभिज्ञ आक्रांताओं ने न केवल वैयक्तिक अधिकारों का हनन किया अपितु हिन्दू धर्म के मूल ग्रंथों को भी नष्ट कर दिया। 1000 वर्षों तक सनातन संस्कृति विधर्मियों के प्रहार को झेलती हुई लगभग मृतप्राय बना दी गई थी। साथ ही, जिस खंडकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी वह मुस्लिम तुष्टिकरण का काल था। वर्ष 1920 में देश में खिलाफत आंदोलन शुरू हुआ। मुसलमानों का नेतृत्व मुल्ला-मौलवियों के हाथों में था। इस खंडकाल में मुसलमानों ने देश में अनेक दंगे किए। केरल में मोपला मुसलमानों ने विद्रोह किया। उसमें हजारों हिंदू मारे गए। मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण के कारण हिंदुओं में अत्यंत असुरक्षिता की भावना फैली थी। हिंदू संगठित हुए बिना मुस्लिम आक्राताओं के सामने टिक नहीं सकेंगे, यह विचार अनेक लोगों ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार हिंदू हितों के रक्षार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि 'संघ शक्ति कलौ युगे' अर्थात् कलयुग में संगठन ही सर्वोपरि है। इस वाक्य के अनुरूप ही संघ में संगठन को विशेष महत्व प्रदान किया जाता है। अब आवश्यकता है कि मूल्य परक हिन्दू जीवन पद्धति जिससे न केवल मानव अपितु प्रकृति एवं जीव-जन्तु जगत का भी उत्थान सम्भव है, उसे पुनः प्रतिष्ठित किया जाए। इस प्रकार, संघ के प्रयासों से भारत में विस्मृत राष्ट्रभाव का पुनर्जागरण प्रारम्भ हुआ है।

भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। मार्च, 2024 में संघ की नागपुर में आयोजित प्रतिनिधि सभा की बैठक में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 922 जिलों, 6597 खंडों एवं 27,720 मंडलों में 73,117 दैनिक शाखाएं हैं, प्रत्येक मंडल में 12 से 15 गांव शामिल हैं। समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में संघ की प्रेरणा से 40 से अधिक विभिन्न संगठन अपना कार्य कर रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण तथा हिंदू समाज को संगठित करने में अपना योगदान दे रहे हैं। देश में राजनैतिक कारणों के चलते संघ पर तीन बार प्रतिबंध भी लगाया गया है - वर्ष 1948, वर्ष 1975 एवं वर्ष 1992 में - परंतु तीनों ही बार संघ पहिले से भी अधिक सशक्त और मुखर होकर भारतीय समाज के बीच उभरा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'हिंदू' शब्द की व्याख्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संदर्भ में करता है जो किसी भी तरह से (पश्चिमी) धार्मिक अवधारणा के समान नहीं है। इसकी विचारधारा और मिशन का जीवंत सम्बंध स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, बाल गंगाधर तिलक और बीसी पाल जैसे हिंदू विचारकों के दर्शन से हैं। विवेकानंद ने यह महसूस किया था कि 'सही अर्थों में एक हिंदू संगठन अत्यंत आवश्यक है जो हिंदुओं को परस्पर सहयोग और सराहना का भाव सिखाए।'

स्वामी विवेकानंद के इस विचार को डॉक्टर हेडगेवार ने व्यवहार में बदल दिया। उनका मानना था कि हिंदुओं को एक ऐसे कार्य दर्शन की आवश्यकता है जो इतिहास और संस्कृति पर आधारित हो, जो उनके अतीत का हिस्सा हो और जिसके बारे में उन्हें कुछ जानकारी हो। संघ की शाखाएं इस महान कार्य को आगे बढ़ाते हुए 'स्व' के भाव को परिशुद्ध कर उसे एक बड़े सामाजिक और राष्ट्रीय हित की भावना में मिला देती हैं। संघ की शाखाओं में अनोखी पद्धति का अनुपालन करते हुए युवाओं में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया जाता है। शाखा की इस अनोखी पद्धति की सराहना आज पूरे विश्व में ही की जा रही है। वस्तुतः यह कह सकते हैं कि हिंदू राष्ट्र को स्वतंत्र करने व हिंदू समाज, हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा कर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से डॉक्टर साहब ने संघ की स्थापना की। आज संघ का केवल एक ही ध्येय है कि भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जाय।

संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी की दृष्टि हिंदू संस्कृति के बारे में बहुत स्पष्ट थी एवं वे इसे भारत में पुनः प्रतिष्ठित कराना चाहते थे। डॉक्टर साहब के अनुसार, 'हिंदू संस्कृति हिंदुस्तान का प्राण है। अतएव हिंदुस्तान का संरक्षण करना हो तो हिंदू संस्कृति का संरक्षण करना हमारा पहला कर्त्तव्य हो जाता है। हिंदुस्तान की हिंदू संस्कृति ही नष्ट होने वाली हो तो, हिंदू समाज का नामोनिशान हिंदुस्तान से मिटने वाला हो, तो फिर शेष जमीन के टुकड़े को हिंदुस्तान या हिंदू राष्ट्र कैसे कहा जा सकता है? क्योंकि राष्ट्र, जमीन के टुकड़े का नाम तो नहीं है... यह बात एकदम सत्य है। फिर भी हिंदू धर्म तथा हिंदू संस्कृति की सुरक्षा एवं प्रतिदिन विधर्मियों द्वारा हिंदू समाज पर हो रहे विनाशकारी हमलों को कांग्रेस द्वारा दुरलक्षित किया जा रहा है, इसलिए इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आवश्यकता है।'

वस्तुतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आज भी लक्ष्य हिंदुओं को जाति, क्षेत्र और भाषा के कृत्रिम विभाजन के चलते उत्पन्न सामाजिक सांस्कृतिक विरोधाभासों से उबारना है। इसकी आकांक्षा है कि भारत को विश्व गुरु का स्थान अपने कृतत्व, दर्शन और सांस्कृतिक प्रभाव से पुनः मिले। भारतीय समाज को संघ के इन प्रयासों से अपने आप को जोड़ना चाहिए तभी भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

हाल ही के समय में हिंदू समाज में दिखाई दे रही एकरसता के चलते भारत का रुतबा वैश्विक स्तर पर बढ़ा है, यह परिणाम स्पष्ट तौर पर दिखाई देने लगा है। भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में अमेरिका, रूस, जापान, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स जैसे पश्चिमी देशों के नाम ही सुनाई देते रहे हैं। यूनाइटेड नेशन्स में वीटो पावर भी इन्हीं देशों के पास रही है। भारत का इस दृष्टि से दूर दूर तक नाम दिखाई नहीं देता था। परंतु, आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। 'एशिया पावर इंडेक्स 2024' नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। यहां यह ध्यान देने योग्य बात है कि भारत का विकास स्पर्धा के लिए नहीं है, बल्कि पूरे विश्व में अच्छा वातावरण बनाने तथा शांति स्थापित करने के लिए है क्योंकि भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना में विश्वास रखता है।

हरियाणा में जीती बाजी हार गई कांग्रेस

सुरेश हिन्दुस्थानी

अभी हाल ही में देश के दो महत्वपूर्ण राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के बाद तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। जहां हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अप्रत्याशित रूप से लगातार तीसरी बार सत्ता प्राप्त की है, वहीं अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए चुनाव में भाजपा को खास सफलता नहीं मिली। जम्मू-कश्मीर में भाजपा को इस बार कुछ अच्छा होने की उम्मीद थी, लेकिन वहां अनुच्छेद 370 की प्रबल समर्थक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है। इसका आशय यही निकलता है कि जम्मू -कश्मीर के घाटी वाले हिस्से में मिलाजुला जनादेश मिला है। वहीं, हरियाणा की बात की जाए तो इस प्रदेश में कांग्रेस की असफलता का एक बड़ा कारण गठबंधन नहीं होना ही माना जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस को यह गुमान हो गया था कि वह अपने दम पर सरकार बनाने में सफलता हासिल कर लेगी लेकिन कांग्रेस को एक बार फिर निराश होना पड़ा। कांग्रेस की इस पराजय ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। यह सच है कि अगर हरियाणा में भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों में समन्वय हो जाता तो शायद परिणाम भिन्न हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों की अनसुनी करके अपनी पराजय का मार्ग तैयार कर लिया। अब कांग्रेस इस हार को प्रादेशिक नेतृत्व के सिर मढ़कर केंद्रीय नेतृत्व को बचाने की जुगत में लग गई है। जबकि पूरे चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व की अप्रत्यक्ष कमान संभाल रहे राहुल गांधी बेहद सक्रिय दिखाई दिए। सभी जानते हैं कि कांग्रेस जीत के प्रति पूरी तरह से आशान्वित थी। यहां तक कि कांग्रेस ने जीत के जुलूस की भी व्यापक तैयारी की थी।

हालांकि हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को जमीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी। कहा जाता है कि किसी भी प्रकार की लड़ाई में दुश्मन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो दिखते तो बिल्कुल दोस्त जैसे हैं, लेकिन जहां अवसर मिलता है, वे सामने वाले के पैर खींचने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के बीच इसी प्रकार की दुश्मनी दिखाई दी। प्रदेश की प्रमुख महिला नेता शैलजा तो जैसे कोपभवन में ही बैठ गई थीं। वे जब सक्रिय हुई तब तक कांग्रेस बहुत प्रचार अभियान में बहुत पीछे जा चुकी थी।

हरियाणा की राजनीतिक स्थिति का आकलन किया जाए तो बहुत पहले यह परिलक्षित होने लगा था कि इस बार भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। क्योंकि हरियाणा में भाजपा के विरोध में किसान और पहलवान एक प्रकार से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए देशभर के आंदोलनों के सूत्रधार बने हुए थे। कांग्रेस चाहती तो इस वातावरण का राजनीतिक लाभ प्राप्त कर सकती थी, लेकिन कांग्रेस के नेता स्थिति का अध्ययन इसलिए नहीं कर सके, क्योंकि वे इस बात के लिए पूरी तरह आश्वस्त हो चुके थे कि कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। बस कांग्रेस यहीं बड़ी चूक कर गई और हरियाणा में कांग्रेस के सपने एक बार फिर चकनाचूर होते चले गए। ऐसे अब कांग्रेस को सिरे से चिंतन और मंथन करने की आवश्यकता है। हालांकि देश में 2014 के बाद विभिन्न प्रकार के 47 चुनाव हुए, जिसमें से 36 चुनावों में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा। हर पराजय के बाद कांग्रेस में चिंतन और मंथन करने की बात की जाती है लेकिन इस चिंतन में शीर्ष नेतृत्व पर उंगली उठाने का साहस किसी में नहीं होता। अंततः वही होता है, जैसा राहुल गांधी चाहते हैं। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

सूडोकु नवताल- 7218

★★★★★
कठिनतम

7							4	
		5		3			7	
					8			2
					1	9		
	2						8	
		6	7					
1			4					
	9			2		5		
	8							1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 7217 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

शांतिपूर्ण माहौल में रावण दहन के साथ संपन्न हुआ दशहरा पर्व

संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का अहम भूमिका रहा।छूटपुट घटनाओं को छोड़कर शहर में शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा त्यौहार संपन्न हुआ।पलामू जिला मुख्यालय सहित जिले के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को दशहरा मनाते हुए रावण दहन किया गया। साथ ही प्रतिमा का भी विसर्जन किया गया।रविवार को भी पलामू में मूर्ति विसर्जन किया जाएगा।शनिवार की शाम मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में चंद्रशेखर आजाद क्लब के तत्वावधान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महापौर अरूणा शंकर शामिल हुई। मौके पर उप-महापौर मंगल सिंह, भाजपा नेता मनोज सिंह, विजय ओझा आदि लोग शामिल हुए।अतिथियों ने रावण दहन के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला।

मौके पर उपस्थित अरुणा शंकर ने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य की और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भाजपा नेता मनोज सिंह ने कहा कि पवित्रता की पहचान संकल्प से होती है।इस अवसर पर हम सभी को संकल्प लेने की जरूरत है कि हम बुराई से लड़ेंगे और हमेशा अपने अंदर के राम को जीवित रखेंगे,ताकि रावणवृत्ति का नाश हो. उन्होंने कहा कि रावण व्यक्ति नहीं बल्कि वृति का नाम है।यह हर काल में रहे हैं, लेकिन इस तरह की वृति को नाश करने के लिए हमेशा महानायक पैदा हुए हैं. देश को मजबूती प्रदान करने के लिए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किये जा रहे कार्यों को सैल्यूट किया।वही रावण दहन कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

रावण दहन कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान, टाइगर मोबाइल के जवान रोहित कुमार राकेश सिंह, विनोद यादव इसरार खान सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।वही दूसरी तरफ कोयल नदी में प्रतिमा विसर्जन के पहले श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल की टीम ने दुर्गा जौहरी के नेतृत्व में मेदिनीनगर के छहमुहान पर विभिन्न कमेटी सदस्यों की पगड़ीपोशी कर उत्साहवर्द्धन किया।

वही पंडवा प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों के कमेटी द्वारा पगड़ी पोशी कार्यक्रम पूजा कमेटी के सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया एवं प्रखंड के कई गणमान्य लोगों को पगड़ी देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मध्य विद्यालय पंडवा के पूजा कमेटी द्वारा बसपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजन मेहता, पंडवा प्रमुख गीता मेहता,फेयर माइन कार्बन कंपनी के एजीएम जसवंत कुमार, पंडवा मुखिया,सामाजिक कार्यकर्ता रामपति मेहता, अनिल कुमार गुप्ता समेत कई लोगों को कमेटी के सदस्यों ने पगड़ी देकर सम्मानित किया।

दशहरा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक : अविनाश

संवाददाता

मेदिनीनगर। मेदिनीनगर का पूरा इलाका पूजा-पंडालों से पटा हुआ है, वहीं वातावरण भक्तिमय है। माता के दर्शन के लिए भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ी है, वहीं श्री केंद्रीय दुर्गापूजा महासमिति के संरक्षक होने के नाते संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव ने लगभग सभी पूजा-पंडालों में जा-जाकर माता रानी जी दिव्य दर्शन किए। मौके पर महिला, पुरुष, बूढ़ा, बच्चा आदि की भीड़ देखते बन रही थी। पूजा-पंडालों की भव्यता माता रानी के दरबार में चार चांद लगा रही थी, वहीं पुलिस-प्रशासन भी अपने कर्तव्य पर दृढ़-निश्चय दिखे, जिस कारण सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद था। इसके अलावे सभी पूजा समितियों के लोग पर्यावरण की स्वच्छता का ख्याल रखे हुए थे।

समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सदस्यों ने अविनाश देव का गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। क्लब समिति के सदस्यों एवं दर्शकों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा कि दशहरा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। आगे उन्होंने कहा कि महानवमी को बेटियों की पूजन होती है। हम वैसे माता-पिता से कहना चाहेंगे, जो गर्भ में ही बेटियों को हत्या कर देते हैं। उन नन्हे फरिश्ते को धरती पर आने दें, क्योंकि आज जमाना बदल गया है। लोग प्रगतिशील विचार के हैं। आज आप सिर्फ अपनी बच्चियों की पढ़ाई, लिखाई एवं उत्तम परवरिश करें। आज के समय में एक बेटी, दस बेटों के बराबर है। विनेश फोगाट से लेकर पीवी सिंधु तक, दीपिका से लेकर पीटी उषा तक, माया, ममता, जय ललिता से लेकर कल्पना सोरेन तक...इसका उदाहरण है। बदलते वक्त के साथ नौजवानों को मशविरा देंगे कि अब लड़कियों को कमजोर न समझें और आप सब नशाखोरी से दूर रहकर अपने कैरियर को अपना लक्ष्य बनाएं, क्योंकि आप देश के भविष्य, समाज के हीरा एवं घर के रौशनी हैं।

शारदीय नवरात्र पर अंजनी सिन्हा ने कराया कन्या पूजन

संवाददाता

मेदिनीनगर। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के शिक्षक अंजनी सिन्हा ने शुक्रवार को अपने घर पर शारदीय नवरात्र माता सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के साथ कन्याओं को अपने हाथों से प्रसाद खिलाया और उनका आशीर्वाद लेकर उन्हें विदा किया।वही मौके पर उपस्थित शिक्षक अंजनी सिन्हा ने बताया कि नवरात्र पर्व के दौरान कन्या पूजन का बड़ा महत्व हैं। नवरात्रि की अष्टमी पर कन्या पूजन का विधान है. इस दिन माता को हलवा पुरी की कढ़ाई की जाती है, जिसमें कन्या पूजन करके माता का प्रिय व्यंजन काले चने, हलवा, पुरी कन्याओं को खाने के लिए दिया जाता है. इसके बाद अगर कोई इंसान व्रत रखता है, तो उसका पारण भी किया जाता है।वही नवरात्र के आखिरी दिन शुक्रवार को महानवमी के अवसर पर जिले भर में कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर नौ कन्याओं को भोजन करवाकर कन्याओं के पाद प्रक्षालन कर पूजा की गई। जिसके बाद कन्याओं को फल एवं दक्षिणा देकर ढोक देकर उनका आशीर्वाद लिया गया। जिला मुख्यालय में विभिन्न देवियो मंदिरों के अलावा घरो में नवरात्रि का व्रत रखने वाले धर्मप्रेमियों ने कन्यापूजन कर उन्हें भोजन करवाया।

पलामू में दूर्गा पूजा की धूम

एक से बढ़कर एक बनाए गए सुंदर पूजा पंडाल, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह चरम पर है. भक्त अपने पूरे परिवार के साथ मां दुर्गा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं. मान्यता है कि मां 9 दिनों तक मृत्युलोक में रहती हैं और अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं।मां के स्वागत के लिए भक्तों ने पलामू जिले में एक से बढ़कर एक पंडाल बनाए हैं।पंडालों को देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

बदलते दौर में पंडाल का स्वरूप भी बदल रहा है।पलामू की बात करें तो 500 से अधिक छोटे बड़े पंडाल बनाए गए हैं।वही मेदिनीनगर शहर में करीब 100 पंडाल हैं. जहां आकर्षक विद्युत सज्जा भी देखने को मिल रही है। मेदिनीनगर शहर के बैरिया चौक स्थित जीनियस क्लब दुर्गा पूजा समिति ने बुर्ज खलीफा के तौर पर दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कियाहै।जहां लेजर शो के द्वारा एक से एक बढ़ कर एक तस्वीर प्रस्तुत किया जा रहा है जिसे देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई है।

वही साहित्य समाज चौक पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आदिवासी संस्कृति की झलक दिख रही है। इस पंडाल को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई है।वही ठाकुरबारी दुर्गा मंदिर में दुर्गा मां की बेहद आकर्षक मूर्ति है. जो पूरे जिले की सुर्खियों में है। दुर्गा पूजा के अवसर पर सड़कों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है।शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में देर रात तक भीड़ देखी गई. इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूजा पंडाल में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पलामू एसपी के निर्देश पर पलामू जिले के सभी पूजा पंडाल में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।

19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के पिंडरी गांव निवासी गोपाल चौधरी के पुत्र करण कुमार उम्र 19 वर्ष बीती रात अपने घर से आधा किलोमीटर दूर पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात किसी बात को लेकर उसका परिजनों से बहस हो गया। इसके बाद वह घर से निकाल कर चला गया। देर रात तक वह अपने घर वापस नहीं लौटा तो परिजन काफी परेशान और चिंतित हो गए। परिजनों को शनिवार की सुबह पता चला कि करण घर से कुछ दूरी पर पेड़ के सहारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।वही इस घटना को देखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी गई।

देसी कट्टा और दो खोखा के साथ युवक गिरफ्तार

संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी के निर्देश पर नावाजयपुर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को देशी कट्टा और दो खोखा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस संबंध में नावाजयपुर थाना प्रभारी ने बताया की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि नावाजयपुर थाना क्षेत्र के पंचकेड़िया गांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक किसी घटना को अंजाम देने के लिए देसी कट्टा लेकर घूम रहा है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर देसी कट्टा के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।पकड़े गए युवक की पहचान नावाजयपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ टोला निवासी भुवनेश्वर महतो के पुत्र संतु कुमार महतो उम्र 32 वर्ष के रूप में की गई है।

पलामू एसपी ने ठाकुर बाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना कर पूरे पूजा पंडाल का किया भ्रमण

संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी रिशमा रमेशन और एसपी अंजनी अंजन नवरात्र के पावन अवसर पर मेदिनीनगर शहर के ठाकुर बाड़ी दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर शहर के सभी दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया। दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से एसपी ने शहर का भ्रमण किया।

इस दौरान एसपी ने किसी भी विपरीत परिस्थिति में पंडाल समितियों को जिला नियंत्रण कक्ष एवं थानों से संपर्क करने का निर्देश दिया।

उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता के लिए पुलिस प्रशासन मदद के लिए तैयार है। उन्होंने आम अवाम से अपील की है कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दे और किसी तरह की समस्या होने पर सीधे पुलिस को सूचित करे।

पुलिस अधीक्षक ने पूजा समिति के प्रबंधकों एवं सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करते हुए दुर्गा पूजा त्यौहार को मनाएं। मौके पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान, टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार, अंग रक्षक नंदलाल पटेल, इसरार खान, विनोद यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

शिव मंदिर समिति ने सदर थाना प्रभारी को किया सम्मानित

मेदिनीनगर। दुर्गा पूजा त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सदर प्रखंड के सुआ कौडिया झरिया शिव मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति के सदस्यों ने सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय को तलवार देकर उन्हें सम्मानित किया।वही मौके पर उपस्थित सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि मां दुर्गे की पूजा करने में सुकून मिलता है। पर्व त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान हैं। पर्व हमें जोड़ने का काम करती है।दुर्गा पूजा में मां दुर्गा की शक्ति की पूजा की जाती है। मां दुर्गा की शक्ति से ही सृष्टि का संचार हुआ है। यह शक्ति उपासना का पर्व है। जो हम किसी को जोड़ने का काम करता है।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी समुदाय के लोग आपस में एकजुट होकर इस पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में बनाएं।वही मौके पर उपस्थित शिव मंदिर समिति के सदस्य टाइगर चंद्रवंशी ने कहा कि दुर्गा पूजा में मां की कई रूपों में पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो देवी की आराधना श्रद्धा और समर्पण के साथ करते हैं उनके जीवन में कभी किसी प्रकार का दुख नहीं रहता है। मां अम्बा भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और भगवान शिव समेत अन्य देवताओं की शक्ति से प्रकट हुई हैं।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन विवाद

प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद हुआ प्रतिमा का विसर्जन, तीन घायल, दो की हालत नाजुक

संवाददाता

गढ़वा। थाना क्षेत्र के लखन गांव में दुर्गा पूजा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद ने गांव को 12 घंटे तक तनावपूर्ण स्थिति में रखा। शनिवार दोपहर 3 बजे शुरू हुआ यह विवाद देर रात तक नारेबाजी, पथराव और हिंसा में बदल गया, जिसमें लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में से तीन की हालत गंभीर है, जिन्हें गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

इनमें से दो की हालत नाजुक होने पर रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया है।इधर आज चार बजे प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया है। जबकि इस घटना में तीन लोग जो घायलहुए है उनमें लखना गांव का नासिर खान तथा नशिम खान की पत्नी जुमेरा बीबी एवं परिहारा गांव का रोहित चौहान शामिल है। नसीर और रोहित की स्थिति काफी गंभीर है ,जिन्हें रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है।

वहीं घायल महिला जुमेर का सदर अस्पताल में ईलाज चल लहा है।शनिवार को शिव मंदिर के पूजा पंडाल से दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते समय विवाद शुरू हुआ। प्रतिमा को गांव में भ्रमण के दौरान मुस्लिम आबादी के बीच से धोबी जाति के हिंदू परिवारों के घर दर्शन के लिए ले जाया जा रहा था। इसी दौरान मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने रास्ते पर चौकी रखकर वाहन से जा रही प्रतिमा को रोक दिया। घटना की खबर फैलते ही गांव और आसपास के हजारों लोग मौके पर जमा हो गए। प्रशासन को सूचना मिलते ही, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडे और डीएसपी ने मामले को सुलझाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन दोनों समुदाय अपनी-अपनी मांगों पर अड़े रहे। एक ओर हिंदू समुदाय प्रतिमा को धोबी जाति के बस्ती तक ले जाने पर जोर दे रहा था, तो दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय प्रतिमा को अपने इलाके से गुजरने देने को तैयार नहीं था।रात करीब 9:30 बजे स्थिति और बिगड़ गई जब पथराव शुरू हो गया।

सड़क दुर्घटना में 55 वर्षीय महिला समेत चार वर्षीय बच्चे की मौत

संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर थाना क्षेत्र के रुदवा गांव में बीती रात सड़क दुर्घटना में एक छोटा बच्चा गौतम कुमार उम्र 4 वर्ष और एक महिला इतवरिया कुंवर उम्र 55 वर्ष की मौत हो गई।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की रुदवा गांव निवासी स्वर्गीय नरेश सिंह का पुत्र सुनील कुमार सिंह गुरुवार को अपने मां इतवरिया कुंवर और भतीजा गौतम कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर सरईडीह अपने रिश्तेदार के इलाज के लिए गए थे। उधर से शाम में करीब 7:00 बजे घर लौटने के क्रम में रुदवा गांव के पास एक ट्रक ने उनके बाइक को टक्कर मार दिया।जिसमे बाइक से गिर कर तीनो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए छतरपुर अनुमडलीय अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने तीनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।जहां चिकित्सकों ने इतवरिया कुंवर और 4 वर्षीय बच्चा गौतम कुमार को मृत घोषित कर दिया।वही चिकित्सको ने घायल सुनील कुमार सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुवे उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है। वही इस घटना के बाद छतरपुर थाना की पुलिस धक्का मार कर भाग रहे ट्रक को हरिहरगंज से पकड़ कर थाना ले गई है। इस घटना के बाद से पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

सड़क दुर्घटना में महिला सहित तीन व्यक्ति घायल

मेदिनीनगर। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के डबरा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में दो सगे भाई छोटू कुमार उम्र 25 वर्ष, रामकिशुन राम 40 वर्ष और एक महिला कांति देवी उम्र 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की शाम तीनो व्यक्ति दारूडीह गांव से बाइक पर सवार होकर लेस्लीगंज बाजार जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में डबरा मोड़ के पास एक पिकअप ने उन्हें पीछे से धक्का मार दिया जिसमें बाइक से गिरकर तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण व परिजनों के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी तीनों व्यक्ति की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इस घटना के बाद लेस्लीगंज थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर दोनो वाहनों को जब्त कर उसे थाना ले गई है।वही इस घटना के बाद पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

शिव मंदिर समिति ने सदर थाना प्रभारी को किया सम्मानित

संवाददाता

मेदिनीनगर। दुर्गा पूजा त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सदर प्रखंड के सुआ कौडिया झरिया शिव मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति के सदस्यों ने सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय को तलवार देकर उन्हें सम्मानित किया।वही मौके पर उपस्थित सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि मां दुर्गे की पूजा करने में सुकून मिलता है। पर्व त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान हैं।

पर्व हमें जोड़ने का काम करती है।दुर्गा पूजा में मां दुर्गा की शक्ति की पूजा की जाती है। मां दुर्गा की शक्ति से ही सृष्टि का संचार हुआ है। यह शक्ति उपासना का पर्व है। जो हम किसी को जोड़ने का काम करता है।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी समुदाय के लोग आपस में एकजुट होकर इस पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में बनाएं। वही मौके पर उपस्थित शिव मंदिर समिति के सदस्य टाइगर चंद्रवंशी ने कहा कि दुर्गा पूजा में मां की कई रूपों में पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो देवी की आराधना श्रद्धा और समर्पण के साथ करते हैं उनके जीवन में कभी किसी प्रकार का दुख नहीं रहता है। मां अम्बा भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और भगवान शिव समेत अन्य देवताओं की शक्ति से प्रकट हुई हैं।

संक्षिप्त खबरें

प्रेम प्रसंग के विवाद में हिंसक झड़प,एक की मौत, तीन गंभीर

पूर्वी चंपारण। जिले के पीपरा कोठी थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के विवाद में हुई हिंसक झड़प में एक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घटना पीपराकोठी के झखरा गांव की है। जहां प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर दो बंगाली परिवारो के बीच हुई हिंसक भिड़ंत में दोनो पक्ष में जमकर दाब ,कुदाल व अन्य हथियार चलाये गये।जिसमे तापस चंद्र दास नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई।वही दीपू कुमार ,विजय उर्फ कुनहु व दीपाली कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिसमे एक गंभीर को मुजफ्फरपुर रेफर किया गया है।जबकि अन्य का इलाज मोतिहारी सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और सूचना मिलते ही पिपराकोठी पुलिस मौके पर पहुंची व मामले की जांच की।वही मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर डीएसपी सदर 2 के नेतृत्व में गठित टीम ने घटना के महज चार घंटे के अंदर घटना में शामिल तीन नामजद अभियुक्तों में शामिल जगबंन्धु ब्यापारी उर्फ जग्गू आकाश ब्यापारी व प्रकाश ब्यापारी को गिरफ्तार कर लिया है।साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दाब ,खून लगे कपड़े व चप्पल और मोबाइल फोन भी बरामद करते हुए मृतक तापस चंद्र दास के शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रेलवे ट्रैक पर महिला का मिला शव

नवादा। जिले में हिसुआ स्थित तिलैया-राजगीर रेलखंड के तिलैया जंक्शन के पास रेलवे ट्रैक पर रविवार को एक महिला का क्षत-विक्षत शव मिला है। महिला का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है। हालांकि, अबतक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उसने खुदकुशी की या हादसे का शिकार हुई या फिर हत्या कर शव ठिकाने लगाया गया। रेलवे ट्रैक पर एक महिला का क्षत-विक्षत शव की जानकारी मिलने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। फिलहाल महिला कहां की है, ट्रेन से गिरकर या अन्य कारणों से उसकी मौत हुई, इसे लेकर घटनास्थल पर जीआरपी के अधिकारी और हिसुआ पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शिनाख्त के लिए शव की तस्वीरें इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर दी गई हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने और शिनाख्त होने से पहले इस बाबत कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। संभावना व्रत की जा रही है कि महिला की हत्या कर शव को फेंक दिया गया।

मेघबालिका में धूमधाम से संपन्न हुई दुर्गा पूजा

कोलकाता। महानगर के उपनगरीय क्षेत्र बारुईपुर स्थित इडेन मेघबालिका आवासीय परिसर में लगातार दूसरे वर्ष दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान षष्ठी से दशमी तिथि तक संपूर्ण मेघबालिका परिसर भक्ति, उल्लास और आनंद से सराबोर रहा। एक तरफ पारंपरिक विधि-विधान से भगवती दुर्गा की आराधना की गई, वहीं दूसरी तरफ रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें मेघबालिका के निवासियों ने गीत-संगीत, नृत्य, नाटक सहित विभिन्न प्रकार की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। परंपरागत लिबास से सुसज्जित लोग, रोशनी की जगमगाहट और ढाक की चिरपरिचित ध्वनि से पूरे आवासीय परिसर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। दशमी को देवी वरण के उपरांत प्रतिमा विसर्जन के साथ ही चार दिवसीय महोत्सव का समापन हो गया। मेघबालिका उत्सव कमिटी के सचिव सुब्रत सेन ने बताया कि इस बार बेहतरीन आयोजन के लिए मेघबालिका की पूजा को एसएसबी के 'शारद सम्मान से नवाजा गया जो हमें अगले वर्ष और भव्य आयोजन के लिए प्रेरित करेगा।

सड़क किनारे मिला महिला का शव

किशनगंज। जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र के लोहागाड़ा हाट के समीप एनएच-327 ई के फ्लाई ओवर के किनारे रविवार को एक महिला का शव मिला। शव के मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई है। शव को देखने के लिए एनएच पर भारी भीड़ जुट गई। मृतका की पहचान बनगमा पंचायत के सिंघिया निवासी साबिर आलम की पत्नी रुखसार बेगम के रूप में हुई है। स्थानीय लोगो ने महिला के मौत की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची बहादुरगंज थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है, और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतिका महिला अपने मायके ताराबाड़ी में थी, उसका पति आज उसे लेकर ससुराल आ रहा था। फिलहाल हत्या है या आत्महत्या ये पुष्टि नहीं हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकता है।

मां को दी गई विदाई

भागलपुर। दस दिनों तक मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद भागलपुर में मां की विदाई की शुरूआत हो चुकी है। रविवार को सभी मंदिरों से मां की प्रतिमा विसर्जन के लिए निकल पड़ी है। शहर के दक्षिणी क्षेत्र स्थित मोहदीनगर दुर्गा स्थान से भी आज विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। इसके पूर्व विधायक अजीत शर्मा ने मां की आरती कर शोभायात्रा की शुरूआत की। उल्लेखनीय है कि यहां विसर्जन शोभायात्रा में पुरुषों से अधिक संख्या में महिलाएं शामिल होती है। विसर्जन शोभायात्रा में शामिल महिलाओं ने नाचते गाते मां को विदाई दी।

दो बाइक की टक्कर में 4 की मौत

एजेंसी

पटना। बिहार में नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र के बढ़िया गांव के पास शनिवार रात करीब 11 बजे दो बाइक की आपस में टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हैं। सरमेरा थाना के मुताबिक मृतकों में शेखपुरा निवासी राजन कुमार, सोनू कुमार, शशिरंजन और गया जिला के धरमुचक गांव निवासी बॉस कुमार शामिल हैं। दुर्घटना में घायल हुए सरमेरा निवासी सुराज कुमार और राज हंस कुमार का इलाज बीम्स अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक के परिजनों के मुताबिक शेखपुरा से एक ही बाइक पर 4 लोग सवार होकर मेला देखने आए थे। उसी दौरान इनकी टक्कर दूसरे बाइक सवार से हो गई। दूसरी बाइक पर भी दो लोग सवार थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दर्दनाक सड़क हादसा, मोटरसाइकिल और कार की टक्कर में दो की मौत

कटिहार। कटिहार में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। यह हादसा कार और मोटरसाइकिल की टक्कर से हुआ। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, लेकिन मोटरसाइकिल का नंबर बीआर 39ए- जी 2180 है य।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कटिहार-पूर्णिया सड़क मार्ग को कुछ देर के लिए बाधित कर दिया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। यह हादसा मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कटिहार-पूर्णिया फोरलेन, आईपीजी मॉल के पास शनिवार रात को हुआ।

एसएसकेएम अस्पताल में मरीज के रिश्तेदार पर हमला

एजेंसी

कोलकाता। एसएसकेएम अस्पताल में मरीज के रिश्तेदार पर हमला करने की घटना सामने आई है। घटना रविवार सुबह ट्रॉमा केयर के सामने हुई। इस घटना से अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बन गया। हमले में घायल युवक का नाम सौरभ मोदक है। वह बांकुड़ा का रहने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, दो मरीजँ के परिवारों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बीच अचानक 15-20 बदमाशों का एक समूह हॉकी स्टिक और विकेट लेकर रविवार को अस्पताल में उत्पात मचाने लगे। सूत्रों के अनुसार, सौरभ के पिता को रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने वाली थी। उससे पहले ही उन पर हमला हो गया। उन्हें एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल सौरव का सीटी स्कैन कराया जा रहा है ताकि पता चल सके कि चोटें कितनी गंभीर हैं। पुलिस घटना की जांच में जुटी है और पुलिस अपराधियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

जूनियर डॉक्टरों के आह्वान पर कई घरों में नहीं जले चूल्हे

कोलकाता। आर.जी. कर मामले में न्याय की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों का अनशन लगातार जारी है। इस बीच आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने रविवार को लोगों से चूल्हा बंद रख कर आंदोलन के प्रति समर्थन व्यक्त करने की अपील की थी, जिस पर लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। बड़ी तादाद में लोगों ने अपने घरों में आज एक वक्त का खाना नहीं पका कर चिकित्सकों के आंदोलन के प्रति अपना समर्थन जताया। दरअसल, शनिवार को भूख हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों ने मानवबंधन बनाकर भूख हड़ताल करने का आह्वान किया था। इस आह्वान वाले पोस्टर पर लिखा, ₹चूल्हा बंद करने का संकल्प लें, सत्तारूढ़ शासक पर धिक्कार है।' जूनियर डॉक्टरों के आह्वान पर आज यानी रविवार को कई घरों में चूल्हे बंद रखे गए हैं। रविवार को जूनियर डॉक्टरों की भूख हड़ताल में एक स्थानीय महिला पहुंची। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे कुछ नहीं खा रहे हैं।

दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का विधायक ने किया उद्घाटन

एजेंसी

पूर्वी चंपारण। जिले के बनकटवा प्रखण्ड क्षेत्र के बिरती बाजार पर नवयुवक मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन रविवार को पूर्व मंत्री सह नरकटिया विधायक डॉ शमीम अहमद द्वारा किया गया।विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुश्ती हमारे जीवन का हिस्सा है। कुश्ती से हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहता है।कुश्ती के बल पर आप युवा वर्ग देश विदेश में अपने प्रतिभा का परचम लहरा सकते है।प्रथम दिन दस जोड़ी पहलवानों ने कुश्ती का दांव आजमाया। जिसमें कुशी नगर, पडरौना, इलाहाबाद,जम्मू ,नेपाल के साथ ही क्षेत्रीय पहलवानों ने कुश्ती का दांव आजमाया।कुश्ती का संचालन योगी पहलवान ने किया। मौके पर सीताराम यादव,शिवशंकर यादव ,रामप्रवेश यादव पूर्व जिला परिषद सदस्य, मंटु यादव, सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। पहले दिन कुश्ती में राम पहलवान बक्सर,बादल पहलवान नेपाल,रविशंकर दास पहलवान अयोध्या, सीपी पहलवान कानपुर,रविशंकर दास ने दूसरी जोड़ी को भी पटकनी देकर खूब वाहवाही लूटी।

मुजफ्फरपुर रेलवे पुलिस ने 12 करोड़ की कोकीन पकड़ी, कोच अटेंडेंट गिरफ्तार

एजेंसी

पटना। बिहार के मुजफ्फरपुर रेलवे थाने की टीम ने गाड़ी संख्या 15027 गोरखपुर-हटिया मौर्य एक्सप्रेस के ए-वन कोच से कोकीन व टेट्रा पैक विदेशी शराब आज सुबह मुजफ्फरपुर में जब्त किया है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 12 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गयी है। इस मामले में ए-वन कोच के अटेंडेंट धनंजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपित को सोनपुर स्थित रेल कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। धनंजय के पास से एक मोबाइल, कोच अटेंडेंट का आइकार्ड मिला है। धनंजय के अनुसार वह आरा के तरारी थाना क्षेत्र के बरसी धनगांव का रहने वाला है। इसकी पुष्टि रेलवे थाना मुजफ्फरपुर के थानेदार इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने की है। उन्होंने बताया है कि यह पहला मामला है जब मुजफ्फरपुर जंक्शन पर किसी भी एजेंसी द्वारा चलती ट्रेन से इतनी बड़ी मात्रा में कोकीन जब्त हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 12 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गयी है। इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के बयान पर रेलवे थाना में मादक अधिनियम के तरह प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दारोगा जयप्रकाश को इस मामले की जांच सौंपी गयी है। आइओ रेल पुलिस की सर्विलांस टीम के साथ मिलकर लिंकेज के आधार पर तफ्तीश में जुट गये हैं। जब्त कोकीन को क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला मुजफ्फरपुर, पटना या कोलकाता से जांच करायी जाएगी। इसके बाद इसके स्ट्रेंथ की पुष्टि होगी। इसके अलावा सीसीटीवी की जांच रिपोर्ट भी पुलिस के लिए अहम होगी। पुलिस धनंजय के मोबाइल को भी खंगाल रही है। पूछताछ में कोच अटेंडेंट धनंजय कुमार ने रेल पुलिस को बताया कि वह करीब ढ़ाई-तीन साल से मौर्य एक्सप्रेस में बतौर कोच अटेंडेंट नौकरी कर रहा है। उसे एक युवक को करीब 25-30 साल का होगा, वह ओडिशा के झाड़सागुडा स्टेशन पर एक पैकेट में सफेद रंग जैसा एक सामान दिया, जिसके बदले उसे मोटी रकम भी दी। उसने कहा कि उसे छपरा-गोरखपुर रेलखंड के देवरिया सदर स्टेशन पर एक व्यक्ति को यह माल सौंपना था। उसके बारे में झाड़सागुडा वाले युवक ने विशेष कुछ नहीं बताया। एक कोड वर्ड दिया, जिससे उसकी वह आसानी से पहचान कर लेता।

भाजपा नेता सड़क हादसे का शिकार हुए मृतक के परिजनों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस

एजेंसी

अररिया। फारबिसगंज प्रखंड के हलहलिया पंचायत के वार्ड संख्या तीन के निवासी बिशुन ऋषिदेव का एकलौता पुत्र दीपक कुमार का शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। पूर्णिया जलालगढ़ के सिरसौनी गांव में दशहरा का मेला देखकर लौटने के क्रम में सड़क हादसे का शिकार हो गया था,जिनसे उनकी मौत हो गई थी।हादसे के बाद परिवार सहित गांव में कोहराम मच गया था।दीपक प्लस टू स्तरीय डा भीमराव अंबेडकर उच्च विद्यालय रामपुर के पांचवीं क्लास का छात्र था।वह मेला देखने हलहलिया से खवासपुर गया था और वहां से अपने मौसा के घर पूर्णिया जलालगढ़ का सिरसौना गांव चला गया था।जहां से लौटने के क्रम में शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई थी।पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव गांव आया, जहां भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

मृतक दो बहन मे इकलौता भाई था।घटना की खबर सुनते ही भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य दिलीप पटेल मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया।

घटना के संबंध मे दिलीप पटेल ने बताया कि मृतक गांव का काफी होनहार लड़का था और वह पढ़ने में काफी तेज था। दीपक प्लस टू स्तरीय डा. भीमराव अम्बेडकर आवासीय उच्च विद्यालय रामपुर मे पांचवी का छात्र था। परिजनों ने भाजपा नेता को बताया कि आने के क्रम में फोरलेन सड़क पर डिवाइडर से टकरा गया था,जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया और फिर उनकी मौत हो गई।परिजनों ने रविवार को शव का अंतिम संस्कार किया।इधर हादसे के बाद मृतक के घर पर सांत्वना देने के लिए आने वाले शुभचिंतकों की भीड़ लगी रही।

पुलिस ने साइबर ठग को दबोचा , बाबा के नाम पर फर्जी वेबसाइट बना करता था ठगी

एजेंसी

नवादा। पुलिस ने रविवार को एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर ठग बाबा के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर देश के विभिन्न प्रांत के लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा था। अकबरपुर थाना पुलिस ने पचरुखी बाजार से एक युवक को साइबर ठगी करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने साइबर ठग के पास से जब्त दो एंड्रॉयड मोबाइल से कई लोगों से ठगी करने का अलग-अलग नामों का ट्रांजैक्शन बारकोड भी मिला है। पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर ठग नारदीगंज थाना क्षेत्र के भदौर गांव के निवासी भागीरथ चौधरी का 21 वर्षीय पुत्र ऋतु रौशन कुमार बताया जाता है। अकबरपुर थाना के थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि साइबर ठगी से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक, साइबर थाने और नवादा पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल्स पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इनमें लोगों को साइबर ठगी के नए तौर-तरीकों के बारे आगाह कर बचने के उपाय भी बताए जा रहे हैं।

थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने आमजन के हित में लोगों को सोशल मीडिया पर आने वाले फर्जी लिंक से पूरी तरह सावधान रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा किसी भी संदिग्ध लिंक पर बैंक संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी साझा न करें क्योंकि ऐसा करने से वे धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। सावधानी व सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का उपाय है।

आंदोलन कोलकाता चिकित्सक आंदोलन

प्रधानमंत्री मोदी से हस्तक्षेप की अपील पर तृणमूल ने किया कटाक्ष

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता आर.जी. कर कांड के खिलाफ शुरू हुआ चिकित्सकों का आंदोलन अति संवेदनशील मोड़ पर पहुंच चुका है। अनशन कर रहे चिकित्सकों की हालत बिगड़ने लगी है। स्थिति की नजाकत को देखते हुए डॉक्टरों के संगठन फेडरेशन ऑफ मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। इस पर रविवार को तृणमूल ने तंज किया है। दरअसल, फेमा ने शनिवार को प्रधानमंत्री को पत्र भेजा, जिसमें लिखा कि ब्रिटिश शासन के बाद बंगाल का यह सबसे बुरा समय है। समाधान नहीं होने पर भूख हड़ताल कर जूनियर डॉक्टर मौत की ओर बढ़ रहे हैं। इसी बात को लेकर फेमा ने प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप की मांग की है। इस पर तृणमूल कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद कुणाल घोष ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, जूनियर डॉक्टर प्रधानमंत्री से यहां आने के लिए हस्तक्षेप का अनुरोध कर रहे हैं। यदि यह सही है तो -

1) याद रखें डॉक्टरों की हड़ताल के दौरान दिल्ली में एस्मा जारी किया गया था।

2) मणिपुर में जब मौतें हो रही थीं और महिलाओं के खिलाफ हिंसा हो रही थी तो वे (प्रधानमंत्री) नहीं गए।

3) आपको दिल्ली के उपनगरों में विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों का दमन याद रखना चाहिए ?

4) क्या आप उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र में महिलाओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा को भूल गए?

5) सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डॉक्टर का मुद्दा पूरे देश की समस्या है। एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

6) स्वर्ण पदक जीतने वाले एवं कुश्ती लड़ने वाली महिलाओं पर अत्याचार करने वाले भाजपा सांसद बृजभूषण के साथ प्रधानमंत्री लोकसभा में बैठते थे। ऐसी बहुत बड़ी सूची है। फिर भी डॉक्टरों को उनसे (प्रधानमंत्री) न्याय कि उम्मीद है। यह सस्ती और अवसरवादी राजनीति है। उल्लेखनीय है कि धर्मतला में भूख हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों के एक के बाद एक बीमार होने की खबरें आ रही हैं। डॉक्टरों के संघ ने न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मदी, बल्कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी पत्र लिखा है।

गायत्री शक्तिपीठ में व्यक्तित्व परिष्कार सत्र आयोजित

एजेंसी

सहरसा। शहर के प्रतापनगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को व्यक्तित्व परिष्कार सत्र आयोजित हुई। इस परिष्कार सत्र को संबोधित करते हुए डॉ अरुण कुमार जायसवाल ने कहा व्यक्तित्त्व के परिष्कार के लिए तीन चीन जरूरी है।गान, ज्ञान और ध्यान।सभी धर्मों में प्रार्थना है, प्रार्थना सिर्फ याचना नहीं है बल्कि कृतज्ञता का भाव है। प्रार्थना से मन निर्मल हो जाता है, मन की सारी नकारात्मकता चली जाती है। प्रार्थना को गंभीरता से लेने पर दिव्य उर्जा आपके अंदर आती है। इस अवसर पर सईओ प्रशांत जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा गायत्री कम्प्युटर शिक्षण संस्थान बच्चों के लिए जो भी योगदान दे रहा हूं वह डॉक्टर अरुण कुमार जायसवाल ही मेरे प्रेरणा श्रोत है। उन्होंने बच्चों से कहा डिग्री के साथ-साथ कौशल विकास पर ध्यान दें। नवरात्रि अनुष्ठान का समापन आदिशक्ति के नवम स्वरूप माता सिद्धिदात्री का पूजन अर्चन समाप्त हो गया। अवसर पर डॉक्टर अरुण कुमार जायसवाल ने कहा- माता की पूजन से सभी सुख की प्राप्ति होती हैं। पूर्णता की उर्जा का गमन होता है। इसके साथ ही मोक्ष्य एवं कैवल्य की प्राप्ति होती है। नव दुर्गा का स्वरूप हमारे व्यक्तिको रूपांतरित करता है तथा इससे आंतरिक शांति की प्राप्ति होती है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 14 अक्टूबर 2024

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

दुर्गा पूजा महासमिति ने भव्य विसर्जन जुलूस के साथ मां दुर्गा को दी भावपूर्ण विदाई

सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं :सचिव

संवाददाता

हजारीबाग । शहर के सबसे चर्चित बड़ा बाजार दुर्गा पुजा महासमिति के द्वारा शनिवार को सुबह दशमी की पूजा अर्चना के पश्चात माता रानी पर चढ़े श्रृंगार को श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। वही संध्या करीब 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा पूजा पंडाल से ग्वाल टोली चौक,सरदार चौक,बड़ा बाजार चौक,बंशीलाल चौक,भगत सिंह चौक,झंडा चौक,पैगोडा चौक, छठ तलाब,आनंदा चौक होते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंच कर मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। शोभा यात्रा के दौरान महासमिति के अध्यक्ष, सचिव सहित तमाम पदाधिकारियों को माता रानी की चुनरी ओढ़कर शोभा यात्रा में सम्मिलित किया। शोभायात्रा में भाजपा नेता हर्ष अजमेरा शामिल हुए, बाहर से आए कलाकारों की प्रशंसा की महासमिति के लोगों ने माता रानी की चुनरी भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों को उनके समर्पण और कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी और इस भव्य जुलूस में जनता की भारी भागीदारी को भी सराहा।

भव्य शोभायात्रा के दौरान महिलाएं लाल पीली साड़ी, पुरुष कुर्ते पजामा में शामिल हुए। बच्चे गुलाल से खेलते हुए माता रानी को अंतिम विदाई दिए।

शोभा यात्रा मे विशेष आकर्षण रहा कुण्डेश्वर डमरू दल, उज्जैन की प्रस्तुति। उनके दमदार और ऊजार्वान ढोल-नगाड़ों की धुनों पर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। यह दल अपनी अनूठी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए प्रसिद्ध है और उन्होंने इस यात्रा को एक सांस्कृतिक उत्सव में बदल दिया। वही बंगाल से आए ढाक की प्रस्तुति लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। शोभायात्रा में पीछे पीछे हजारों महिलाओं के बीच प्रसिद्ध भजन गायक की मंडलियों ने भी भाग लिया। प्रसिद्ध भजन गायक की उपस्थिति ने माहौल को और भी धार्मिक और उत्साहपूर्ण बना दिया। उनके मनमोहक भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को न केवल भक्ति के सागर में डुबोया, बल्कि यात्रा के मार्ग में हजारों श्रद्धालु झूमते और नाचते नजर आए। उनके द्वारा गाए गए भजनों ने शहरवासियों के दिलों को छू लिया। जुलूस में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वे मां दुर्गा की जयकार और आस्था के नारों के साथ पूरे उत्साह से शोभायात्रा में शामिल रहें सभी मार्गों पर श्रद्धालुओं ने मां की आरती और पूजा-अर्चना की। विसर्जन यात्रा के दौरान सुरक्षा और अनुशासन को बनाए रखने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम थे।

नवयुवकों की टोली ने जमकर नृत्य किया। वहीं महिलाओं ने गायक के गीत पर जमकर नृत्य करते हुए बुढ़वा महादेव तालाब की ओर बढ़ रही थी, साथ ही साथ तमाम श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना किया। श्रद्धालुओं ने अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंचकर माता रानी की प्रतिमा को विसर्जित किया गया,यह क्षण भावुक और आस्था से परिपूर्ण था, जब श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को अगले वर्ष फिर से आने का न्योता दिया। तत्पश्चात तमाम श्रद्धालुगण पुनः पूजा पंडाल पहुंचकर माता रानी के शांति जल प्राप्त किया। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि भव्य विसर्जन शोभा यात्रा में जिस तरह युवाओं एवं महिलाओं ने नृत्य करते हुए शोभा यात्रा को सफल एवं ऐतिहासिक बना है वो एक अतुलनीय है। यह जुलूस हमारी संस्कृति, आस्था और एकजुटता का प्रतीक है।

आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने पूर्व विधायक को सौंपा संयुक्त ज्ञापन

संवाददाता

गोला(राममढ़)। पूर्व विधायक ममता देवी के आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा की सदस्यों ने अपनी आठ सूत्री माँगों को लेकर एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा।

उनकी प्रमुख माँग निम्नलिखित है :-

1.विभाग द्वारा जारी सेवा शर्त नियमावली की अधिसूचना संख्या - 2238 एवं 2239 दिनांक 30/09/2022 में आंशिक संसोधन हेतु पूर्व समर्पित आवेदन पर अविलंब विचार हो। सहायक अध्यापकों के समान आँगनबाड़ी सेविका/ सहायिका का मानदेय हो। मानदेय का भुगतान केन्द्रांश एवं राज्यांश मद की राशि एक साथ ससमय हो।सेवा निवृत्ति के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एकमुश्त सेवा निवृत्ति का लाभ भुगतान हो तथा अंतिम मानदेय का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में भुगतान की स्वीकृति दी जाय।महिला पर्यवेक्षिका के पद पर बहाली में उम्र सीमा और विषय की अनिवार्यता को छांट कर शत प्रतिशत वरीयता एवं कायार्नुभव के आधार पर आँगनबाड़ी सेविका को प्रोन्नति दी जाय। .सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार सभी समाज कल्याण के संविदा कर्मियों के बीच व्याप्त मानदेय विसंगति को दूर कर आँगनबाड़ी कर्मियों को भी महँगाई एवं यात्रा - भत्ता भुगतान की स्वीकृति दी जाय एवं सभी को नियमित कर पूर्ण सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए विद्यालयों के समान विपरीत मौसम में अवकाश की व्यवस्था।

संक्षिप्त खबरें

सिंदुर होली के साथ मां दुर्गा को दी गई विदाई

भुरकुंडा । कोयलांचल के भुरकुंडा, सौन्दा डी, सयाल, रिभरसाईड, पटेल नगर, भदानी नगर, जवहार नगर सहित विभिन्न पुजा पंडालो में दशमी तिथि को महिलाओं ने सिंदुर होली खेल माँ दुर्गा की विदाई दी । इधर पटेल नगर दुर्गा मंडप में भी मां दुर्गा पुजा के दशमी तिथि को घुमघाम से सिंदुर होली का आयोजन किया गया । इसमें स्थानिय महिलाओं द्वारा माँ दुर्गा की आरती, भजन किया गया । जिसके बाद माँ के विदाई रस्म में महिलाए ने सिंदुर होली खेली और एक दूसरे को रंग अबिर लगया साथ ही माँग में सिंदूर लगा कर अखंड सौभाग्यवती होने की कामना की। इस दौरान महिलाओं द्वारा पुरे उत्साह व उमंग के साथ जमकर घंटो नृत्य किया गया। महिलाओं ने सिंदुर होली के महत्व को बताते हुये कहा की दुर्गा माता के पुजा के दसवें दिन माता की विदाई सिंदुर होली खेल कर किया जाता है। बंगाली समुदाय में इसे सिंदुर खेला के नाम से जाना जाता है।

विश्व ब्राह्मण संघ के चेयरमैन व संस्थापक पंडित मांगे राम शर्मा किए गए याद

रामगढ़। विश्व ब्राह्मण संघ झारखंड के रामगढ़ में पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय मांगे राम शर्मा, बाबु जी की प्रथम पुण्य तिथि नया बस स्टैंड के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिस का मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया तत्व उपरांत उनके तेल चित्र पर माला अर्पित किये एवं सभी ने पुष्प अर्पित किये ' रामभगत शर्मा, संतोष शर्मा, मुना मिश्रा, विजय प्रताप ओझा , अशोक पांडेय रामानन्द मिश्रा, जय किशन शर्मा, सूरज शर्मा,अजय पांडेय, विकास पांडेय इत्यादि अनेकों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने बाबु जी को याद करते हुए उनके सपनों को साकार करने की बात कही तथा बाबु के बताये मार्ग पर चलने की बात कही है ' अंत में विजय प्रताप ओझा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया एवं कार्यक्रम के समापन की घोषणा की ।

रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद व भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद

हजारीबाग। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के डेमोटांड में दशहरा के शुभ अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल और भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांसद मनीष जयसवाल ने दशहरे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विजयदशमी अन्याय पर न्याय, दुराचार पर सदाचार, असुरत्व पर देवत्व, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को इस पर्व की शुभकामनाएँ दीं और जीवन में इन मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व है। हमारी यही प्रार्थना है कि यह पर्व सभी के जीवन में शुभता और कल्याण लेकर आए। इस आयोजन में स्थानीय जनता ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और रावण दहन का उत्साहपूर्वक आनंद लिया।

9 दिन पूजा के बाद मां के कलश का विसर्जन किया गया

कुजू । सारुबेरा बैंक ऑफ इंडिया के पास स्थित विशाल दुर्गा मंदिर में रविवार को संध्या मे जगत जननी जगदंबा की आरती के बाद, पुरोहित मृत्युंजय पांडे एवं शिवकुमार झा के द्वारा मन्त्रोंचारण एवं विधि विधान के साथ अस्थि कलश को बगल के विशाल तलाव में प्रवाहित किया गया। प्रवाहित करने वालों में दुर्गा मंदिर के संचालक एवं व्यवस्थापक कुमार महेश सिंह, सहायक की अजमान मनोज मिश्रा, कोषाध्यक्ष इंदल सिंह, पूर्व मंदिर के अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, समाज सेवी कामता सिंह, सौरभ चंद्रा, राजकुमार चौहान, शिवकुमार झा एवं मृत्युंजय पांडे ने मंत्र उच्चारण के बाद कलश को जल में प्रवाहित किया।

विस चुनाव के लिए झा लो क्रां मोर्चा ने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की

रामगढ़। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने धनबाद सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर पार्टी की दूसरी सूची जारी कर दी हैं। यह जानकारी रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने दी। कहा कि पार्टी 14 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए। टाइगर जयराम महतो ने मांडर से गुना भगत, टुंडी से मोतीलाल महतो, धनवार से राजदेस रतन, कोडरमा से मनोज यादव, बरही से कृष्णा यादव, बरकठ्ठा से महेंद्र मंडल, हजारीबाग से उदय मेहता, डाल्टनगंज से अनिकेत मेहता, धनबाद से सपन कु मोदक, खरसँवा से पांडु राम हिबुरु, सिंदरी से उषा देवी और बोकारो से सरोज कुमारी को जेएलकेएम का प्रत्याशी घोषित किया है।

असत्य पर सत्य की जीत,अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है दशहरा : सांसद

संवाददाता

रामगढ़। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में दशहरा के मौके पर विजय दशमी शनिवार को कई स्थान पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामगढ़ शहर में कई स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तेतरिया टांड़ ग्राउंड रामगढ़ में रावण दहन का कार्यक्रम हुआ जिसमें रावण का पुतला को जला कर बुराई पर अच्छाई कि जीत का जश्न मनाया गया ।जो हर साल कि भाती इस वर्ष भी श्री श्री रावण दहन समिति रामगढ़ यूथ रामगढ़ के द्वारा काफी अच्छे से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मनमोहक रामलीला, झांकी, आतिशबाजी और उसके बाद रावण दहन किया गया इस रावण दहन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायिका ममता देवी , विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर प्रसाद , सम्मानित अतिथि सुनील मिश्रा थे। कार्यक्रम शहर के फुटबॉल मैदान में आयोजित की गई। सिद्धो कान्हू जिला मैदान में मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ठ अतिथि सुनीता चौधरी की उपस्थिति में रावण दहन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। - रामगढ़ फुटबॉल मैदान में रामगढ़ कैंट दशहरा पूजा समिति ने रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां रावण,कुंभकरण और मेघनाथ का विशाल पुतला दहन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शंकर चौधरी, कांग्रेस के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे बजरंग महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेता कुंटू बाबू मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दीपक सोनकर और संचालन समाजसेवी कमल बगड़िया ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा जीवन का मूल उद्देश्य यह है कि हमें अपने जीवन के हर कार्य में सत्य और धर्म का ख्याल रखना चाहिए।हमारे जीवन एक न एक दिन अंत होगा। इस संसार में अपने ताकत बुद्धि पर अहंकार नही करना चाहिए। सत्ता या स्थाई किसी का इस दुनिया में लम्बे समय तक नही चल सकता। आज हम कल कोई ओर परिवर्तन दुनिया का रीत। इसलिए अपने जीवन में एक यादगारी पल अर्थात सत्य और धर्म का रास्ता अपनाना चाहिए। सत्य और धर्म से मतलब जहां सबकी खुशी, संतुष्टि और रजामंदी हो। रामगढ़ कैंट दशहरा पूजा समिति द्वारा आयोजित रावण दहन समारोह में महेंद्र मुंडा,भाजपा नेता राजीव जायसवाल, सहदेव ठाकुर,मोहन पांडे, नमेंद्र चंचल,बद्री विश्वकर्मा, विजय जायसवाल, छोटन सिंह,सत्यजीत चौधरी, सूर्यवंश श्रीवास्तव,संजीव सिंह टीपू, रंजन सिंह,अजीत गुप्ता, चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रा भंडारा के साथ संपन्न

रामगढ़। शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रा भंडारा के साथ संपन्न हुआ। इस भंडारे में रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों के लगभग पन्द्रह हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णों देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में शारदीय नवरात्रा बीते 3 अक्तूबर को कलश स्थापना से शुरू हुआ था, जो शुक्रवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारा सुबह 8 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक चला। इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे को सफल बनाने में पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह सहित बिरादरी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

अगले बरस फिर आने के वादे के साथ माता दुर्गे को नम आंखों से दी गई विदाई

रामगढ़ । नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्ति भाव से मां भगवती की उपासना एवं पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना करने के बाद केदला कोयलांचल क्षेत्र के लईयो, दनिया, खखंडा, ईचाकडीह, केदला कलाली, केदला नगर, हाऊसिंग, बंजी में रविवार को गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु झूमते - गाते एवं माता के जयकारों के साथ विभिन्न तालाबों, पोखरों एवं नदियों में वंदना आरती के पश्चात माता को नम आंखों से विसर्जित कर विदाई दी गई। लईयो में श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ दुधीबांध तालाब में माता को विसर्जित किया गया। मौके पर लईयो पूजा समिति के सचिव मदन महतो ने माता की विदाई बेला को संबोधित करते हुए श्रद्धांजलि से कहा कि हमारी समृद्धशाली परंपरा में दशहरा एक महान पर्व है। जो असत्य पर सत्यं की विजय और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

शस्त्र पूजन करने रामगढ़ छावनी पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

भारतीय सेना को पूरी दुनियां लोहा मानती है : संजय सेठ

संवाददाता

रामगढ़। दशहरा पर्व पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शस्त्र पूजन के लिए पंजाब रेजीमेंट सेंट्रल रामगढ़ कैंट पहुंचे। विधि विधान से उन्होंने मां भवानी की पूजा व शस्त्र पूजन कर आर्मी के जवानों को दशहरा पर्व की बधाई दी। विजयदशमी का त्योहार सेना के जवानों के बीच मनाया। रक्षा राज्य मंत्री शनिवार को रामगढ़ पंजाब रेजीमेंट सेंट्रल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पंजाब रेजिमेंटल सेंटर और सिख रेजीमेंटल सेंटर के जवानों के साथ शस्त्र पूजन किया। उन्होंने जवानों और अग्नि वीरों के साथ पर्व की खुशियां बांटी जवानों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर दशहरा पर्व की बधाई देते हुए जवानों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान राज्य रक्षा मंत्री ने मंदिर और गुरुद्वारा में माथा टेक कर राष्ट्र की अमन शांति सुरक्षा और प्रगति की कामना की। इस दौरान जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज दशहरे का पर्व है। आज शक्ति की पूजा, शस्त्र पूजा, हमारी संस्कृति परंपरा का मूल आधार है। हमारा सौभाग्य है, इससे अच्छा दिन कुछ हो नहीं सकता कि मैं जवानों के बीच हूं। कहा कि वीर जवान अपने परिवार से दूर होकर मां भारती की सेवा में लगे रहते हैं। उन्हें अपने परिवारों की कमी महसूस न हो, इसलिए अपने व्यस्तम कार्यक्रम को छोड़कर आज मैं वीर जवानों के बीच मौजूद हूं। भारतीय सेना दुनिया की किसी भी सेना से कम नहीं है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि आज हम आत्मनिर्भर हो रहें है।यह आत्मनिर्भरता देश की विकास की पहचान है। वर्ष 2047 में जब हम आजादी के 100 वीं वर्षगांठ मानायेंगे, तब हम दुनिया के शिखर पर होंगे। यहां छावनी 1941 से मौजूद है, 1967 से पंजाब रेजिमेंटल सेंटर और सिख रेजीमेंटल सेंटर यहां काम कर रही है। यह आर्मी कैंप हमारा मस्तक है। उन्होंने कहा कि वीर जवान जितना पसीना बहाते हैं उतना ही वह मजबूती से खड़े रहते हैं। उन्होंने सेना के सभी अधिकारियों जवानों, अग्निवीरों को दशहरे की बधाई दी और उन्हें अपने हाथ से मिठाई खिलाकर त्यौहार मनाया। उन्होंने कहा कि वीर जवानों पर देश के 140 करोड लोगों को नाज है। उन्होंने वीर जवानों को शीश झुका कर नमन किया। कहा कि मातृभूमि की सेवा का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता। मौके पर स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल, सीईओ अनंत आकाश, सभी सैन्य अधिकारी व जवान मौजूद थे।

विद्युत अधीक्षण अभियन्ता ने विद्युत वितरण विभाग को सौंपा पत्र

संवाददाता

रामगढ़। सूरज जयसवाल पिता स्व शंकर प्रसाद जयसवाल रामगढ़ निवासी ने बिजली बोर्ड के अधिकारी पर पद को गलत उपयोग करने की शिकायत की है। इसे लेकर विद्युत अधिक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण विभाग को पत्र सौंपा है।

पत्र में बताया गया है न्यू कॉलोनी कांकेबार, पो-गोसा, थाना व जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) का निवासी हूँ। मौजा-कांकेबार खाता सं-45, प्लॉट सं-601, कुल रकवा-03 डी जिसकी चौहद्दी न्यू कॉलोनी कांकेबार नियर पटेल चौक, है।जमीन जो मेरी पत्नी किरण देवी के नाम से निबंधित केवाला से हासिल है। उक्त जमीन व मकान पर बिजली कनेक्शन गलत ढंग अन्य व्यक्ति के नाम से दिए गए है। बगैर मकान मालिक के ईजाजत के बेबी फरीना खातुन पति सहजादा उर्फ सैयद खान के नाम पर बिजली कनेक्शन दे दिया गया है। जिसका कन्ज्यूमर नं - केटीआर 17379 है, जो नियम के खिलाफ है । इस विधिसंगत पर इस विषय में विद्युत वितरण विभाग रामगढ़ को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करवाया। साथ ही साथ अनेको बार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना की मांग किया गया। परन्तु विभाग के द्वारा कभी कोई जवाब नही दिया गया। और कई प्रकार के झुठी त्रुटियां बताते हुए शिकायत पर कार्रवाई नही हुई। शिकायत करने पर उसका जवाब देना उचित नहीं समझा है। उल्टा मुझे ही विभाग के कुछ अधिकारीयों के द्वारा मेरे ही जमीन का पेपर मांग करने के लिए नोटिस जारी किया गया। नोटिस के तहत अपना मूल दस्तावेजों भी जमा किया गया। परन्तु को दिया विभाग के द्वारा उनके सत्यापन के लिए अंचल अधिकारी रामगढ़ को प्रेषित कर ने की बात कही जा रही है।अधिकारीयों की ओर से न तो जॉच मेरे घर से की है और न कोई रिपोर्ट ही मुझे दिया गया । गलत नाम कुज्यूमर हटाने का कोई प्रक्रिया नही किया जारहा है।

हजारीबाग में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न

संवाददाता

हजारीबाग। समाजसेवी और राजद नेता संजर मलिक ने अपने क्षेत्र से निकलने वाले सभी विसर्जन प्रोसेशन में शामिल प्रमुख भक्तों का माला पहनाकर सम्मान किया और उनके साथ इंद्रपुरी छठ तालाब तक जाकर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने संजर मलिक और उनके साथियों को इस त्योहार को हर्षोल्लास से संपन्न कराने पर बधाई दी। समारोह में नए सदर एसडीपीओ, आईपीएस अधिकारी अमित आनंद का भी गरमजोशी से स्वागत किया गया। संजर मलिक ने उनसे उनके पहले अनुभव के बारे में पूछा, जिस पर अमित आनंद ने मुस्कराते हुए कहा कि यह उनके लिए एक खुशी का पल है, जो उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा था। लोहसिंधना थाना प्रभारी संदीप मंडल ने भी समाज के प्रति हमेशा खड़ा रहने वाले लोगों का आभार जताते हुए सभी का स्वागत किया।

हजारीबाग में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न, संजर मालिक ने दी बधाई, जताया आभार

हजारीबाग में दुर्गा पूजा का आयोजन पूरी तरह से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यह आयोजन पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया, और लोगों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली, लेकिन इसके बावजूद हर जगह व्यवस्था बेहद अनुशासित और शांत रही। पूजा समाप्ति के बाद समाजसेवी, राजद नेता सह शांति समिति सदस्य मो फहीमुद्दीन सह संजर मलिक ने इस सफल आयोजन के लिए जनता, पूजा समितियों और पुलिस प्रशासन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पूरे समाज के आपसी सहयोग और पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी का परिणाम है कि इतने बड़े आयोजन को शांति और सद्भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सका। संजर मलिक ने कहा कि मैं सभी पूजा पंडालों, समितियों और प्रशासन का आभारी हूँ जिन्होंने इस वर्ष के दुर्गा पूजा आयोजन को शांतिपूर्ण और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति ने किया भव्य रावण दहन समारोह का आयोजन

संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ में विजयादशमी की धूम देखने को मिली. रामगढ़ में इस मौके पर कई जगह रावण दहन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया. रामगढ़ जिला का सबसे बड़ा मुख्य व भव्य रावण दहन समारोह सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज और समिति के द्वारा रामगढ़ शहर के बाजार टांड स्थित सिद्धू कान्हु जिला मैदान में आयोजित किया गया ।इसमें सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुए।सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति के पदाधिकारियो और सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विशिष्ट तिथि विधायक सुनीता चौधरी को बैच लगाकर माला पहनाकर पगड़ी पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, बुके देकर व मोमेंटो यानी स्मृति चिह्न देकर जोरदार स्वागत , सम्मानित किया गया.। स्वागत और सम्मानित करने के बाद समिति के पदाधिकारियो मुख्य संरक्षक मनोज महतो सचिव महावीर अग्रवाल कोषाध्यक्ष राजेश गोयनका उपाध्यक्ष गंगा भगत ,रविंद्र सिंह बीटी सह सचिव दिनेश स्टील राकेश गुप्ता दिनेश शर्मा अनुज कुमार मित्तल अभिमन्यु कुशवाहा व सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को 51 किलो का विशाल माला भी पहनाया गया। शानदार आतिशबाजी के बीच रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया गया. मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विशिष्ट अतिथि रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने जैसे ही तीनों पुतलों में आग लगाई,वहा जमा करीब 50 हजार की भीड़ ने जय श्रीराम के नारे लगाए.। इस बार भी रावण 110 फीट कुंभकार 85 फीट और मेघनाथ का 80 फीट का विशाल पुतला बनवाया गया था। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विधायक सुनीता चौधरी ने इस मौके पर राज्य की जनता को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें असत्य पर सत्य की विजय की याद दिलाता है. उन्होंने कहा कि हमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

हांगकांग क्रिकेट सक्सेस टूर्नामेंटः रॉबिन उथप्पा करेंगे भारतीय टीम का नेतृत्व

नई दिल्ली। रॉबिन उथप्पा 1 से 3 नवंबर तक होने वाले हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस टूर्नामेंट में सात सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम के बाकी खिलाड़ियों में भरत चिपली, केदार जाधव, मनोज तिवारी, शाहबाज नदीम, श्रीवत्स गोस्वामी और स्टुअर्ट बिन्नी शामिल हैं। हांगकांग क्रिकेट सिक्सेज टूर्नामेंट 2017 के बाद पहली बार लौट रहा है और टिन क्वांग रोड क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। इस आयोजन में 12 देश शामिल होंगे, जो सिक्स-ए-साइड मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। 12 टीमों को तीन-तीन के चार पूल में विभाजित किया जाएगा, जो राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। जबकि क्वार्टर फाइनल के विजेता कप सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगे, क्वार्टर फाइनल के हारने वाले प्लेट सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक पूल में सबसे निचले स्थान पर रहने वाली टीम बाउल प्रतियोगिता खेलेगी। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 29 मैच खेले जायेंगे। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए टूर्नामेंट के अंतिम दिन एक महिला प्रदर्शनी मैच भी आयोजित किया जाएगा।

जयदेव उनादकट ने अपना अनुबंध बढ़ाया

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने 2025 और 2026 काउंटी चैंपियनशिप सीजन के लिए ससेक्स के साथ दो साल का अनुबंध विस्तार किया है। उनादकट ने पहली बार 2023 में ससेक्स के साथ करार किया था और अपने पहले सीजन में उन्होंने तीन मैचों में 11 विकेट चटकाए थे। वह 2024 में टीम में लौटे और पांच मैचों में 14.40 की औसत से 22 विकेट चटकाए। गेंद के साथ उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने सीधे तौर पर ससेक्स को डिवीजन टू का खिताब जीतने में मदद की। टीम द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में उनादकट के हवाले से कहा गया, जब मैं पिछले साल होव आया था, तो मुझे यकीन नहीं था कि काउंटी चैंपियनशिप में क्या होगा और मैं इसके लिए कैसे खुद को ढाल पाऊंगा। लेकिन अब कुछ खेलों के बाद, मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि होव मेरे घर से दूर मेरा दूसरा घर है और गुड ओल्ड ससेक्स बाय द सी मेरा दिल जीत लेता है। ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फरब्रेस ने एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में टीम को प्रदान की जाने वाली गुणवत्ता के बारे में खुलकर बात की।

वुहान ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं झेंग किनवेन

वुहान। चीन की झेंग किनवेन ने इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर शुक्रवार रात वुहान ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मैच दो घंटे 14 मिनट तक चला, जिसमें झेंग ने 10 ऐस लगाकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले सेट में शुरू से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली। शुरूआती गेम में झेंग पहले 0-30 से पिछड़ रही थीं, लेकिन पाओलिनी की सर्विस तोड़ने के लिए उन्होंने शानदार लचीलापन दिखाया। अगले कुछ गेम में दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बरकरार रखी, लेकिन झेंग ने इसके बाद लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में पाओलिनी ने वापसी की और झेंग की सर्विस दो बार तोड़कर 6-3 से जीत दर्ज की। निर्णायक तीसरे सेट की शुरूआत दोनों खिलाड़ियों द्वारा 3-3 तक अपनी सर्विस बनाए रखने से हुई। इसके बाद झेंग ने बेहतर प्रदर्शन किया और पाओलिनी की सर्विस तोड़कर अपनी सर्विस को बनाए रखते हुए मैच को 6-3 से अपने नाम किया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

अफ्रीका टेबल टेनिस चैंपियनशिप : अंडर-11 पैडलर सेबतिन्दिरा करेंगे युगांडा टीम का नेतृत्व

कंपाला। 10 वर्षीय स्टार खिलाड़ी जोसेफ सेबतिन्दिरा 12-19 अक्टूबर को इथियोपिया के अदीस अबाबा में होने वाली 2024 अफ्रीका टेबल टेनिस चैंपियनशिप में युगांडा की टीम का नेतृत्व करेंगे। सेबतिन्दिरा वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के अंडर-11 खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान पर हैं। शुक्रवार को टीम के इथियोपिया रवाना होने से पहले सेबतिन्दिरा ने शिन्हुआ से कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं कि एक बार फिर मुझे एक अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में युगांडा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम देश के लिए कई पदक जीतने के लिए एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत करें। सेबतिन्दिरा के अलावा, टीम में अफ्रीका की यू-11 महिला चैंपियन पेशेंस एनयांगो भी शामिल हैं, जबकि जोनाथन सेनयोंगा टीम की कप्तानी करेंगे। युगांडा टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष रॉबर्ट जजग्वे ने सिन्हुआ को बताया कि सात सदस्यीय टीम को इथियोपिया भेजने के लिए धन जुटाना आसान नहीं रहा है। जजग्वे ने कहा, हमें इस टीम को भेजने में बहुत संघर्ष करना पड़ा, लेकिन हम खुश हैं कि वे आखिरकार यात्रा कर रहे हैं और अफ्रीकी कैलेंडर के सर्वश्रेष्ठ टूनामेंटों में से एक में युगांडा का प्रतिनिधित्व करेंगे। जजग्वे ने यह भी बताया कि अफ्रीका चैंपियनशिप में खेलने से सेबतिन्दिरा और एनयांगो को अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलेगी क्योंकि वे 1 से 8 नवंबर तक पैराग्वे में होने वाले वर्ल्ड होप्स (यू-11) प्रशिक्षण शिविर और चैंपियनशिप में अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं।

टी20 श्रृंखला में भारत ने किया क्लीव स्वीप

- 133 रन से जीता तीसरा टी20 मैच
- 22 छक्के, 25 चौकों की मदद से भारत ने टी20 में बनाया रिकॉर्ड स्कोर
- वाशिंगटन सुंदर और नितीश रेड्डी को एक-एक सफलता मिली

एजेंसी

हैदराबाद। भारतीय टीम के बल्लेबाजों की ओर से हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में कमाल का प्रदर्शन देखने को मिला। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों ने 22 छक्के और 25 चौके लगा टी20 क्रिकेट में भारतीय टीम का 297 रन का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया।

विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के शानदार शतक और कप्तान सूर्यकुमार यादव की ताबड़तोड़ पारी ने दर्शकों को काफी आनन्दित किया। आखिर में रियान पराग और हार्दिक पंड्या ने तेजतर्रार पारी खेल टीम को रिकॉर्ड स्कोर तक पहुंचाया। टीम इंडिया का यह स्कोर टेस्ट प्लेइंग नेशन में सबसे बेहतर है। इस विशाल लक्ष्य के आगे बांग्लादेश के बल्लेबाज पूरी तरह दबाव में दिखे और 20 ओवर में मात्र 164 रन ही बना सके। इस तरह भारत ने 133 रन से मैच में जीत के साथ श्रृखंला में क्लीव स्वीप किया।

298 रन के लक्ष्य को लेकर बल्लेबाजी करने उतरी मेहमान बांग्लादेश की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही।

पारी की पहली ही गेंद पर परवेज हुसैन बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद कप्तान नजमुल होसैन शंटो ने तंजिद हसन के साथ पारी को आगे बढ़ाया और तेजी से रन बनाने भी शुरू किए। हालांकि चौथे ओवर में तंजिद भी 15 रन बनाकर आउट हो गए। फिर कप्तान शंटो भी 14 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौट गए। पांच ओवर में 59 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद तौहिद ह्रदय और लिटन दास ने मोर्चा संभाला। इन दोनों ने बांग्लादेश की पारी का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया।

तभी लिटन 42 रन बनाकर आउट हो गए। लिटन के बाद कोई दूसरा बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिका। हालांकि तौहिद ह्रदय आखिर तक नाबाद रहे, उन्होंने 63 रन की पारी खेली।

रवि विश्नोई ने तीन विकेट और मयंक यादव ने दो विकेट चटकाए

इससे पहले, भारतीय टीम ने कई रिकॉर्डो को तोड़ते हुए टी20 क्रिकेट में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया आज अलग ही रंग में दिखी। भारतीय बल्लेबाजों ने इस मुकाबले में शुरूआत से ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। टीम इंडिया ने 100 रन का आंकड़ा सिर्फ 7.1 ओवर में छुआ और 10 ओवर होते-होते 150 रन भी पूरे किए। इस दौरान भारतीय टीम ने टी20 क्रिकेट के इतिहास के सबसे तेज 100, 150, 200 और 250 रन पूरे किए। टीम के लिए संजू सैमसन ने 46 गेंदों में 111 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के जड़े। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 35 गेंदों पर 75 रन बनाए। सूर्या ने 8 चौके और 5 छक्के जड़े। फिर रियान पराग ने 13 गेंदों में एक चौका और चार छक्कों की मद से 34 रन बनाए। तो हार्दिक पंड्या में 18 गेंदों पर 47 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस तरह 22 छक्के और 25 चौकों की मदद से भारत ने 297 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।बांग्लादेश की तरफ से तंजिम हसन शकीब ने सबसे अधिक तीन विकेट चटकाए। जबकि तस्कीन अहमद, महमदुल्लाह और मुस्तफिजुर रहमान को एक-एक विकेट मिला।

हॉकी इंडिया लीग पुरुष नीलामीः 550 से अधिक खिलाड़ियों की लगेगी बोली

400 से अधिक घरेलू और 150 से अधिक विदेशी पुरुष खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए कराया पंजीकरण

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया लीग का बहुप्रतीक्षित 2024 संस्करण रविवार को नई दिल्ली में पुरुषों की नीलामी के साथ शुरू होने वाला है। इस साल के अंत में राउरकेला में हॉकी इंडिया लीग शुरू होने पर आठ पुरुष टीमों में से एक में शामिल होने का मौका पाने के लिए 400 घरेलू और 150 से अधिक विदेशी पुरुष खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। प्रत्येक टीम के पास खिलाड़ियों को चुनने के लिए 4 करोड़ का पर्स होगा, जिन्हें अगले दो दिनों में तीन बेस प्राइस स्लैब 2 लाख, 5 लाख और 10 लाख के तहत वर्गीकृत किया गया है। नीलामी में हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह मनदीप सिंह, संजय, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, अभिषेक, कृष्ण बी पाठक, सुमित, विवेक सागर प्रसाद जैसे सितारे शामिल होंगे। इनके अलावा रूपिंदर पाल सिंह, बीरेंद्र लाकड़ा और धर्मवीर सिंह जैसे पूर्व भारतीय हॉकी दिग्गजों ने भी पंजीकरण कराया है। एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली दिल्ली स्थित टीम का नाम एसजी पाइपर्स रखा गया है। एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ महेश भूपति, हॉकी निदेशक पीआर श्रीजेश, मुख्य कोच ग्राहम रीड और सहायक कोच शिवेंद्र सिंह के साथ नीलामी में टीम का नेतृत्व करेंगे। एम एंड सी प्रॉपर्टी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली तमिलनाडु स्थित टीम को तमिलनाडु ड्रैगन्स कहा जाएगा। सीएमडी श्री जोस चार्ल्स मार्टिन, श्री जोसेफ सेलवन, श्री रीन वान ईजक और श्री चार्ल्स डिक्सन के साथ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड ने कोलकाता स्थित टीम का नाम श्राची रारह बंगाल टाइगर्स रखा है। श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड के नीरज ठाकुर और सौरव सिकदर के साथ जगराज सिंह, रोमेश पठानिया, अभिषेक शर्मा, दीपक ठाकुर और एड्रियन डिसूजा भी होंगे। हैदराबाद स्थित टीम, जिसका स्वामित्व रेसोल्यूट स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। लिमिटेड, को हैदराबाद तूफान कहा जाएगा। आलोक सांघी, एमडी के साथ सिद्धांत गौतम, महाप्रबंधक और टीम निदेशक सिद्धार्थ पांडे, प्रमुख कोच पाशा गैडमैन, सहायक कोच एमिली काल्डेरन और संजय बीर और वैज्ञानिक सलाहकार रॉबिन आर्केल होंगे।

यदु स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली लखनऊ स्थित टीम का नाम यूपी रुद्र रखा गया है। पॉल वान ऐस, थॉमस टिचेलमैन और सेड्रिक डिसूजा यूपी रुद्राज के लिए कोचिंग सेट अप का हिस्सा होंगे। जेएसडब्ल्यू पंजाब और हरियाणा का स्वामित्व जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के पास है। उनकी टीम में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीओओ दिव्यांशु सिंह, अर्जुन हलप्पा, जेरोन बार्ट, सरदार सिंह, माइकल कॉस्मा और श्रीनिवास मूर्ति शामिल होंगे। ओडिशा टीम का स्वामित्व वेदांता लिमिटेड के पास है। वेदांता लिमिटेड के सुनील गुप्ता और मानसी चौहान टीम में करियप्पा बी.जे., डेविड जॉन और डॉ. एबी सुब्बैया के साथ शामिल होंगे। टीम गोनासिका, जो विशाखापत्तनम में स्थित है, का नेतृत्व तारिणी प्रसाद मोहंती करेंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया लीग एक पुनर्निर्मित लीग के रूप में अपना पहला कदम उठा रही है और हम वर्षों की योजना और कड़ी मेहनत के बाद इसे आगे बढ़ते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं।

नीलामी के कार्यक्रम

13 अक्टूबर, 2:30 अपराह्न (पुरुषों की नीलामी)
14 अक्टूबर, प्रातः 10:00 बजे (पुरुषों की नीलामी)
15 अक्टूबर, प्रातः 10:00 बजे (महिला नीलामी)

महिला टी20 विश्व कप

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 9 विकेट से हराया

एजेंसी

दुबई। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान पर 9 विकेट से जीत दर्ज करके महिला टी20 विश्व कप में अपनी लगातार 14वीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ग्रुप ए में शीर्ष पर अपनी जगह बनाए रखी। 83 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए गत विजेता टीम ने बेथ मूनी का विकेट जल्दी खो दिया। 36 के कुल स्कोर पर सादिया इकबाल ने बेथ मूनी को पवेलियन भेज पाकिस्तान को पहला झटका दिया। मूनी ने 15 गेंद पर 15 रन बनाए। दूसरे छोर पर हीली ने अपना आक्रमण जारी रखा, हालांकि 10वें ओवर में 69 के कुल स्कोर पर कप्तान एलिसा हीली एक तेज सिंगल लेते समय चोटिल हो गईं और रिटायर्ड हर्ट हों गईं। उन्होंने 23 गेंदों पर 37 रन बनाए। इसके बाद एलिस पेरी (22) और एश्ले गार्डनर (07) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और 11वें ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ऑस्ट्रेलिया को शुरूआत में तेज गेंदबाज तायला व्लामिनक के कंधे में चोट लगने से झटका लगा। बावजूद इसके ऑस्ट्रेलिया ने शुरूआती छह ओवरों में पाकिस्तान के केवल 23 रन पर दो विकेट चटका दिये।

एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024: अयहिका-सुतीर्था की जोड़ी ने पदक किया पक्का

मानुष, मानव अंतिम 16वें

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय पैडलर अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने शनिवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रहे एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महिला युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, इसी के साथ भारत का टूर्नामेंट में पदक पक्का हो गया है। हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली अयहिका और सुतीर्था की भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में. दक्षिण कोरिया की किम नायॉन्ग और ली यून्हे को 3-1 (10-12, 11-7, 11-9, 11-8) से हराया। यह एशियाई चैंपियनशिप में पोडियम पर पहुंचने वाली पहली अखिल भारतीय महिला युगल जोड़ी होगी। इससे पहले गूल नासिकवाला ने जापान की योशिको तनाका के साथ मिलकर महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था, जब तत्कालीन टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ एशिया ने 1952 में सिंगापुर में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया था। वर्ल्ड नंबर 15 अयहिका-सुतिर्था की जोड़ी रविवार को सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोटो और मियु किहारा से भिड़ेगी। पुरुष एकल में, मानुष शाह और मानव ठक्कर ने उच्च रैंकिंग वाले दक्षिण कोरियाई विरोधियों को चौंका दिया और 16वें राउंड में पहुंच गए।

व्यापार

इकोफाई, टीवीएस ने की समझौता

एजेंसी

नयी दिल्ली। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी इकोफाई ने तिपहिया वाहनों के लिए कर्ज उपलब्ध कराने के लिए टीवीएस मोटर कंपनी के साथ साझेदारी की घोषणा की है। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन को अपनाने में तेजी लाना और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना है। एवरसोर्स कैपिटल समर्थित इकोफाई हरित क्षेत्र के लिए वित्त पोषण उपलब्ध करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है।

टीवीएस मोटर कंपनी दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख वैश्विक कंपनी है। इस बारे में इकोफाई के सह-संस्थापक, प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजश्री नाम्बियार ने बयान में कहा, टीवीएस मोटर कंपनी के साथ यह साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। टीवीएस मोटर के मजबूत वितरण और नेटवर्क के साथ... हम यात्री और कार्गो इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों दोनों के लिए व्यापक वित्त पोषण समाधान पेश कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें चालू वित्त वर्ष में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है, जो हमारी विस्तार यात्रा में एक मील का पत्थर होगा। टीवीएस मोटर कंपनी के वाणिज्यिक वाहन के कारोबार प्रमुख रजत गुप्ता ने कहा, इकोफाई के साथ सहयोग करने से हमें अपनी विनिर्माण विशेषज्ञता को उनकी अभिनव वित्तीय सेवाओं के साथ जोड़ने का मौका मिलेगा। यह पर्यावरण अनुकूल परिवहन समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

एसबीआई की ऋण योजना के तहत सीमा बढ़ाने की योजना

नयी दिल्ली । भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) एमएसएमई क्षेत्र को आसानी से पर्याप्त कर्ज उपलब्ध कराने के लिए तत्काल ऋण योजना के तहत कर्ज सीमा को मौजूदा पांच करोड़ रुपये से बढ़ाने की योजना बना रहा है। एमएसएमई सहज डिजिटल इनवॉयसा वित्त पोषण योजना है। इसके तहत बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के 15 मिनट के भीतर ऋण के लिए आवेदन करने, दस्तावेज उपलब्ध कराने और स्वीकृत ऋण को जारी करने की सुविधा दी जाती है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने पीटीआई-से बातचीत में कहा, हमने पिछले साल पांच करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा के लिए एक डेटा आधारित मूल्यांकन शुरू किया था। हमारी एमएसएमई शाखा में आने वाले किसी भी व्यक्ति को केवल अपना पैन और जीएसटी आंकड़ों तक पहुंच की अनुमति देनी होगी। हम 15-45 मिनट में मंजूरी दे सकते हैं।

सर्राफा बाजार में तेजी, सोना और चांदी के भाव चढ़े

दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में आज आए उछाल के कारण देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये से लेकर 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,350 से लेकर 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजारों में भी तेजी आने की वजह से आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों- बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

संक्षिप्त खबरें

रुड़की-लक्सर रेल लाइन पर मिला गैस सिलेंडर

हरिद्वार। रुड़की-लक्सर रेलवे ट्रैक पर एक गैस सिलेंडर मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि सिलेंडर खाली था। घटना कल सुबह की है। लेकिन अधिकारियों ने यह जानकारी रविवार को सार्वजनिक की। भुचड़ी रेलवे स्टेशन के निकट ढंडेरा में लक्सर-रुड़की रेलवे ट्रैक पर एक खाली तीन किलोग्राम का गैस सिलेंडर पड़ा मिला। घटना के बाद आरपीएफ, जीआरपी व सुरक्षा बल तुरंत हरकत में आ गए। ट्रेक पर गैस सिलेंडर होने की जानकारी सबसे पहले एक मालगाड़ी चालक ने रेलवे सुरक्षा बल को दी, जिसके बाद एहतियातन आसपास भी रेलवे ट्रैक खंगाला गया, लेकिन दूसरी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। रेल प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। हरिद्वार के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) स्वप्न किशोर ने बताया कि रुड़की-लक्सर रेल मार्ग के बीच में तीन किलोग्राम का एक छोटा सिलेंडर पड़ा हुआ था, जिसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ व पुलिस की टीमें मौके पर पंहुची और सिलेंडर को कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया इसमें कोई साजिश नजर नहीं आ रही है, फिर भी मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के 3 वर्ष पूरे, प्रधानमंत्री ने की सराहना

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के 3 वर्ष पूरे होने की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के एक पोस्ट और मायगोव की एक थ्रेड पोस्ट को एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।'

भागवत 16 व 17 अक्टूबर को सूरत के दौरे पर

सूरत। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 16 एवं 17 अक्टूबर को सूरत के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे यहां कुछ कार्यक्रमों में शामिल होंगे। संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख विजय ठाकर ने रविवार को बताया कि डॉ. मोहन भागवत 16 अक्टूबर की शाम को सूरत आएंगे। वे 17 अक्टूबर को सुबह जैन आचार्य महाश्रमण से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे जैन समाज के एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। 17 अक्टूबर की शाम को वे पर्यावरण संबंधी एक गोष्ठी में उपस्थित रहेंगे। बाद में स्वामीनारायण संप्रदाय के संतों के साथ उनकी मुलाकात का कार्यक्रम भी है। देर शाम वे सूरत से प्रस्थान करेंगे।

बीएसएफ जवान ने खुद को मार ली गोली

श्रीनगर। कश्मीर के हंदवाड़ा जिला में पुलिस लाइन्स (डीपीएल) में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने रविवार को अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा कि बीएसएफ जवान को उसके सहकर्मियों ने गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया जिसके बाद उसे जिला अस्पताल हंदवाड़ा ले जाया गया जहाँ उसकी मौत हो गई। यह जवान जिसकी पहचान अभी गुप्त रखी गई है 127 बटालियन का हिस्सा है।

मुंबई सेंट्रल स्टेशन के पास लोकल ट्रेन के दो डिब्बे बेपटरी, कोई हताहत नहीं

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। इस ट्रेन में कोई यात्री नहीं था और यह कारशेड की ओर जा रही थी, इसलिए इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि दोपहर करीब 12.10 बजे एक लोकल ट्रेन प्लेटफार्म एक से कारशेड की ओर जा रही थी। लोकल के पीछे के दो डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए। इससे रेलवे डिब्बों के साथ रेलवे पटरी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मेंटेनेंस टीम मौके पर पहुंची। टीम का मरम्मत कार्य जारी है। इस घटना से प्लेटफार्म एक से जाने वाली लोकल सेवा प्रभावित हुई है। पश्चिमी रेलवे के अधिकारी इस हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं और यथाशीघ्र सामान्य रेल परिचालन बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उत्तराखंड में भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'काजिंद' संपन्न

एजेंसी

देहरादून/जोशीमठ। भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद-2024 का आठवां संस्करण रविवार को सूर्या विदेश प्रशिक्षण नोड, औली में संपन्न हुआ। इस दौरान संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा और आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना को लेकर अभ्यास किया गया।

यह अभ्यास 30 सितंबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया गया था। काजिंद अभ्यास भारत और कजाकिस्तान में वैकल्पिक रूप से आयोजित एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। पिछला संस्करण जुलाई, 2023 में कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। कुल 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन और भारतीय वायु सेना के अलावा अन्य सेवाओं के कर्मियों की ओर से किया गया था जबकि 60 कर्मियों वाली कजाकिस्तान टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से सैन्य बल, वायु रक्षा बल और एयरबोर्न असॉल्ट सैन्य कर्मियों की ओर से किया गया था।

अभ्यास काजिंद का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय आठ के तहत एक उप पारंपरिक परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना था। संयुक्त अभ्यास अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में संचालन पर केंद्रित था। संयुक्त प्रशिक्षण से जो उद्देश्य प्राप्त हुए उनमें उच्च स्तर की शारीरिक योग्यता, सामरिक स्तर पर संचालन के लिए अभ्यास और परिष्कृत अभ्यास और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना शामिल है।

अभ्यास के दौरान किए गए सामरिक अभ्यास में एक परिभाषित क्षेत्र पर कब्जा करने की कार्रवाई, आतंकवादी कार्रवाई का जवाब देना, एक संयुक्त आदेश चौकी की स्थापना, एक खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, एक हेलीपैड/लैंडिंग साइट की सुरक्षा, फ्री फॉल और विशेष हेलिबोर्न ऑपरेशन शामिल थे। अभ्यास में घेराबंदी और तलाशी अभियान के अलावा ड्रोन का इस्तेमाल और ड्रोन विरोधी प्रणाली का उपयोग भी शामिल रहा। संयुक्त अभ्यास ने दोनों देशों के सशस्त्र बलों के कर्मियों के बीच अंतर-संचालन और सौहार्द विकसित करने में मदद की। इससे रक्षा सहयोग का स्तर भी बढ़ा, जिससे दोनों मित्र राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती मिली है।

संयुक्त अभ्यास के समापन समारोह में कजाकिस्तान सेना के उप प्रमुख कर्नल डी खमितोव, कजाकिस्तान सेना के दक्षिणी कमान के क्षेत्रीय बल कमांडर कर्नल नुरलान करिबयेव और ब्रिगेडियर उपिंदर पाल सिंह, कमांडर 116 इन्फैंट्री ब्रिगेड ने मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

मुंबई। पूर्व मंत्री और राकांपा (एपी) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में शामिल तीसरे आरोपित की पहचान भी कर ली गई है। उसे पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस की चार टीमों को रवाना किया गया है। आरोपितों में एक का संबंध विश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। इसे देखते हुए फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

पुलिस के अनुसार शनिवार रात हमलावरों ने बांद्रा के खेरवाड़ी इलाके बाबा सिद्दीकी पर छह राउंड फायर किया था। इनमें से तीन गोलियां बाबा सिद्दीकी को लगी, जबकि एक गोली उनके सहयोगी को लगी। इसके बाद तत्काल घायल बाबा सिद्दीकी को लीलावती अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत हो गई थी। घटना में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की पहचान करनैल सिंह और धर्मराज कश्यप के रूप में की गई है। इस घटना में तीसरा आरोपित दूर से मॉनिटर कर रहा था, जो फरार है। उसकी पहचान शिवा के रूप में की गई है।

अब तक जांच में पता चला है कि आरोपित बाबा सिद्दीकी के कार्यालय और घर की एक महीने से रेकी कर रहे थे। इनमें से दो आरोपित कुर्ला में किराए के मकान में रह रहे थे। अब तक की छानबीन में पता चला है कि हत्या मामले में चार आरोपित शामिल हो सकते हैं।

मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फलसणकर ने रविवार सुबह घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद संयुक्त पुलिस आयुक्त देवेन भारती सहित वरिष्ठ अधिकारियों से बैठक के बाद इस हत्या मामले की छानबीन के चार टीमें गठित की गईं और चारों को उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों में भेज दिया गया है। क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दया नायक मामले की छानबीन कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म अभिनेता के आवास के बाहर फायरिंग की गई थी, इसलिए सलमान खान के बाहर भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

जानकारी के अनुसार बाबा सिद्दीकी ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार से अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी, इसलिए उन्हें मुंबई पुलिस की वाई स्तर की सुरक्षा दी गई थी। इसके बाद भी जहां बाबा सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर, जहां उनकी हत्या की गई वहां की स्ट्रीट लाइट बंद थी और सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। इसकी काफी चर्चा की जा रही है।

● सलमान खान के आवास पर भी बढ़ी सुरक्षा

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस ने हरियाणा और यूपी पुलिस से संपर्क किया

एजेंसी

मुंबई। पूर्व में और राकांपा (एपी) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम आने के बाद मुंबई पुलिस ने हरियाणा और यूपी पुलिस से संपर्क किया है। हरियाणा और यूपी पुलिस की एसटीएफ पकड़े गए दोनों संदिग्धों की गतिविधियों और उनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। इस बीच, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल भी बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच में शामिल हो गई है। दिल्ली पुलिस की एक टीम जांच के लिए मुंबई आएगी।

इस मामले में गिरफ्तार किया गया गुरमेल सिंह हरियाणा से और धर्मराज कश्यप उत्तर प्रदेश से हैं। इन दोनों ने बाबा सिद्दीकी के घर और दफ्तर की रेकी की थी और वे डेढ़ से दो महीने से मुंबई में रहकर उन पर नजर रख रहे थे। इस मामले का तीसरा आरोपित शिवकुमार गौतम उर्फ शिवा उत्तर प्रदेश के बहराइच का रहने वाला है, उसकी तलाश जारी है। मुंबई क्राइम ब्रांच की कई टीमें इस मामले की जांच कर रही हैं। घटना के संबंध में निर्मल नगर पुलिस स्टेशन में अपराध पंजीकरण संख्या 589/2024 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 109, 125 और 3(5) के साथ ही आर्म्स एक्ट की धारा 3, 25, 5 और 27 तथा महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा 37 और 137 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मुंबई क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों से पिछले 8 घंटों से पूछताछ कर रहे हैं। अब तक की जांच में पता चला है कि इन्हें इस काम के लिए पहले से पैसे दिए गए थे। साथ ही इनमें दो कुर्ला में किराये पर घर लेकर पिछले एक महीने से रह रहे थे। इनमें से शिव कुमार और धर्मराज कश्यप ने पुणे में स्क्रैप डीलर के रूप में भी काम किया था। दोनों आरोपितों का पुलिस ने मुंबई के जीटी अस्पताल में इलाज करवाया है और दोनों को कोर्ट में भेजने की तैयारी कर रही है।

नायब 17 अक्टूबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम तीसरी बार बदलाव के साथ अब तय हो गया है। नायब सैनी और उनके मंत्री अब 17 अक्टूबर को पंचकूला में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रमुख नेता भी मौजूद रहेंगे।

इससे पहले 12 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह के लिए परिवहन विभाग द्वारा सभी जिलों में रोडवेज महाप्रबंधकों को पत्र जारी करते हुए बसों की व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए थे। इसके बाद कार्यक्रम में बदलाव हुआ और पंचकूला में 15 अक्टूबर को आयोजित करने की बात कही गयी। हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की तरफ से शुक्रवार को एक पत्र जारी करके पंचकूला के जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में एक आयोजन कमेटी का गठन तक कर दिया गया था। यह कमेटी अपने कार्यों में जुटी हुई थी। इस बीच शनिवार को फिर से कार्यक्रम में बदलाव करते हुए अब 17 अक्टूबर को शपथ ग्रहण रखा गया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने इस कार्यक्रम के आयोजन की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की स्वीकृति मिलने के बाद ही पंचकूला में यह कार्यक्रम तय किया जा रहा है।

लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हमले के विरोध में भारत

34 देशों के साझा बयान को दिया समर्थन

एजेंसी

बेरुत। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में अपने सैनिक भेजने वाले 34 देशों ने शांति सैनिकों पर इजरायली हमलों की निंदा करते हुए शनिवार को संयुक्त बयान जारी किया। भारत ने इस संयुक्त बयान को पूरा समर्थन देते हुए कहा है कि वह पूरी तरह इसके साथ है। भारत के 903 सैनिक यूएनआईएफआईएल के तहत लेबनान में तैनात हैं।

इसराइल-लेबनान सीमा पर बिगड़ते हालात को लेकर भारत ने चिंता जाहिर करते हुए इसराइली कार्रवाई के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के बयान पर अपनी सहमति जताई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने एक्स पोस्ट में लिखा कि 'एक प्रमुख सैनिक योगदान देने वाले देश के तौर पर भारत, 34 सैन्य योगदान देने वाले देशों की तरफ से जारी संयुक्त बयान से पूरी तरह से सहमत है।' शांति सैनिकों की सुरक्षा को सबसे अहम मानते हुए भारत ने कहा है कि इसे मौजूदा यूएनएससी प्रस्तावों के हिसाब से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि दक्षिणी लेबनान में इजरायल-हिजबुल्लाह बीच चल रही जमीनी संघर्ष में नकौरा स्थित यूएनआईएफआईएल मुख्यालय पर भी हमले हुए। इन हमलों में कम से कम पांच शांति सैनिक घायल हुए हैं। इजरायली ने भी स्वीकार किया है कि उसके हमले में शांति सैनिक घायल हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल से लेबनान में शांति सैनिकों पर गोलीबारी बंद करने की अपील की है।

शांति सैनिकों के बल में दर्जनों देशों के करीब 10 हजार सैनिक हैं जिनमें दूसरी सर्वाधिक संख्या भारतीय सैनिकों की है। इसमें करीब 900 भारतीय सैनिक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले एक साल में हमास व हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर भारत ने बेहद संतुलित रूप से फैसला लिया है लेकिन शांति सैनिकों पर हमले के बाद भारत का स्टैंड अलग दिख रहा है।

सिद्दीकी हत्या मामले में शिंदे, फडणवीस दें इस्तीफा : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि महाराष्ट्र में कड़ी सुरक्षा से लैस पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या गंभीर मुद्दा है और इस मामले में राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा देना चाहिए।

कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी तथा पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाबा सिद्दीकी को वाई श्रेणी की सुरक्षा हासिल थी, इसके बावजूद सुरक्षा में सेंध लगाकर उनकी हत्या की गई है, जो अत्यंत गंभीर है।

उन्होंने कहा, 'बाबा सिद्दीकी को सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया। ये वारदात किसी सुनसान बीहड़ की नहीं बल्कि मुंबई के बांद्रा की है। बाबा सिद्दीकी तीन बार के विधायक और पूर्व मंत्री थे। उन्हें वाई लेवल की सिक्योरिटी मिली हुई थी इसके बावजूद उनकी हत्या कर दी गई। सवाल है कि यदि वाई लेवल की सिक्योरिटी से लैस व्यक्ति के साथ ऐसा हो सकता है तो आम आदमी का क्या होगा।' कांग्रेस नेताओं ने कहा, 'आज महाराष्ट्र की महायुति सरकार में हर व्यक्ति डर के साए में जी रहा है। डबल इंजन सरकार का दावा करने वाले गृह मंत्री खामोश हैं। देश में कल विजयदशमी का त्योहार था, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, लेकिन महाराष्ट्र में कल जो हुआ वो सबने देखा।

समुद्री अभ्यास बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'मालाबार' के बंदरगाह चरण में शामिल हुईं चारों नौसेनाएं

क्वाड देशों ने समुद्री सहयोग मजबूत करने पर दिया जोर

एजेंसी

नई दिल्ली। क्वाड देशों की नौसेनाओं ने विशाखापट्टनम में चल रहे बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'मालाबार' के बंदरगाह चरण में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपसी समुद्री सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की है। भारत की मेजबानी में ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के नौसेना प्रमुखों ने हिंद-प्रशाते और मालाबार के भविष्य के संस्करणों में आपसी नौसैनिक अंतर-संचालन और समुद्री सहयोग बढ़ाने पर मंथन करके समुद्री सहयोग बढ़ाने, आपसी सौहार्द्र का निर्माण करने और परिचालन तालमेल को बढ़ाने पर जोर दिया है।

पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर, यूएस प्रशांत बेड़े के कमांडर एडमिरल स्टीफन कोहलर, जापान के सेल्फ डिफेंस फ्लीट के कमांडर-इन-चीफ वाइस एडमिरल कात्सुशी ओमाची और ऑस्ट्रेलियाई बेड़े के कमांडर रियर एडमिरल क्रिस स्मिथ के नेतृत्व में कई गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका की नौसेनाएं विशाखापट्टनम में विभिन्न सहयोगी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल हैं। इन गतिविधियों में प्रमुख नेतृत्व सहभागिता (केएलई), विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान (एसएमईई), क्रॉस-डेक दौरे, खेल कार्यक्रम और नौकायन से पहले की चचाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य समुद्री सहयोग को बढ़ाना, सौहार्द्र का निर्माण करना और परिचालन तालमेल को बढ़ावा देना है।

क्वाड देशों की नौसेनाओं के बीच बातचीत ने समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने और समुद्री संचालन में साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सहयोग के महत्व को उजागर किया है। आपसी सहयोग को और मजबूत करते हुए विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान और क्रॉस-डेक यात्राओं ने भाग लेने वाले देशों को गहन जुड़ाव और समझ को बढ़ावा देने की दिशा में ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने के लिए मूल्यवान अवसर प्रदान किए हैं। ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के दल ने मैत्रीपूर्ण खेल मुकाबलों में भाग लिया, जिससे टीमों के बीच सौहार्द्र को और मजबूती मिली।

रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया

बंदरगाह चरण में समुद्र से लेकर मैदानों तक टीमवर्क और दोस्ती की भावना ने 'स्ट्रॉन्गर टुगेदर' की थीम को मूर्त रूप दिया। सभी प्रतिभागियों ने एक साथ यादगार रात्रि भोज का भी आनंद लिया, जिसमें भारतीय व्यंजनों के समृद्ध स्वाद ने नौसेनाओं के बीच सांस्कृतिक परिचय को बढ़ाने के लिए मंच तैयार किया। मालाबार अभ्यास का बंदरगाह चरण समाप्त होने के करीब है, इसलिए पूर्व-नौकायन चर्चाएं केंद्रीय स्तर पर आ गई हैं, जिसमें 14 अक्टूबर से निर्धारित बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण के दौरान अधिकतम परिचालन तालमेल सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की मौत पर राहुल गांधी का केंद्र पर निशाना

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय है और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की ज़िंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है?

राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर- गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत का उदाहरण दिया। उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए राहुल ने कहा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही है। उन्होंने पूछा कि क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की ज़िम्मेदारियां और बलिदान समान हैं तो उनके शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों?

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 14 अक्टूबर 2024

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी असंतृप्त वसा

कम कार्बोहाइड्रेट या कम वसा वाले भोजन के जुनून वाले इन दिनों में, यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमारा शरीर वसा के बिना जीवित नहीं रह सकता। वसा सिर्फ ईंधन का एक प्रमुख स्रोत नहीं है, बल्कि यह वसा में घुलनशील विटामिन जैसे कुछ पोषक तत्वों को अवशोषित करने में भी मदद करता है

हमारे देश में हृदय से संबंधित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। देश भर में कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हर साल ढाई करोड़ लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। ये बीमारियां दुनिया में किसी भी देश की तुलना में भारतीयों को बहुत जल्द प्रभावित कर रही हैं। भारत में दिल के मरीज की औसत आयु अमेरिका में 70 से 80 वर्ष की तुलना में बहुत कम 50 से 60 वर्ष है। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, तनाव, शारीरिक व्यायाम की कमी, मोटापा और खराब आहार- अधिक से अधिक लोगों में कार्डियोवैस्कुलर यानी दिल की समस्याएं पैदा कर रही है। रक्तचाप के ऊंचे स्तर के अलावा, उच्च कोलेस्ट्रॉल हृदय रोग के लिए एक बड़ा जोखिम भरा कारक है। रक्त में घूम रहे कॉलेस्ट्रॉल का उच्च स्तर धीरे- धीरे धमनियों की दीवारों में जमा होने लगता है, उन्हें संकरा कर देता है और हृदय में रक्त प्रवाह को कम कर दिल के दौरा पैदा करता है। निवारक स्वास्थ्य सेवा हृदय रोगों को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है। यदि लोगों को मोनो असंतृप्त वसीय अम्लों (मुफा : एमयूएफए), पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड (पुफा : पीयूएफए), संतृप्त वसा और हमारे स्वास्थ्य में इनकी भूमिका के बारे में पता होगा तो कोलेस्ट्रॉल को कम करना किसी के लिए मुश्किल नहीं है। मोनोअनसेचुरेटेड फैटी एसिड्स और पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड्स जैसे स्वस्थ वसा कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करते हैं और हमारे दिल की रक्षा करते हैं।

कम कार्बोहाइड्रेट या कम वसा वाले भोजन के जुनून वाले इन दिनों में, यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमारा शरीर वसा के बिना जीवित नहीं रह सकता। वसा सिर्फ ईंधन का एक प्रमुख स्रोत नहीं है, बल्कि यह वसा में घुलनशील विटामिन जैसे कुछ पोषक तत्वों को अवशोषित करने में भी मदद करता है। वसा दो प्रकार के होते हैं – संतृप्त और असंतृप्त वसा। मक्खन या नारियल के तेल जैसे संतृप्त वसा में कमरे के तापमान पर ठोस हो जाने की प्रवृत्ति होती है। जैतून के तेल या कनोला तेल जैसे असंतृप्त वसा में कमरे के तापमान पर भी तरल रहने की ही प्रवृति होती है। असंतृप्त वसा भी दो प्रकार के होते है - मुफा (मोनो अनसैचुरेटेड फैटी एसिड) और पुफा (पलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड)।

सेहत के लिए फायदेमंद

अधिकांश भारतीय आजकल डेयरी उत्पादों, मांस और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से बहुत अधिक वसा और कोलेस्ट्रॉल का सेवन कर रहे हैं। दिल्ली स्थित फोर्टिस अस्पताल के न्यूट्रिशनिस्ट एवं वेट लॉस कंसल्टेंट डॉ. सिमरन सैनी के मुताबिक "अच्छे स्वास्थ्य के लिए सही उपाय सही मात्रा में सही वसा खाना है। हालांकि हमें अपने आहार में संतृप्त और असंतृप्त दोनों प्रकार की वसा की जरूरत होती है, लेकिन हमें असंतृप्त वसा का ही अधिक सेवन करना चाहिए। हम रोजाना जितनी कैलोरी का सेवन करते हैं उनमें से करीब 20 से 30 प्रतिशत कैलारी ही हमें वसा से लेनी चाहिए। हालांकि, संतृप्त वसा इसमें से 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।'

संतृप्त वसा और ट्रांस वसा (हाइड्रोजनित तेल और मक्खन में मौजूद) हमारे शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) के स्तर को बढ़ा सकते हैं। उन्हें असंतृप्त वसा से स्थानापत्र करना दिल के अच्छे स्वास्थ्य और समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। मक्खन को नकली मक्खन या फैट स्प्रेड्स जैसे अधिक संतृप्त वसा वाले उत्पादों को कम वसा वाले विकल्प के साथ स्थानापत्र करना, आहार में अधिक मुफा और पुफा वाले उत्पादों को शामिल करना और मांस से वसा को कम करना – हानिकारक संतृप्त फैटी एसिड के हमारे सेवन को कम करने का एक शानदार तरीका है। मुफा और पुफा जैसे असंतृप्त वसा को स्वस्थदायक वसा माना जाता है। मुफा विटामिन ई से भरपूर होते हैं जो शरीर की कोशिकाओं को विनष्ट होने से बचाती है। मूंगफली बटर, मूंगफली तेल, नट, जैतून का तेल, कनोला तेल, और सूरजमुखी तेल मुफा के अच्छे स्रोत हैं।

पुफा दो प्रकार के होते हैं – ओमेगा- 6 फैटी एसिड और ओमेगा- 3 फैटी एसिड। ये सोयाबीन, मक्का और सैफ्लावर, फ्लेक्स और सूरजमुखी जैसे बीज, अखरोट, सोया दूध, और टूना, सैलमॉन और सार्डिन्स जैसी वसायुक्त मछलियों जैसे तेल में पाये जाते हैं।

शाकाहारी लोगों के लिये फ्लैक्ससीड अथवा फ्लैक्ससीड तेल सहित हरी पत्तेदार सब्जियों, सोयाबीन, राजमा जैसे सेम और अखरोट जैसे नट्स, चावल की भूसी, कैनोला और सोयाबीन के तेल फैटी वसा के प्रमुख स्रोत हैं।

ओमेगा 3 : चमत्कारी पोषक तत्व

डॉ. सिमरन सैनी के अनुसार ओमेगा -3 फैटी एसिड को चमत्कारिक पोषक माना जाता है जिसमें हर तरह के लाभ निहित होते हैं। यह तीन वसा – एएलए, ईपीए और डीएचए के समूह को बनाते हैं। ये मेटाबॉलिज्म के लिये जरूरी होते हैं तथा रक्त के थक्के को नियंत्रित करते हैं। ये हमारे शरीर में सूजन को कम करने में मदद करते हैं तथा हमें हृदय रोग, कैंसर, सूजन आंत्र रोग और गठिया से बचाने में मददगार होते हैं। ओमेगा -3 फैटी एसिड बुरे (एलडीएल) कोलेस्ट्रॉल और हमारे रक्त प्रवाह में घूमने वाली ट्राइग्लिसराइड्स की मात्रा कम करते हैं। इनसे मानसिक स्वास्थ्य में भी लाभ पहुंचता है। ओमेगा 3 अवसाद और मानसिक थकान में भी फायदेमंद है। शाकाहारी लोगों के लिये फ्लैक्ससीड अथवा फ्लैक्ससीड तेल सहित हरी पत्तेदार सब्जियों, सोयाबीन,राजमा जैसे सेम, अखरोट जैसे नट्स, चावल की भूसी, कैनोला और सोयाबीन के तेल फैटी वसा के प्रमुख स्रोत हैं।

त्वचा रोगों से पाए छुटकारा

आम तौर पर त्वचा रोगों से कई लोग परेशान हैं। ज्यादातर लोग कई तरह की क्रीम लगाकर, दवाएं खाकर परेशान होते हैं इसके बावजूद भी उन्हे ज्यादा लाभ नही होता। हम जो आपको नुस्खे बता रहे हैं, उन्हें आजमाकर आप त्वचा रोगों से काफी हद तक छुटकारा पा सकते हैं।

- सोरीयेसीस – इसमें त्वचा लालिमा युक्त, फटी हुई एवं स्केली हो जाती है।
- स्किन ब्लिस्टर- लालिमायुक्त, खुजली करने वाले, वेदनायुक्त किसी भी आकार के फफोले होते हैं।
- रोसेकी -चेहरे पर अचानक सुर्ख ,लाल रेखाएं,पिम्पल्स या पस्च्युल्स बनना इसके लक्षण होते हैं।

इसके अलावा ड्राई स्किन, रिंग वर्म, एक्जीमा आदि अनेक समस्याएं स्किन से जुडी हो सकती है। आप यह जानकर आश्चर्य में पड़ जायेंगे के स्किन कैंसर सबसे कामन कैंसर है।

उपचार

तुलसी का रस, पुदीने का रस, चन्दन का पाउडर एवं गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगायें तथा १५-२० मिनट बाद चेहरे को धो लें। पानी पर्याप्त मात्रा में पीएं,रक्त शोधक प्राकृतिक औषधी जैसे खदिर, नीम, हल्दी आदि का सेवन करें निश्चित लाभ मिलेगा।

- हल्दी एक चम्मच एवं नीबू का रस एक चम्मच लेकर पिम्पल्स वाली जगह पर लगायें।
- हल्दी के पाउडर को शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें तथा इसे रात में सोने से पहले प्रभावित हिस्से में लगायें, सुबह इसे धो लें और ऐसा लगातार दो सप्ताह तक करें, आपको पिम्पल्स से निजात मिल जाएगी।
- कच्चा पपीता बीज सहित जूस बनाकर पिम्पल्स पर लगायें, निश्चित लाभ मिलेगा।
- एक भाग गुलाब जल, एक भाग नीबू का रस मिलाकर पिम्पल्स पर लगायें २०-३० मिनट छोड़ दें, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें यह भी काफी फायदेमद घरेलु उपचार है।

दाग-धब्बों से निजात पाने के लिए

- चावल का आटा, जौ का आटा दरदरा पीस कर दूध में भिगोकर हल्के हाथों से चेहरे पर मसाज करें, इसके अलावा पानी का भाप चेहरे पर लें आपको इस समस्या से छुटकारा मिलेगा।
- एक भाग नीबू का रस एवं एक भाग मूंगफली का तेल मिलाकर प्रभावित हिस्से में लगायें, ब्लैक हेड्स को ठीक करने के लिए यह अचूक नुस्खा है।
- केवल उबले दूध में नीबू का रस मिलाकर भी चेहरे पर लगाने से ब्लैक हेड्स एवं क्रेक (फटी हुई) स्किन में लाभ मिलता है।
- कच्चे आलू को ग्राईंड कर पिम्पल्स,व्हाईट हेड्स या ब्लैक हेड्स पर लगायें और देखें इसका फायदा।
- अनानास के छिलके का पाउडर भुनकर पेस्ट बनाएं और नीबू के रस के साथ मिलाकर चेहरे पर लगायें आपको व्हाईट हेडस से मुक्ति मिल जाएगी।
- सहिजन की फली और पत्तियों का पेस्ट बनाकर आप यदि चेहरे पर लगायें तो व्हाईट हेड्स, ब्लैक हेड्स एवं पिम्पल्स सभी में लाभ मिलता है।
- नीबू का रस समान भाग पानी के साथ मिलाकर घोल तैयार कर चेहरे पर लगाएं, अब पहले गुनगुने पानी से फिर ठन्डे पानी से चेहरे को धोएं आपको निश्चित लाभ मिलेगा।

झुर्रियों के लिए

- अंडे के पीले हिस्से (योक) को सप्ताह में एक बार चेहरे पर लगायें।
- शहद, ओलिव आयल को नित्य चेहरे पर लगाना अत्यंत फायदेमंद रहेगा। पानी और दूध खूब पीयें, योग एवं प्राणायाम का अभ्यास नित्य करें, आपकी त्वचा झुर्रियों से मुक्त हो जायेगी, आप किसी भी प्राकृतिक मइस्चराईजर का प्रयोग कर सकते है।
- चेहरे पर आये एक बड़े तिल से निजात पाने के लिए हल्दी एवं खाने वाला चूना तिल के ऊपर लगाकर रात भर छोड़ दें, यह अपने आप ही गिर जाएगा।
- टायफायड ठीक होने के बाद चेहरे पर दाग से छुटकारे के लिए प्रोटीन एव विटामिन -ई युक्त आहार का सेवन करें।
- नीबू एवं संतरे के छिलकों को सुखा लें इनका पाउडर बनाकर गुलाब जल एवं दही के साथ मिलाकर सामान्य दाग धब्बों वाले हिस्से में लगायें, निश्चित ही लाभ मिलेगा।

खूबसूरत रहना है तो करें ये व्यायाम

व्यायाम करना तन व मन के कईरोगों से दूर रखता है। लेकिन कुछ आसन ऐसे भी हैं, जो न सिर्फ शरीर को शेप में रखते हैं, बल्कि चेहरे का निखार भी बढ़ाते हैं। ऐसे ही कुछ आसन जो हमारी बूढ़ा दिखने की गति को धीमा करते हैं, जानें योगाचार्य कौशल कुमार से



सर्वांगासन

पीठ के बल जमीन पर लेट जाएं। दो गहरे सांस लें और छोड़ें। दोनों पैरों को जमीन से धीरे-धीरे 90 डिग्री तक ऊपर उठाएं। फिर कूल्हे को हल्का-सा जमीन के ऊपर उठा कर हाथों से कमर को सहारा देते हुए पैर तथा धड़ को गर्दन पर सीधा रखते हुए क्षमतानुसार रुकें। पैर व धड़ बिल्कुल सीधा रखें। शुरुआत में दस सेकेंड तक रुकें। अभ्यास से 5 मिनट तक ले आएं।

न करें: उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, स्लिप डिस्क व थाइरॉएड के रोगी।

उपासन: इसके साथ इतनी ही अवधि के लिए सुप्त वज्रासन, मत्स्यासन, उष्ट्रासन जरूर करें।

सुप्त वज्रासन

घुटने के बल जमीन पर बैठें। दोनों पैर की एड़ियों के मध्य नितंब को रखें। दो गहरे सांस लें और छोड़ें। दोनों हाथों को पीठ के पीछे जमीन पर रखते हुए शरीर को धीरे-धीरे पीछे झुका कर सिर को जमीन तक ले आएं। फिर सिर का ऊपरी भाग जमीन पर रखें तथा दोनों हाथों को पेट पर रखें। आरामदायक अवधि तक रुकते हुए वापस पूर्व स्थिति में आएं। शुरु में 15 सेकेंड तक रुकें। बाद में 4 से 5 मिनट तक कर सकते हैं।

लाभ: शरीर सुडौल व ऊर्जावान होता है। सौंदर्य में वृद्धि होती है। नितंब, जांघ व पेट की चर्बी घटती है। चेहरे की झुर्रियां भी दूर होती हैं।



त्रिकोणासन

सीधे खड़े हो जाएं। दोनों पैरों के बीच लगभग 3 से 4 फुट का अंतर रखें। दोनों हाथों को कंधों की ऊंचाई तक अगल-बगल उठाएं। अब ऊपरी धड़ को दायीं ओर इस तरह झुकाएं कि दायां हाथ दाएं पैर के पंजे पर आ जाए व बायां पैर बाएं कान के पास सीधा ऊपर की ओर हो। दृष्टि बाएं हाथ के पंजे पर रखें। घुटने मुड़ने न पाएं। कुछ देर रुकें और फिर पूर्व स्थिति में लौट आएं। इसे दूसरी तरफ से भी करें।



लाभ: यह आसन शरीर के सामने वाले हिस्से के सभी अंगों की मांसपेशियों, नसों व हड्डियों को मजबूत करता है। किडनी प्रक्रिया दुरुस्त होती है।

कपालभाति प्राणायाम

ध्यान की किसी भी मुद्रा यानी पद्मासन, सिंहासन या कुर्सी पर रीढ़, गला व सिर को सीधा करके बैठ जाएं। दो गहरे सांस लें व छोड़ें। इसके बाद नासिका द्वारा एक हल्के झटके के साथ सांस बाहर निकालें और नाक से सहज श्वास अंदर लें। यह एक आवृत्ति है। शुरुआत में इसे 25 से 30 बार करें। धीरे-धीरे नियमित व लगातार करें।

न करें: उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, स्लिप डिस्क, हाइपरथाइरॉएड व अधिक एसिडिटी से पीड़ित।

लाभ: विषाक्त तत्व बाहर निकलते हैं। प्राण वायु का संचार होता है। सौंदर्य में वृद्धि होती है। झुर्रियां व धब्बे दूर होते हैं। मोटापा कम करने में मदद मिलती है।

नाड़ी शोधन प्राणायाम

नाड़ी शोधन प्राणायामों का राजा माना जाता है। यह मन की स्थिरता में वृद्धि करता है। इससे सौंदर्य के साथ-साथ सर्वांगीण विकास होता है।

विधि: ध्यान मुद्रा या कुर्सी पर सीधे बैठें। दो गहरे सांस लें व छोड़ें। इसके बाद दाएं हाथ के अंगूठे को दायीं नासिका पर रखते हुए बायीं ओर से गहरी, लंबी व धीमी सांस अंदर लें। अब बायीं नासिका को दायीं कनिष्ठा से बंद कर, दायीं नासिका से गहरी, धीमी व लंबी श्वास बाहर निकालें। फिर इसी दायीं नासिका से सांस भर कर बायीं नासिका से बाहर निकालें। यह नाड़ी शोधन प्राणायाम का एक चक्र है। शुरू में 6 से 12 बार इसे करें। धीरे-धीरे संख्या 36 से 72 तक ले जाएं।

अदरक हर मौसम में करें असर

अदरक व सौंठ हर मौसम में, हर घर के रसोई घर में प्रायः रहते ही है। इनका उपयोग घरेलु इलाज में किया जा सकता है। भोजन से पहले अदरक को चिप्स की तरह बारीक कतर लें। इन चिप्स पर पिसा काला नमक बुरक कर खूब चबा-चबाकर खा लें फिर भोजन करें। इससे अपच दूर होती है, पेट हलका रहता है और भूख खुलती है। अदरक का एक छोटा टुकड़ा छीले बिना (छिलके सहित) आग में गर्म करके छिलका उतार दें। इसे मुँह में रख कर आहिस्ता-आहिस्ता चबाते चूसते रहने से अन्दर जमा और रुका हुआ बलगम निकल जाता है और सर्दी-खाँसी ठीक हो जाती है। सौंठ को पानी के साथ घिसकर इसके लेप में थोड़ा सा पुराना गुड़ और ५-६ बूंद घी मिलाकर थोड़ा गर्म कर लें। बच्चे को लगने वाले दस्त इससे ठीक हो जाते हैं। ज्यादा दस्त लग रहें हों तो इसमें जायफल घिसकर मिला लें। अदरक का टुकड़ा छिलका हटाकर मुंह में रखकर चबाते-चूसते रहें तो लगातार चलने वाली हिचकी बन्द हो जाती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* (* पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741